राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

सफलता का 5वां वर्ष

# जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा अब बरेली मुरादाबाद मंडल में मात्र 5/- में

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित  www.jagranmorcha.com  जन-जन की आवाज

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 35 | बुधवार 18 मार्च 2026 | चैत्र कृष्ण त्रयोदशी विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ : 10+2=12 | मूल्य : 05 रूपया



# सास-साले का कातिल 'बौरा' एनकाउंटर में ढेर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** इज्जतनगर के रहपुरा चौधरी में दोहरे हत्याकांड से दहशत फैलाने वाले आरोपी अफसर उर्फ 'बौरा' का मंगलवार सुबह पुलिस ने अंत कर दिया। सहारा ग्राउंड के पास हुई मुठभेड़ में आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की, लेकिन जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से ढेर हो गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एनकाउंटर के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

### घेराबंदी में फंसा तो पुलिस पर झोंक दी गोलियां

दोहरे हत्याकांड के बाद से फरार आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर पांच टीमें गठित की गई थीं। मंगलवार सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सहारा ग्राउंड के पास उसकी घेराबंदी की। खुद को घिरा देख आरोपी ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में वह गोली लगने से घायल होकर गिर पड़ा।



घटनास्थल पर मौजूद एसएसपी, एसपी सिटी समेत अन्य अधिकारी।

### पंचायत में चाकू से बरपाया था कहर

सोमवार को रहपुरा चौधरी में पारिवारिक विवाद सुलझाने के लिए पंचायत बुलाई गई थी। इसी दौरान अफसर अचानक उग्र हो गया और उसने पत्नी सायमा, सास आसमा और साले आदिल पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में सास और साले की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया था।

### सीसीटीवी में कैद हुआ खौफनाक सच

पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज कर दी थी।



घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाती फोरेंसिक टीम, जांच जारी।

वीडियो में आरोपी की बर्बरता साफ दिखाई दी, जिसने पूरे इलाके में खौफ का माहौल पैदा कर दिया।

### 16 साल में शुरू हुआ अपराध का सफर

अफसर खां का आपराधिक इतिहास भी खौफनाक रहा है। महज 16 साल की उम्र में उसने अपने सगे मामा की चाकू से हत्या कर दी थी। इस मामले में वह जेल भी गया था। जेल से बाहर आने के बाद भी उसका व्यवहार नहीं बदला और हिंसक प्रवृत्ति बनी रही। यही वजह रही कि वर्षों बाद उसने एक बार फिर रिश्तों को खून में डुबो दिया।

### प्रेम विवाह भी नहीं बचा सका रिश्ता

साल 2017 में अफसर ने अपनी चचेरी बहन सायमा से प्रेम विवाह किया था, लेकिन समय के साथ दोनों के बीच विवाद बढ़ता गया। घर के झगड़े, मारपीट और तनाव लगातार जारी रहा। परिजनों के मुताबिक आरोपी अक्सर शराब के नशे में पत्नी को प्रताड़ित करता था।



आरोपी मृतक अफसर खां।

### पंचायत बनी कत्लगाह, बिखर गया परिवार

रविवार को विवाद बढ़ने के बाद सोमवार को पंचायत बुलाई गई थी, ताकि मामला सुलझाया जा सके। लेकिन बातचीत के दौरान अचानक माहौल बिगड़ गया और आरोपी ने चाकू निकालकर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। कुछ ही मिनटों में पंचायत कत्लगाह में बदल गई और पूरा परिवार तबाह हो गया।

### पुलिस का दावा: आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपी को पकड़ने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें वह घायल हुआ और बाद में उसकी मौत हो गई।

### गांव में सन्नाटा लोगों में दहशत

एनकाउंटर के बाद गांव और आसपास के इलाके में सन्नाटा पसरा है। ईद से पहले हुई इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। लोग अभी भी इस खौफनाक घटनाक्रम से उबर नहीं पाए हैं। रिश्तों के बीच पनपा विवाद किस तरह खून में बदल गया, यह सोचकर हर कोई सहमा हुआ है।

## पैकिंग चार्ज पर केएफसी को झटका

**बरेली।** खाद्य सामग्री मंगाने पर पैकेजिंग चार्ज वसूलना केएफसी को महंगा पड़ गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वितीय ने मॉल स्थित केएफसी को दो मामलों में 45 दिनों के भीतर 37-37 रुपये पैकेजिंग शुल्क वापस करने के साथ 25-25 हजार रुपये क्षतिपूर्ति और 10-10 हजार रुपये वाद व्यय देने का आदेश दिया है।

जगतपुर निवासी शमा परवीन ने अधिवक्ता मोहम्मद इस्लाम के माध्यम से वाद दायर कर बताया कि उन्होंने 15 फरवरी 2023 और 2 अगस्त 2023 को जोमैटो ऐप के जरिए केएफसी से खाना ऑर्डर किया था। बिल में 37 रुपये पैकेजिंग चार्ज जोड़ा गया, जबकि ऑनलाइन ऑर्डर में पैकिंग सेवा शामिल मानी जाती है।

आयोग ने इसे उपभोक्ता सेवा में कमी और अनुचित वसूली मानते हुए केएफसी के खिलाफ फैसला सुनाया।

# ट्रक ने होमगार्ड को कुचला

- चार महीने बाद होना था रिटायरमेंट, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर नो एंट्री में घुसे तेज रफ्तार ट्रक ने ड्यूटी के लिए जा रहे होमगार्ड को रौंद दिया। मौके पर ही मौत ने पूरे इलाके को सन्न कर दिया। हादसे के बाद ट्रैफिक पुलिस पर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी रुपये लेकर भारी वाहनों को नो एंट्री में जाने देते हैं।

हार्टमैन रामलीला गोटिया निवासी 59 वर्षीय रमेश गिरी रोज की तरह मंगलवार को भी साइकिल से जजी कॉलोनी ड्यूटी के लिए निकले थे। कर्मचारी नगर चौकी के पास पहुंचते ही एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला और मौके पर ही उनकी सांसें थम गईं। सड़क पर गिरे शव को देख राहगीरों की रूह कांप गई।



मृतक रमेश गिरी

जिस इलाके में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है, वहां ट्रक का पहुंचना अपने आप में बड़ा सवाल बन गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां नो एंट्री सिर्फ कागजों में है, जमीनी हकीकत कुछ और है। आरोप यह भी लगे कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी कथित रूप से रुपये लेकर ट्रकों को अंदर जाने देते हैं। इस घटना ने उन आरोपों को और हवा दे दी है और पूरे सिस्टम की कार्यशैली पर उंगली उठने लगी है।हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोग आक्रोशित थे और सड़क पर जाम जैसे हालात बन गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला। ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों के सवाल पुलिस को भी असहज करते नजर आए।

मृतक के बेटे विकास गोस्वामी ने बताया कि रमेश गिरी महज चार महीने बाद रिटायर होने वाले थे। परिवार उस दिन का इंतजार कर रहा था जब वह चैन की जिंदगी जी सकेंगे, लेकिन उससे पहले ही यह हादसा सब कुछ खत्म कर गया। पत्नी मीना बेसुध हैं, बच्चों पर गम का पहाड़ टूट पड़ा है। घर में मातम का सन्नाटा पसरा है। एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान ने कहा कि मामले की जानकारी है, लेकिन मिनी बाईपास पर नो एंट्री नहीं रहती है।

## चलती ट्रेन में हार्ट अटैक से यात्री की मौत

**बरेली।** जम्मू से हावड़ा जा रही सियालदाह एक्सप्रेस (13151) में सफर के दौरान एक यात्री की हार्ट अटैक से मौत हो गई। रायबरेली के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गांव निवलगंज निवासी 52 वर्षीय रामदीन सिंह अपने बेटे राजेंद्र और नाती रजनीश के साथ कोच एस-7 में यात्रा कर रहे थे। रामपुर के पास सुबह करीब 10:30 बजे सभी ने साथ में खाना खाया था। इसके कुछ देर बाद धनेटा और सीबीगंज के बीच रामदीन की अचानक तबीयत बिगड़ी। वह टॉयलेट जाने के लिए सीट से उठे, लेकिन अचानक गिर पड़े और कुछ ही पलों में उनकी सांसें थम गईं।

घटना की सूचना पर बरेली जंक्शन पर ट्रेन रुकते ही आरपीएफ, जीआरपी और मेडिकल टीम मौके पर पहुंची। जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम से इनकार किया और एंबुलेंस से शव लेकर रायबरेली रवाना हो गए।

# ट्रक-डीसीएम की आमने-सामने भिड़ंत, केबिन में फंसा रहा चालक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम गरगैया के पास पुलिया पर मंगलवार को तेज रफ्तार ट्रक और डीसीएम की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से एक-दूसरे में समा गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद ट्रक चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया, जिसे निकालने के लिए पुलिस और फायर ब्रिगेड को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। चालक की हालत गंभीर बनी हुई है।

हादसे में ट्रक चालक सुनील कुमार (निवासी मधुबनी, बिहार) स्टेयरिंग के बीच बुरी तरह जकड़ गया। टक्कर इतनी तेज थी कि उसके शरीर का निचला हिस्सा पूरी तरह फंस गया और वह हिल भी नहीं पा रहा था। मौके पर मौजूद लोग मदद करना चाहते थे, लेकिन हालात इतने खतरनाक थे कि कोई सीधे हस्तक्षेप नहीं कर सका। हर बीतता सेकंड चालक की जिंदगी पर भारी पड़ रहा था।



क्षतिग्रस्त डीसीएम।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। हालात को देखते हुए तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया, लेकिन दोनों वाहनों की बॉडी इस कदर आपस में फंस चुकी थी कि चालक तक पहुंचना मुश्किल हो गया। इसके बाद हाइड्रा मशीन बुलाकर डीसीएम को पीछे खींचा गया। फिर खिड़की तोड़कर सब्बल की मदद से केबिन को फैलाया गया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला जा सका।

रेस्क्यू के तुरंत बाद घायल चालक को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नवाबगंज भेजा गया। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर किए जाने की तैयारी की जा रही है। मौके पर पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए यातायात बहाल कराया। यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही के खतरनाक परिणाम को उजागर कर गया। सड़क पर एक छोटी सी गलती किस तरह जिंदगी को मौत के मुहाने पर पहुंचा देती है, यह घटना उसकी जीती-जागती मिसाल बन गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है।

# एक घर में दो से ज्यादा सिलेंडर मिले तो होगी जेल

- डबल कनेक्शन पर भी कसा जाएगा शिकंजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** एलपीजी किल्लत के बीच अब जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। शहर में गैस की कमी के चलते जहां लोग अतिरिक्त सिलिंडर जमा कर रहे हैं, वहीं अब ऐसा करना भारी पड़ सकता है। जिला पूर्ति विभाग ने साफ कर दिया है कि एक घर में तय सीमा से ज्यादा सिलिंडर मिलने पर सीधे कानूनी कार्रवाई होगी और जेल तक जाना पड़ सकता है। नियमों के अनुसार घरेलू उपभोक्ता को 14.2 किलो के सिर्फ दो एलपीजी सिलिंडर रखने की अनुमति है एक उपयोग के लिए और दूसरा बैकअप के तौर पर। लेकिन अगर किसी घर में दो से ज्यादा सिलिंडर पाए जाते हैं तो इसे जमाखोरी की श्रेणी में रखा जाएगा।



प्रतीकात्मक चित्र।

ऐसे मामलों में जांच के बाद सख्त कार्रवाई तय है। जिला पूर्ति विभाग ने हेल्पलाइन नंबर 9456667774 जारी करते हुए आम लोगों से भी सहयोग मांगा है। यदि किसी घर या गोदाम में अधिक सिलिंडर भंडारण की सूचना मिलती है तो उच्चाधिकारियों की अनुमति के बाद पुलिस टीम के साथ औचक निरीक्षण किया जाएगा। जांच में मामला सही पाए जाने पर मौके पर ही कार्रवाई शुरू हो जाएगी। अगर कोई व्यक्ति घर या गोदाम में कई भरे हुए सिलिंडर जमा करता है, घरेलू सिलिंडर का व्यावसायिक उपयोग करता है, बुकिंग के नियमों का गलत फायदा उठाता है या सिलिंडर को ज्यादा कीमत पर बेचता है तो वह सीधे कानून के दायरे में आएगा। प्रशासन ने ऐसे मामलों को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। निरीक्षण में अतिरिक्त सिलिंडर मिलने पर उन्हें जब्त कर लिया जाएगा और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इस कानून के तहत तीन महीने से लेकर सात साल तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। वहीं, अगर एक ही पते पर एक व्यक्ति के नाम दो गैस कनेक्शन पाए जाते हैं तो दोनों कनेक्शन ब्लॉक कर दिए जाएंगे और अब तक मिली सब्सिडी की वसूली भी की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने लोगों से अपील की है कि वे जरूरत के अनुसार ही गैस का उपयोग करें और अनावश्यक भंडारण से बचें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।

## आदेश की टीम से संतोष का पत्ता साफ, शिव प्रताप का भी डिमोशन

# बरेली टीम से कई दिग्गज आउट, नये चेहरों की एंट्री

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भाजपा जिला और आंवला संगठन में बड़े फेरबदल ने सियासी हलचल तेज कर दी है। सोशल मीडिया पर विरोध के सुर मुखर होने लगे हैं। नई खेमेबंदी और पार्टी में नेतृत्व के उभरते नये चेहरे विधानसभा के सियासी गठजोड़ में नये समीकरण बिठायेंगे। भाजपा विधायक और सांसद अपने करीबियों को संगठन में पहुंचाने में कुछ हद तक ही कामयाब हो पाये। अध्यक्षों ने जातिगत समीकरणों के हिसाब से पहले ही गोटियां सेट कर रखीं थीं। यही वजह रही कि जनप्रतिनिधियों को ज्यादा अवसर कहने और सुनने का नहीं मिला। नई टीम के ऐलान के साथ ही जहां कई नेताओं को प्रमोशन मिला, वहीं कई पुराने चेहरों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। डिमोशन, हटाने और नए चेहरों की एंट्री ने संगठन के भीतर नई बहस छेड़ दी है।



आदेश प्रताप सिंह, शिव प्रताप सिंह, सोमपाल शर्मा और मेघनाथ कठेरिया

आंवला भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह की टीम में महामंत्री रहे शिव प्रताप सिंह को उन्होंने इस बार उपाध्यक्ष बनाकर टीम में रखा है, जबकि रामनिवास मौर्य को दोबारा महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा ओमवीर सिंह गुर्जर, अमिताभ सिंह, राहुल दीक्षित, संजीव सक्सेना, सुभाषनी जायसवाल, नानकराम सागर और राममूर्ति लोधी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। ममता अग्रवाल और राजू उपाध्याय को महामंत्री पद दिया गया है, जबकि पूजा माथुर, रोहित सिंह, संजय चौहान, मनोज यादव, तेजपाल पटेल, राजेंद्र सोनकर, सुनील कश्यप और कुलदीप मौर्य को मंत्री बनाया गया है। नवीन शर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नई टीम में कई पुराने चेहरों को जगह नहीं मिली। पिछली टीम के महामंत्री संतोष शर्मा को इस बार बाहर कर दिया गया, जबकि हरवेंद्र यादव और नेमचंद्र मौर्य भी कमेटी से बाहर हो गए। इसके अलावा शिवेंद्र नाथ चौबे, सुनील गुप्ता, रविंद्र गुर्जर, बबीता गुप्ता और अर्जुन कश्यप को भी टीम में शामिल नहीं किया गया। इससे संगठन के भीतर असंतोष की सुगबुगाहट भी तेज हो गई है। फेसबुक समेत सोशल मीडिया प्लेटफार्म इसके गवाह हैं।

बरेली भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा की नई टीम में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला है। डॉक्टर पंकज गंगवार, डॉ नरेंद्र गंगवार, चंचल गंगवार, नीरेंद्र राठौर, प्रमोद सागर, सम्राट सिंह, सुनील गंगवार और डॉ मनोज गुप्ता को टीम से बाहर कर दिया गया है। जिला महामंत्री रहे मेघनाथ कठेरिया का भी डिमोशन कर उन्हें उपाध्यक्ष बनाया गया है।

नई टीम में अजय सक्सेना, स्वाति कुमार, मेघनाथ कठेरिया, अभय चौहान, राहुल साहू, कुवरसेन मौर्य, आलोक गंगवार और मुकेश राजपूत को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं निर्भय गुर्जर, अंकित शुक्ला और वीरपाल गंगवार को महामंत्री की जिम्मेदारी मिली है। रामआसरे कश्यप, डॉ मीनाक्षी सिंह, नेहा कन्नौजिया, मंजू कोरी, राकेश कश्यप, ललित शर्मा, शिवम शर्मा, संजय चौहान और अमित गुप्ता को मंत्री बनाया गया है। इस बड़े फेरबदल से साफ संकेत मिल रहा है कि संगठन अब परफॉर्मेंस और सक्रियता के आधार पर जिम्मेदारी तय कर रहा है। जहां नए चेहरों को मौका देकर संगठन को धार देने की कोशिश की गई है, वहीं पुराने चेहरों को हटाकर साफ संदेश दिया गया है कि काम नहीं तो पद भी नहीं।

## अब कोई बच्चा नहीं छूटेगा पीछे, 3 से 6 साल के नौनिहालों को स्कूल से जोड़ने का बड़ा प्लान

# 53 हजार बालवाटिकाओं में एक साथ गूंजेगा 'नवआरंभ उत्सव'

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** प्रारंभिक शिक्षा को मजबूती देने और नौनिहालों को स्कूल की दहलीज तक लाने के लिए योगी सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। 25 मार्च को बरेली समेत पूरे प्रदेश की 53,074 बालवाटिकाओं में एक साथ 'नवआरंभ उत्सव' मनाया जाएगा। इस आयोजन के जरिए तीन से छह वर्ष तक के बच्चों का नामांकन बढ़ाने और अभिभावकों को जागरूक करने का अभियान चलाया जाएगा। मंडलायुक्त बरेली भूपेंद्र एस चौधरी ने बताया कि मंडल में इस उत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। बरेली में 1007, शाहजहांपुर में 1099, बदायूं में 758, पीलीभीत में 531 बालवाटिका केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 3 से 4 साल के बच्चों का बालवाटिका में नामांकन बढ़ाना है। वहीं, छह वर्ष की आयु पूरी कर चुके बच्चों का परिषदीय स्कूलों की कक्षा-1 में प्रवेश भी सुनिश्चित कराया जाएगा। सरकार चाहती है कि कोई भी बच्चा प्रारंभिक शिक्षा से वंचित न रहे और हर घर से बच्चों को स्कूल तक जोड़ा जाए।



मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी

नवआरंभ उत्सव के दौरान विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। बच्चों द्वारा गीत, नृत्य और गतिविधियों की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही अभिभावकों को बालवाटिका की पूरी व्यवस्था-लर्निंग कॉर्नर, खेल सामग्री, बैठने की व्यवस्था और शिक्षण पद्धति-का लाइव प्रदर्शन कराया जाएगा, ताकि वे खुद स्कूल के माहौल को समझ सकें।

### नीति 2020 के लक्ष्य पर फोकस, 2030 तक हर बच्चे तक शिक्षा

यह पूरा कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। सरकार ने 2030 तक सभी बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए आंगनबाड़ी और विद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर बच्चों को मुख्यधारा में लाने की रणनीति अपनाई जा रही है।

### हर स्कूल को मिलेगा बजट 1592 लाख का प्लान

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए राज्य सरकार ने 1592.22 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है। प्रत्येक विद्यालय को करीब 3000 रुपये दिए जाएंगे, जिससे बैनर, पोस्टर, गतिविधियां और अन्य व्यवस्थाएं की जाएंगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, डायट, नोडल शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप दी गई है, जबकि निगरानी प्रेरणा पोर्टल और विद्या समीक्षा केंद्र के जरिए होगी।

# टीकाकरण में बरेली नंबर-1, 64 किशोरियों को डोज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जानलेवा सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ बरेली में बड़ी पहल की शुरुआत हो गई है। महिला अस्पताल में मंगलवार को एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ हुआ, जहां पहले ही दिन 62 किशोरियों ने टीका लगवाकर जागरूकता का मजबूत संदेश दिया। खास बात यह रही कि अभियान की शुरुआत सीबीगंज लेबर कॉलोनी की किशोरी इशिता ने पहला टीका लगवाकर की।

इशिता ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर और जानलेवा बीमारी है, जिसका इलाज बेहद महंगा और मुश्किल है। ऐसे में अगर इसका मुफ्त बचाव उपलब्ध है तो किसी को भी पीछे नहीं हटना चाहिए। टीकाकरण की जानकारी मिलते ही उन्होंने बिना झिझक टीका लगवाया और अन्य किशोरियों को भी प्रेरित किया। महिला अस्पताल में शुरू हुए इस अभियान के पहले दिन दोपहर दो बजे तक 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी (लेकिन 15 वर्ष से कम) 62 किशोरियों का टीकाकरण किया गया। यह संख्या प्रदेश में सर्वाधिक बताई जा रही है, जिससे स्वास्थ्य विभाग में उत्साह का माहौल है।



टीकाकरण अभियान का उद्घाटन सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद और डिप्टी सीएमओ डॉ. लईक अहमद की मौजूदगी में हुआ। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि सभी किशोरियों को टीकाकरण के बाद प्रमाण पत्र भी दिया गया। टीकाकरण के दौरान किसी भी किशोरी में कोई गंभीर दुष्प्रभाव (श्वस्नद्ध) सामने नहीं आया। डॉक्टरों की टीम पूरी तरह सतर्क रही। विशेषज्ञों ने बताया कि हल्का बुखार, सिरदर्द या दर्द जैसी सामान्य प्रतिक्रिया हो सकती है, जिसके लिए पैरासिटामॉल और पर्याप्त पानी/जूस लेने की सलाह दी गई है।

पहले दिन स्थिति सामान्य रहने के बाद बुधवार से जिले के 27 कोल्ड चेन केंद्रों पर टीकाकरण शुरू होगा। इसमें महिला अस्पताल, दो निजी मेडिकल कॉलेज, 8 यूपीएचसी और 16 सीएचसी शामिल हैं। अगले तीन माह तक रोजाना सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक टीकाकरण होगा, जबकि जुलाई से इसे नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल कर दिया जाएगा। टीका लगवाने वाली रिया, पूनम, उन्नति और अनुष्का ने कहा कि सुई का दर्द मामूली है, लेकिन कैंसर का दर्द जीवनभर का होता है। इसलिए बिना डर और संकोच के हर किशोरी को यह टीका जरूर लगवाना चाहिए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

सफलता का 5वां वर्ष

# जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा अब बरेली मुरादाबाद मंडल में मात्र 5/- में

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | www.jagranmorcha.com | जन-जन की आवाज

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 35 | बुधवार 18 मार्च 2026 | चैत्र कृष्ण त्रयोदशी विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : 05 रूपया

## तीन माह से बड़े बच्चों को गोद लेने वाली महिलाओं को भी मिलेगी मैटरीनिटी लीव

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि अपनाया हुआ बच्चा भी प्रजनन स्वतंत्रता का हिस्सा है, इसलिए कोई भी महिला चाहे वह बच्चा



कितने महीने की उम्र का अपनाए, उसे 12 हफ्ते की मातृत्व अवकाश मिलनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि 2020 के सोशल सिक्योरिटी कोड की धारा 60(4) जिसमें कहा गया था कि सिर्फ तीन महीने से छोटे बच्चे को अपनाने पर ही मातृत्व अवकाश मिलेगा, यह संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह भी कहा कि पितृत्व अवकाश को भी सामाजिक सुरक्षा का हिस्सा मानने वाला प्रावधान बनाया जाए। यह फैसला उस याचिका पर आया जिसमें अधिवक्ता हंसानंदिनी नंदूरी ने चुनौती दी थी। वे कह रही थीं कि धारा 60(4) में तीन महीने की उम्र की शर्त अन्यायपूर्ण और असमानता पैदा करने वाली है। एजेंसी

## राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग पर कांग्रेस सख्त, सोफिया फिरदौस समेत तीनों विधायकों को किया निलंबित

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** ओडिशा में क्रॉस वोटिंग करने वाले तीन विधायकों पर कांग्रेस पार्टी ने



सख्त रुख अपनाया है और तीनों को निलंबित कर दिया है। पार्टी इन विधायकों को निष्कासित करने पर भी विचार कर रही है। ओडिशा कांग्रेस अध्यक्ष ने तीनों विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने पर हैरानी जताई और कहा कि उन्हें इसकी बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी।

राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कांग्रेस पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया है। 16 मार्च को हुए राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के तीन विधायकों रमेश जेना, दशरथी गोमांगो और सोफिया फिरदौस ने भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय को वोट दिया था, जिसके चलते कांग्रेस और बीजद के संयुक्त उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा।

# लोकसभा से 8 विपक्षी सदस्यों का निलंबन समाप्त

## किरण रिजिजू ने रखा प्रस्ताव, सर्वदलीय बैठक में फैसला

एजेंसी समाचार

**दिल्ली।** लोकसभा ने मंगलवार को उन आठ विपक्षी सदस्यों का निलंबन रद्द कर दिया जिन्हें संसद के बजट सत्र के पहले चरण में सदन की अवमानना के मामले में निलंबित किया



गया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सभी दलों के नेताओं की एक बैठक बुलाई थी, जिसमें आठ विपक्षी सदस्यों का निलंबन वापस लेने पर सहमति बनी थी।

सदन में कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश ने आसन से निलंबन रद्द करने का अनुरोध किया और विपक्षी सदस्यों के आचरण पर खेद भी जताया। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने निलंबन खत्म करने का प्रस्ताव सदन में रखा जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी।

बजट सत्र के पहले चरण के दौरान तीन फरवरी को आसन की ओर कागज फेंकने के बाद, सदन की अवमानना के मामले में विपक्ष के आठ सांसदों को बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया था।

निलंबित सांसदों में कांग्रेस के मणिकम टैगोर, अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत पडोले, किरण कुमार रेड्डी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एस. वेंकटेशन शामिल हैं। निलंबन के बाद से ये सांसद कार्यवाही वाले दिन संसद के मकर द्वार पर धरना दे रहे थे।

लोकसभा ने आठ सदस्यों के निलंबन के प्रस्ताव को मंगलवार को ध्वनिमत से पारित कर तत्काल प्रभाव से सभी सदस्यों के निलंबन को समाप्त कर दिया है।

## सेंसेक्स 321 अंक चढ़ा, निफ्टी में भी तेजी; US डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे कमजोर

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हरे निशान पर खुला। शुरूआती कारोबार में निफ्टी 50 84.40 अंक या 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,493.20 पर खुला, जबकि बीएसई सेंसेक्स 321.32 अंक या 0.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75,824.17 पर खुला। शुरूआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे गिरकर 92.42 पर आ गया।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल**

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, टाटा स्टील, इंटरग्लोब एविएशन और भारती एयरटेल प्रमुख लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं। इंफोसिस, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सबसे पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं।

**क्या है विशेषज्ञों की राय**

बैंकिंग और मार्केट एक्सपर्ट अजय बग्गा के मुताबिक, कैश इक्विटी सेगमेंट में एफपीआई ने 9,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की बिकवाली की। इसके बावजूद दिन के अंत में आई तेजी ने बाजार की दिशा बदल दी।

## पुण्यतिथि : सीएम योगी बोले-

# हेमवती नंदन बहुगुणा ने यूपी के विकास को प्रदान की एक नई ऊंचाई

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने



मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने इस राज्य के विकास को एक नयी ऊंचाई प्रदान की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां हेमवती नंदन बहुगुणा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद कहा, ''हेमवती नंदन बहुगुणा ने स्वतंत्र भारत में एक जनप्रतिनिधि, प्रदेश सरकार में मंत्री, मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के रूप में अनेक उल्लेखनीय कार्य किये। उन्होंने उत्तर प्रदेश के विकास को एक नयी ऊंचाई प्रदान की और प्रयागराज को एक नयी पहचान दी।'' उन्होंने कहा, ''आज हेमवती नंदन बहुगुणा भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा प्रारंभ किया गया कार्य, उनके द्वारा जनप्रतिनिधि, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री के रूप में जो कुछ भी किया गया, वह समाज के प्रत्येक तबके, देश की समृद्धि और आम जन के कल्याण के लिए उदाहरण है।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''हेमवती नंदन बहुगुणा का जन्म तत्कालीन उत्तर प्रदेश और वर्तमान में उत्तराखंड के पौड़ी जिले के एक छोटे-से गांव में हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा गांव में अर्जित कर उन्होंने आगे की शिक्षा के लिए प्रयागराज की भूमि को चुना। वह आजादी की लड़ाई में छात्र नेता के रूप में शामिल हुए और सामाजिक जनजागरुकता और राष्ट्रीय चेतना को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने लगातार प्रयास किए।'' इस मौके पर योगी आदित्यनाथ के साथ उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री रीत बहुगुणा (हेमवती नंदन बहुगुणा की पुत्री) और पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे।

# स्वार कोतवाली में तैनात दरोगा 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## एंटी करप्शन की कार्यवाही से कोतवाली परिसर में मचा हड़कंप

– जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** स्वारः एंटी करप्शन टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कोतवाली स्वार में तैनात दरोगा ओंकारनाथ को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम दरोगा अपने साथ थाना अजीमनगर ले गई। पूछताछ शुरूकर दी। इस कार्रवाई से कोतवाली परिसर में हड़कंप मच गया। दिन भर तरह-तरह की चचाएं होती रही।

मामला थाना अजीमनगर क्षेत्र के गांव सिंगनखेड़ा से जुड़ा है। गांव निवासी यशवीर सिंह और उनकी पत्नी पूजा के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। आरोप है कि मामले में कार्रवाई के नाम पर दरोगा ओंकारनाथ ने यशवीर सिंह पर दबाव बनाकर 10 हजार रुपये की मांग कर दी थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत मुरादाबाद एंटी करप्शन के प्रभारी नवल मारवा से की। प्रभारी ने शिकायत की जांच की। जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद मंगलवार को एंटी करप्शन टीम ने योजना के तहत कोतवाली के आसपास जाल बिछाया। यशवीर सिंह को रिश्वत की रकम देकर कोतवाली में मौजूद दरोगा के पास भेजा। जैसे ही दरोगा ने यशवीर सिंह से 10 हजार रुपये की रिश्वत ली टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दारोगा को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दरोगा को अपने साथ अजीमनगर थाने ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी गई। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। एंटी करप्शन टीम आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।




## हॉर्मुज संकट के बीच ट्रंप का सहयोगियों पर हमला, ब्रिटेन-जर्मनी-जापान ने कहा- हम नहीं भेजेंगे जहाज



**वॉशिंगटन (एजेंसी समाचार)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगी देशों की आलोचना करते हुए कहा है कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को सुरक्षित करने के लिए उन्होंने जिस गठबंधन का प्रस्ताव रखा है, उसके प्रति सहयोगियों में उत्साह की कमी है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य से ही दुनिया के ऊर्जा संसाधनों के पाँचवें हिस्से की जहाजों से जरिये आपूर्ति की जाती है। ट्रंप ने सोमवार देर रात ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ईरान के साथ संघर्ष जल्द ही खत्म हो सकता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि इस हफ़्ते किसी समाधान की संभावना कम है। उन्होंने इस सैन्य अभियान का बचाव करते हुए कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए यह जरूरी था। ट्रंप ने कहा, यह अभियान जल्द ही खत्म हो जाएगा। हमारी दुनिया कहीं ज्यादा सुरक्षित होगी। गौरतलब है कि ईरान ने 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए हमलों के जवाब में इस क्षेत्र से होकर गुजरने वाले जहाजों को निशाना बनाने की धमकी दी थी जिसके बाद फारस की खाड़ी से होने वाली जहाजों की आवाजाही काफी हद तक कम हो गई है। ट्रंप ने ब्रिटेन की प्रतिक्रिया पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर द्वारा इस संघर्ष में नाटो को शामिल करने में दिखाई गई हिचकिचाहट से मैं खुश नहीं हैं और बहुत हैरान हूँ। मैं ब्रिटेन के रवैये से खुश नहीं था।

# इराक के तेल ठिकानों पर ईरान का हमला, मिसाइल हमले में अबु धाबी में एक की मौत



एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया का तनाव बढ़ता जा रहा है और अमेरिका-इस्राइल बनाम ईरान संघर्ष ने नई भयावह रफ्तार पकड़ ली है। मिसाइल और ड्रोन हमले लगातार जारी हैं और होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाज भी हमलों की चपेट में हैं। यह संघर्ष अब 18वें दिन में प्रवेश कर चुका है, जबकि क्षेत्रीय और वैश्विक आर्थिक स्थिरता पर भी इसका असर दिखने लगा है। एजेंसी

## ईरान ने दी आईआरआईएस देना पर हमले का बदला लेने की धमकी

ईरानी नौसेना ने आईआर आईएस देना पर हमले का बदला लेने की धमकी दी है। ईरानी नौसेना के कमांडर शाहराम ईरानी ने कहा कि तेहरान इसका बदला जरूर लेगा। हम दुश्मन के इस अपराध को नहीं भूलेंगे और हम ऐसी जगह से हमला करेंगे, जहां से उन्हें उम्मीद न हो।

हाल ही में ईरानी सेना के प्रमुख आमिर हातामी ने भी कहा था कि नौसैनिकों का बलिदान जाया नहीं जाएगा। बीती 4 मार्च को अमेरिका ने टारपीडो हमला कर ईरान के एक जहाज श्रीलंका के तट के करीब डुबो दिया था। इस हमले में 87 नौसैनिक मारे गए थे। हमले के वक्त

## ईरान समर्थित सशस्त्र बलों ने इराक में अमेरिकी ठिकानों पर किया हमला

इराक में ईरान समर्थित उग्रवादी गुट ने अमेरिकी ठिकाने पर हमला किया है। यह हमला राजधानी बगदाद में रॉयल ट्यूलिप होटल पर विस्फोटक लदे ड्रोन से किया गया। हालांकि इस हमले में किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। रॉयल ट्यूलिप होटल में विभिन्न विदेशी राजनयिक ठहरते हैं। यह होटल अमेरिकी दूतावास के नजदीक ही स्थित है। गौरतलब है कि इससे पहले भी इराक में ईरान समर्थित गुटों ने अमेरिकी ठिकानों पर हमला किया था।

## यूएई के फुजैराह बंदरगाह पर हमला; इस्राइल ने ईरान, बेरूत पर किए हमले

संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह बंदरगाह के नजदीक एक टैंकर पर हमला हुआ है। इस हमले के कारण फुजैराह ऑयल इंडस्ट्री जोन में आग लग गई। इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ईरान की तरफ से हो रहे हमलों के चलते ईरान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया था, लेकिन बाद में इसे खोल दिया गया। मंगलवार को इस्राइल ने लेबनान में हवाई हमले किए। इन हमलों में एक रिहायशी इमारत को नुकसान पहुंचा है। ये हमले दक्षिणी बेरूत में किए गए।

## हिजबुल्ला पर कार्रवाई को लेकर इस्राइल की अपील

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच हालात और तनावपूर्ण हो गए हैं। इस्राइल के राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग ने लेबनान में सशस्त्र संगठन हिजबुल्ला के खिलाफ चल रही कार्रवाई में यूरोपीय देशों से समर्थन देने की अपील की है। उन्होंने इमैनुएल मैक्रों के उस प्रस्ताव का स्वागत किया, जिसमें फ्रांस ने लेबनान और इस्राइल के बीच प्रत्यक्ष वार्ता कराने की पेशकश की है। हर्जोग ने कहा कि बातचीत आगे बढ़ाने का यह सही समय है और इससे दोनों देशों के बीच तनाव कम करने का रास्ता निकल सकता है।

## लेबनान में हिजबुल्ला और इस्राइली सेना की भिड़ंत

आज इस्राइल के रक्षा मंत्रालय ने आधिकारिक रूप से पुष्टि की कि लेबनान के अंदर जमीनी अभियान शुरू हो गया है और इसे बढ़ाए जाने की संभावना है। हालांकि, इस्राइली सैनिक लंबे समय से लेबनान में सक्रिय हैं, यह केवल पिछले दो हफ्तों की बात नहीं है। 2024 के अंत में हुई युद्धविराम संधि का उल्लंघन करते हुए इस्राइल ने लेबनान में अग्रिम युद्ध स्थिति तैयार की थी।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे

REGISTRATION INDIA™©

हजारों संतुष्ट ग्राहक

ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-

We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax

अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।

- MSME ₹ 499
- NGO Registration ₹12999
- 12 A ₹4999
- Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
- 80G ₹4999
- E- Anudan ₹999
- Trade Mark ₹7999
- Private Company Registration ₹11999

अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।

ISO Registration ₹4999

Contact: 7500223290 7500277920

T&C Apply

एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

## आवश्यकता

उत्तर प्रदेश का तेजी से बढ़ता अखबार जागरण मोर्चा 9 मार्च से आपके के बीच आ रहा है। जिसमें जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**मोबाइल नंबर**

7906815587, 9758444242


## एक नजर

### सैनी-मौर्य-शाक्य-कुशवाहा समाज ने एकजुटता का दिया संदेश

**सैफनी :** ममता मैरिज हाल में सैनी मौर्य शाक्य कुशवाहा समाज की एक बैठक आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में नव-नियुक्त किए जिलाध्यक्ष पन्नालाल सैनी प्रथम बार आगमन पर फूलमाला पहनकर और सैनी मौर्य शाक्य कुशवाहा समाज नारा लगाकर स्वागत किया। वक्ताओं ने सैनी, मौर्य, शाक्य, कुशवाहा समाज एकजुट होकर रहने अपील है। 22 मार्च को मौर्य सैनी शाक्य कुशवाहा सभा के तत्वाधान में आयोजित होली मिलन एवं सम्राट अशोक महान का 2330 वां जन्मोत्सव समारोह में चलने का आवाह्न किया है। इस दौरान प्रेमपाल सिंह सैनी, मुंशीलाल सैनी, राकेश सैनी डा.कृपाल सिंह सैनी, भगवान स्वरूप सैनी, भारत सिंह सैनी, तिर्मल सैनी, छोटेलाल सैनी, राजू सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त ने आरडीए द्वारा 43.10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले कलेक्ट्रेट गेट का किया शिलान्यास

## कलेक्ट्रेट में व्यवस्थाओं की समीक्षा, राजस्व वादों के शीघ्र निस्तारण पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय



कलेक्ट्रेट गेट का शिलान्यास करते मंडलायुक्त। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** मंडलायुक्त मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद आन्जनेय कुमार सिंह ने जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के साथ वार्षिक निरीक्षण के दौरान रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 43.10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले कलेक्ट्रेट गेट का शिलान्यास किया।

निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों का जायजा लिया। उन्होंने मिनी कमांड सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था देखी तथा एआईजी स्टाम्प कार्यालय में लंबित वादों की समीक्षा करते हुए 5 वर्ष से अधिक पुराने मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।अपर जिलाधिकारी न्यायालय में धारा 30, धारा 12 और सील बंद रजिस्टर का निरीक्षण किया गया। साथ ही धारा 24 और धारा 67 के वादों का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शस्त्र अनुभाग में गार्ड फाइल का निरीक्षण करते हुए अनुपालन आख्या न पाए जाने पर उसे तत्काल अद्यतन करने के निर्देश दिए। नजारत कक्ष में आय-व्यय रजिस्टर तैयार करने तथा जीपीएफ पासबुक पर संबंधित अधिकारियों के हस्ताक्षर कराने को कहा। ईआरके कक्ष में पत्रावलियों की अंतिम वीडिंग प्रक्रिया की जानकारी ली।निर्देश दिया गया कि इसकी तिथि सूचना पट पर भी अंकित की जाए। संयुक्त कार्यालय में 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के उपयोग की स्थिति की समीक्षा की गई।अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान राजस्व अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने तथा बस्तों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग में नमूना रजिस्टर की जांच की गई, जहां पिछले महीने 16 नमूने लिए जाने की जानकारी मिली। मण्डलायुक्त ने छापेमारी बढ़ाने और अधिक नमूने लेने के निर्देश दिए। आपदा प्रबंधन कक्ष में कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए सभी ग्राम प्रधानों के मोबाइल नंबर संकलित करने तथा संसाधनों के अनुसार प्रत्येक गांव के लिए अलग आपातकालीन योजना तैयार करने के निर्देश दिए।एसीआर अनुभाग में बड़े बकायेदारों से वसूली की स्थिति की जानकारी लेकर वसूली में तेजी लाने को कहा गया। निरीक्षण के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में उपजिलाधिकारियों के साथ राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें 5 वर्ष से अधिक पुराने वादों (धारा 33, 34) के शीघ्र निस्तारण और एआईएस कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।इस अवसर पर अपर आयुक्त अरूण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान, नगर मजिस्ट्रेट सलिकराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

**जागरण मोर्चा कार्यालय, रामपुर।** मिशन शक्ति- 5.अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनपद रामपुर के समस्त थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति केन्द्र की टीमों एवं जनपदस्तरीय टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना-स्तरीय टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में बाजारों, शॉपिंग मॉल, पार्क एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया। जिसमेंमहिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया आदि के बारे, मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ,बालिकाओ को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की, ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें और आवश्यकता पड़ने पर उनका प्रभावी उपयोग कर सकें।

# बेहतर कार्य करने वाले 10 किसानों को किया सम्मानित



कार्यक्रम का शुभ आरंभ करते राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुरः** कृषि विज्ञान केंद्र परिसर धामोरा में एकीकृत बागवानी विकास योजना के तहत 2 दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें प्रथम दिवस प्रदर्शनी, किसान गोष्ठी, तकनीकी सत्र व द्वितीय दिवस प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम सम्मिलित है, का उद्घाटन राज्य मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान बलदेव सिंह औलख द्वारा किया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख विकास खंड मिलक अर्चना गंगवार, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक नरेंद्र सिंह, अधीक्षक राजकीय उद्यान, जिला कृषि अधिकारी, ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक जितेंद्र यादव उप पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक निदेशक, मत्स्य, रामपुर रॉयल हनी के वाहिद, जगदीश मौन पालक किसान, प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्योग योजना के तहत लाभान्वित उद्यमी व अन्य जनपदीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। मेले में उद्यान विभाग द्वारा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी, प्रगति शील किसान धर्मेंद्र द्वारा नवीनतम तकनीकी से पॉलीहाउस में, कलर कैपिशमकम, रंगीन शिमला मिर्च उत्पादन के बारे में जानकारी व अनुभव साझा किए। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा औद्यानिक खेती करने के नई तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई।अन्य विभागों द्वारा अपने विभागीय स्टॉल लगाकर योजनों के साथ साथ नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराई।उद्यान के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले 10 किसानों को सम्मानित किया गया।

# पुलिस की गोली लगने से गोकश घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय



घायल को ले जाती पुलिस।

**रामपुर।** केमरी पुलिस की गोली लगने से एक गोकश घायल हो गया। जबकि दो अन्य गोकशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उनके पास से चाकू,2 तमंचे, जिंदा व खोखा कारतूस, मोटरसाइकिल व गोकशी के उपकरण बरामद हुए।

मंगलवार को एसओ केमरी हिमांशु चौहान पुलिस बल के साथ ग्राम सईदाबाद तिराहा पर चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान बाइक सवार तीन व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग करदी। जिसमें एक गोकश राशिद पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी दो अन्य आरोपी सत्तार,जाहिद निवासी ग्राम खानपुर कदीम थाना केमरी को गिरफ्तार किया। गोकशों के पास से चाकू,2 तमंचे,3 जिंदा कारतूस, 1 खोखा कारतूस,1 मिस कारतूस, 1 मोटरसाइकिल तथा गोकशी करने के उपकरण बरामद हुए है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

## शहजादनगर थाना क्षेत्र का मामला, परिवार में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय



शिवम का फाइल फोटो।

**धमोरा।** रामपुर-बरेली हाईवे पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक सवार अपना नियंत्रण को बैठा और रोड पर गिर गया। इस दौरान समय से उपचार न मिलने के कारण घायल युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसा शहजादनगर थाना क्षेत्र के यू पी 22 ढाबे के निकट सोमवार की देर रात नौ बजे का है। 30 वर्षीय शिवम पुत्र रामफूल अपने कुछ यार दोस्तों के साथ शंकरपुर के पास हाईवे स्थित यू पी 22 ढाबे पर खाना खाने आया था। इस दौरान वह काम से निपट कर अपनी बाइक से ही घर के लिए निकला तो हादसे का शिकार हो गया। बताया जा रहा है। पीछे से आ रहे किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते शिवम की बाइक रोड पर ही गिर गई। इस दौरान रात्रि के समय घायल युवक को समय से उपचार न मिलने पर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने जब हाईवे किनारे शव पड़ा देखा,तो इसकी सूचना शहजादनगर पुलिस को दे दी।


सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जिसके बाद रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल की ओर उल्टे पांव दौड़ पड़े। जबकि परिजनों की ओर से अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई की है।

### घर में दो भाईयों में इकलौता कमाने वाला था शिवम

शहजादनगर थाना क्षेत्र के यू पी 22 ढाबे के सामने सोमवार की देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार शिवम की मौत से परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। 30 वर्षीय शिवम घर में अपनी मां और एक बहन के साथ दो भाई गुजर बसर कर रहे थे। जबकि शिवम के पिता की भी 15 साल पूर्व सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। इन दोनों दो भाइयों में घर का इकलौता कमाने वाला शिवम ही था। जबकि उसका एक छोटा भाई करण अपनी पढ़ाई लिखाई में लगा हुआ है। हादसे के बाद परिवार में गमगीन सा माहौल बना हुआ है। साथ ही घटना की चर्चा गांव में कोने-कोने पर हो रही है।

# दढ़ियाल में शासन ने नामित किए तीन सभासद, बांटी मिठाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



ब्रजेश सिंह चौहान।



इकराम अंसारी।

**दढ़ियालः** नगर पंचायत में तीन नए सभासद नामित किए गए हैं। इसके साथ ही, नगर पंचायत में कुल सभासदों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। इस घोषणा से नगर में खुशी का माहौल है। वही नामित सभासदों के कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया है।

ध्यान रहे की ग्राम पंचायत दढ़ियाल एहतमाली और ग्राम पंचायत दढ़ियाल मुस्तहकम को मिलाकर नगर का गठन हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नए साल के तोहफे के रुप सन 2020 को रामपुर जनपद की दढ़ियाल के साथ साथ नरपत नगर, और सैफनी को नगर पंचायत घोषित किया था। नगर पंचायत की घोषणा के बाद लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। अप्रैल 2023 में हुए नगर निकाय चुनावों में दढ़ियाल नगर को अपना पहला अध्यक्ष खुर्शीद अहमद फारुकी मिला था उस समय 15 सभासद भी चुने गए थे। हाल ही में नामित किए तीन सभासदों में नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे प्रत्याशी इकराम अंसारी, बृजेश चौहान और इंद्रावती शामिल हैं। नामित सभासदों में एक जनरल, दूसरा ओबीसी जबकि एक एससी एसटी की महिला है।

# शाहबाद से मौनी, अनुभव, शिवा उमेश और सुमित भटनागर बने जिला कार्यकारिणी सदस्य

जागरण मोर्चा कार्यालय



मोनी पांडे। -जागरण मोर्चा



अनुभव शर्मा। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** भारतीय जनता पार्टी में संगठनात्मक विस्तार के तहत नवनियुक्त जिला कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई है। शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी व प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की संस्तुति के बाद जिला प्रभारी राजा वर्मा एवं जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने नई कार्यकारिणी जारी की।

घोषित सूची में शाहबाद के ऊंचा गांव निवासी मौनी पांडेय, जो वर्तमान में भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हैं, को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। वही किसान मोर्चा से अनुभव शर्मा को भी जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है वहीं युवा मोर्चा से शिवा राणा और सुमित भटनागर को मैंने बॉडी में जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। इनके साथ ही उमेश रस्तोगी को भी जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। इन सभी के मनोनयन से क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है।

मौनी पांडेय और अनुभव शर्मा ने अपनी इस जिम्मेदारी के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उधर सैफ़नी क्षेत्र से ब्रजेश जोशी और मोनू चौधरी को भी जिला कार्यकारणी में सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है।

# कार्निवाल में पहली बार दिखेंगी जलपरी, विधायक करेंगे आज उद्घाटन

## मनोरंजन के लिए फिश टनल, फुट कोर्ट, शापिंग बाजार, भूत बंगला होंगे कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय





रामपुर-स्वार रोड स्थित यंग मैन मैदान में लगाए गए झूले और रामपुर-स्वार रोड स्थित यंग मैन मैदान में घूमते बच्चे। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** तोपखाना गेट स्थित यंगमैन हॉकी मैदान में 18 मार्च से जलपरी शॉपिंग कार्निवाल का उद्घाटन शहर विधायक आकाश सक्सेना करेंगे। कार्निवाल में पहली बार जलपरी दिखेंगी।

जलपरी कार्निवाल में फिश टनल, फुट कोर्ट, शापिंग बाजार, भूत बंगला, रंगारंग कार्यक्रम, ऊंट की सवारी, 50 से अधिक सैल्फी जॉन, गगन चुम्बी झूले और नवीनतम एडवेंचर समेत बहुत कुछ एक ही छत के नीचे है। जलपरी शापिंग कार्निवाल आयोजक सुमित गुप्ता ने बताया कि मुख्य अतिथि आकाश सक्सेना, विशिष्ट अतिथि अनिल वशिष्ठ, विश्व हिन्दू परिषद गौरव भटनागर, उपेंद्र कुमार मिश्रा प्रांत सह संयोजक बजरंग दल, गुड्डू सैनी महानगर महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा मुरादाबाद रहेंगे। उन्होंने बताया कि जागरण मोर्चा, समाचार प्लस मीडिया सहयोगी है। कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को यंग मैन मैदान में दिनभर तैयारियां होती रही। साथ ही साफ-सफाई का काम चलता रहा। जलपरी शापिंग कार्निवाल लगने की जानकारी मिलने के बाद लोग वहां पर आकर सेल्फी लेते रहे।

# शीशम वाली मस्जिद में 27 वीं शब कुरआन मुकम्मल

## मुल्क व कौम की तरक्की के लिए हुई ख़ास दुआएं

जागरण मोर्चा कार्यालय



मस्जिद शीशम वाली में कुरान मुकम्मल होने पर खड़े लोग। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** मोहल्ला घेर तोगा की मस्जिद शीशम वाली में माह-ए-रमज़ान की रूहानी फिजा के बीच सोमवार को 27 वीं नमाज़-ए-तरावीह की मुबारक शब में कुरआन-ए-करीम मुकम्मल किया गया, इस दौरान हाफ़िज़ मोहम्मद अयान ख़ां और हाफ़िज़ मोहम्मद याहिया साजिद ने रोजाना सवा पारा सुना कर नमाज-ए-तरावीह में क़ुरआन मुकम्मल किया, इस दौरान हाफिज मोहम्मद फैसल ने सामा के फ़राइज़ अंजाम दिए, क़ुरआन मुकम्मल होने के बाद मस्जिद शीशम वाली के इमाम मौलाना आले नबी साहब ने मुल्क व कौम की तरक्की, अमन-ओ-सलामती और भाईचारे के लिए दुआएं कराईं।

खुशी के मौके पर गुलवेज़ खां ठेकेदार की ओर से मस्जिद में मौजूद नमाजियों और मेहमानों को मिठाई तक्सीम कराई। इस मौके पर मस्जिद इमाम मौलाना आले नबी साहब ने कुरआन-ए-करीम की फ़ज़ीलत बयान करते हुए कहा कि क़ुरआन-ए-पाक अल्लाह तआला की वह मुक़द्दस किताब है जिसका कोई मुतबादिल नहीं है। मौलाना ने मुसलमानों को नसीहत करते हुए कहा कि इस मुबारक महीने में मिस्कीनों, कमजोर पड़ोसियों और ग़रीब रिश्तेदारों की दिल खोलकर मदद करनी चाहिए।इस मौके पर नमाज़ियों ने दौनो हाफिजों की गुलपोशी कर उन्हें क़ुरआन मुकम्मल करने की मुबारकबाद पेश की।

इस अवसर पर मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सदर मोईन खां, गालिब नूर खां ठेकेदार, शाहिद अली खां, जरीफ़ ख़ां, गुलवेज़ खां, शन्नू ख़ां, आमिर खां आढ़ती, अफ़ज़ाल ख़ां, अब्दुल वहाब खां, शहजाद ख़ां, अदीब ख़ां, निज़ाम ख़ां, शाहवेज़ ख़ां, मुजाहिद अली, ज़की ख़ां, अमान ख़ां, जमाल ख़ां, साकिब ख़ां, साहिब ख़ां, दिल्लन ख़ां समेत सैकड़ों की तादाद में नमाज़ी और मेहमान मौजूद रहे।

## मस्जिद महल वाली में तरावीह में क़ुरआन मुकम्मल

**जागरण मोर्चा कार्यालय, टांडाः** सोमवार को 27वीं तरावीह के मौके पर महल वाली मस्जिद में एक रूहानी कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें हाफिज मोहम्मद ज़ीशान ने नमाज़-ए-तरावीह में पूरा कुरआन शरीफ मुकम्मल किया। इस मौके पर मौलाना मोहम्मद फहीम कासमी, उस्ताद-ए-हदीस अलमअहदुल मुकद्दस लिल बनात मोहनपुरा ने खुसूसी दुआ कराई। इसके बाद महल वाली मस्जिद की कमेटी और पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम की ओर से हाफिज साहब को तोहफा पेश किया गया।इस मौके पर खास तौर पर हाजी मकसूद, अनसब अली, सिराजुज़्ज़फर, अकबर अली, मास्टर सईदुज़्ज़फर, इम्तियाज पहलवान, मास्टर ज़फर इकबाल और रईस मिस्त्री आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक दुआ के साथ हुआ।

# कुरआन मुकम्मल पर रूहानी महफिल का हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय



कुरान मुकम्मल के दौरान मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

**बिलासपुरः** मुकद्दस रमजान महीने के आखिरी अक्षरें में नगर क्षेत्र की मस्जिदों में कुरआन मुकम्मल के मौके पर रूहानी महफिलों का शानदार आगाज किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार की रात बाद नमाजे तरावीह चार मस्जिदों में हुए कुरआन मुकम्मल के दौरान मस्जिदें खूबसूरत रोशनी से जगमगाती देखी गई।

नगर की खजूरों वाली मस्जिद में कुरआन पाक मुकम्मल होने पर दीनी महफ़िल का आयोजन किया। इस दौरान मस्जिद के इमाम मौलवी अहमद नबी ने कुरआन की तिलावत की जबकि समा फराइज हाफ़िज़ इस्लाम साहब रहें। बतौर मेहमान खुसूसी पहुंचें शहर इमाम मौलाना नासिर खां साहब ने तकरीर बयां करते हुए आपसी भाईचारे पर जोर दिया। मोहल्ला भट्टी टोला स्थित सय्यदों वाली मस्जिद में हाफिज सलमान ने कुरआन सुनाया जबकि समा ए फराइज हाफ़िज़ मुद्दसिर साहब रहें। इस मौकें पर मस्जिद के सदर मुतावल्ली सैय्यद मुजीब मियां,सैय्यद आदिल मियां,सैय्यद सैफ मियां,मौहम्मद हसन खां, नाजिम खां,शफी उर्फ मुन्ने खां,भूरा खां,काशिफ खां आदि मौजूद रहे। वहीं टांडा हुरमत नगर स्थित नूरी मस्जिद में भी बीती रात कुरआन मुकम्मल पर रूहानी महफिल का आयोजन किया गया। इसमें मौलाना मुख़्तार अहमद साहब ने कुरआन सुनाया जबकि मौलाना मुईन खां मिस्बाही ने कुरआन सुना। इस मौके पर कमेटी के सदर मौहम्मद अली, खजांची मुहम्मद क़ासिम, अब्दुल मोबीन अंसारी एडवोकेट, मुस्तफा हुसैन अंसारी एडवोकेट, मोहम्मद आलिम, मोहम्मद अहमद,कलीम अहमद आदि मौजूद रहे।उधर तहसील क्षेत्र के हिरण खेड़ा गांव स्थित मदीना मस्जिद में 27 वीं शब तरावीह के दौरान कुरआन मुकम्मल हुआ। मस्जिद इमाम हाफिज व कारी मोहम्मद फुरकान रज़ा रामपुरी ने कुरआन सुनाया जबकि समा फराइज हाफ़िज़ मोहम्मद रजा रहे। कार्यक्रम के दौरान सय्यद जावेद मियां,सदर सखावत खां, इस्तेखार खां, मोहम्मद आलिम,भूरा खां, यासीन खां, अल्हाज सैय्यद यूनुस मियां आदि ने हाफिजों की गुलपोशी की।

## एक नजर

### आंबेडकर पार्क की जमीन पर कब्जे के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**स्वार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम रायपुर चुन्नावाला में अम्बेडकर पार्क की सरकारी जमीन पर कथित अवैध कब्जे के प्रयास को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण तहसील स्वार पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने उपजिलाधिकारी अमन देओल को ज्ञापन सौंपकर मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की ग्रामीणों का आरोप है कि अम्बेडकर पार्क के समीप स्थित भूमि को जल निकासी एवं सार्वजनिक उपयोग के लिए खाली छोड़ा गया था, जिसका उपयोग पूरे गांव के लोग करते आ रहे हैं। आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंग लोग इस जमीन पर जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर रहे हैं। ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा कि वे शांतिप्रिय लोग हैं, लेकिन दबंगई के चलते सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है और गांव का माहौल भी खराब हो रहा है।प्रदर्शन में मुन्नी लाल, विनीत कुमार, अतर सिंह, धीरेंद्र सिंह, मोहम्मद रफी, शिवचरण, इमरत सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। प्रशासन ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# अनुभव और युवा शक्ति के समन्वय से मजबूत होगी भाजपा : हरीश गंगवार

## भाजपा जिला कार्यकारिणी में युवाओं और महिलाओं का रहा दबदबा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि युवाओं की शक्ति और वरिष्ठ नेताओं के अनुभव से पार्टी और मजबूत होगी। इस बार महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ी है, जिससे न सिर्फ भाजपा का महिला सशक्तिकरण का नारा बुलंद होगा, बल्कि महिलाओं का अपार समर्थन भी मिलेगा। वह राम विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर नए पदाधिकारियों के स्वागत समारोह में बोल रहे थे। भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी गठित हो गई है।


कार्यक्रम में मौजूद राज्यमंत्री विधायक एवं पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि कुंवर बहादुर राजपूत, विकास दीक्षित, सुनील मौर्य, संतोष सिंह खैरा, विवेक रूहेला, करतार सिंह लोधी, पारूल अग्रवाल एवं प्रदीप गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जबकि, जगपाल सिंह यादव, रविंद्र सिंह रवि एवं अर्जुन रस्तोगी को जिला महामंत्री नियुक्त किया है। श्वेता शर्मा, श्रेया मदान, गंगादेवी दिवाकर, अमृता रंधावा, श्यामल मिर्धा, पवन विश्वकर्मा, पंकज सैनी एवं दीपक गुप्ता को जिला मंत्री बनाया है। इसके अलावा ओमप्रकाश लोधी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, जिला प्रभारी राजा वर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का मालाएं एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों पर आगामी चुनावों की पूरी जिम्मेदारी है। ऐसे में सभी अपने दायित्व की महत्वता को समझें और पार्टी हित में दिनरात कार्य करें। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भी सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस मौके पर बिलासपुर नगर पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल, मिलक नगर पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार, पूर्व जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, अर्चना गंगवार, सुभाष भटनागर, भारत भूषण गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### पीयूष और पूजा बनीं नामित सभासद

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने बताया कि रामपुर नगर पालिका में पांच नामित सभासद बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि पीयूष श्रीमाली, पूजा शर्मा, विवेक विश्नोई, मुकेश आर्य एवं अजय अरोड़ा सम्मिलित हैं। जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने सभी नामित सभासदों का भी माला पहनाकर स्वागत किया।

# शासन ने टांडा नगर पालिका में पांच सभासद नामित किए

- सूची जारी होने के बाद भाजपा के एक खेमे में नाराजगी

जागरण मोर्चा कार्यालय


उमेश चंद्र सैनी।


शरीफ अहमद।


शोभा।

**टांडा :** नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश ने स्थानीय नगर पालिका परिषद में पांच सभासद नामित किए हैं। शासन की अधिसूचना जारी होने के बाद नामित सभासदों के समर्थकों में खुशी का माहौल है। समर्थकों ने फूल मालाएं पहनाकर सभासदों का स्वागत किया।वहीं भाजपा के एक खेमे में सूची को लेकर नाराजगी है।

शासन की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार नगर पालिका परिषद टाण्डा के लिए उमेश चन्द्र सैनी पुत्र रामस्वरूप सैनी, शोभा पत्नी हरिओम रुहेला, मेवाराम सागर पुत्र रूपचन्द्र सागर, योगेश सैनी पुत्र करन सिंह सैनी और शरीफ अहमद पुत्र मोहम्मद जमील को नामित सभासद बनाया गया है। अधिसूचना जारी होने के बाद नामित सभासदों और उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है। नगरपालिका परिषद में 25 निर्वाचित सभासद हैं,अब शासन के नगर विकास विभाग द्वारा 5 सभासद नामित किए जाने के बाद अब सभासदों की कुल संख्या 30 हो गयी है। शासन द्वारा नामित किए गए ये सभासद नगर पालिका बोर्ड की बैठकों में भाग लेकर नगर विकास से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय रखेंगे और जनहित के कार्यों में सहयोग करेंगे।

नामित सभासदों ने नगर पालिका बोर्ड की बैठक में जनहित की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाने और उनका समाधान कराने की बात कही है।स्थानीय नगर पालिका परिषद में शासन के नगर विकास विभाग द्वारा नामित किये गए पांच सभासदों में एक सभासद नगर पालिका परिषद के मतदाता नहीं है।उनके नामित होने को लेकर मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# शाहबाद नगर पंचायत के लिए विनीत अमित और अर्पित बने नामित सभासद

जागरण मोर्चा कार्यालय


विनीत कुमार।


अर्पित कुमार।


अमित चंद्रवंशी।

**शाहबाद।** नगर पंचायत शाहबाद में भारतीय जनता पार्टी द्वारा तीन कार्यकर्ताओं को नामित सभासद बनाया गया है। नामित सभासदों में वार्ड मंगोली के विनीत कुमार समेत नगर के अमित चंद्रवंशी और अर्पित कुमार शामिल हैं। तीनों कार्यकर्ताओं को सभासद नामित होने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।

पार्टी नेतृत्व ने संगठन के प्रति सक्रियता और जनसेवा में योगदान को देखते हुए इन तीनों को यह जिम्मेदारी सौंपी है। नामित सभासदों ने कहा कि वह नगर के विकास कार्यों को गति देने और आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी उम्मीद जताई कि नए नामित सभासद नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे।


शाहबाद में कुरान मुकम्मल के मौके पर बयान करते इमाम। -जागरण मोर्चा

# मस्जिद आयशा में कुरान मुकम्मल के मौके पर मुल्क में अमन चैन की दुआएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** शहर के आंवला चौराहे स्थित मस्जिद आयशा में सोमवार देर रात कुरान मुकम्मल हुआ। मस्जिद में हाफिज मोहम्मद अयान ने कुरान सुनाया और मुफ्ती फ़राज़ ने कुरान सुना। कुरान ए पाक मुकम्मल के मौके पर मौलाना राफे ने कुरान की तिलावत ओर इस्लाम की तालिम पर रोशनी डाली।

वहीं मेहमान ए खुसूसी के तौर पर शामिल हुए मुफ्ती साकिब ने रोजे की फजीलत और रमजान में सदका और फित्रा देने के बारे में लोगों को बताया। इस दौरान मुफ्ती साकिब ने मुल्क में अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआएं भी कराई। मस्जिद कमेटी के लोगों में साजिद मियां,सरताज मियां, खालिद मियां, भूरा मास्टर, फारुख, अजीम मियां, इर फान मियां, सरताज खान, कारी फैजान,शाज़मान आर्यन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# मानपुर की मदीना मस्जिद में कुराने पाक हुआ मुकम्मल मुल्क व मिल्लत के लिए मांगी दुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी:** मानपुर की मदीना मस्जिद में सत्ताईसवीं तरावीह मे सोमवार की रात कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल की गई। इस मौके पर मस्जिद को सजाया।देश के हित में दुआ की गई। कुराने पाक की तिलावत करने वाले हाफिज को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया।


मानपुर की मदीना मस्जिद में कुरान मुकम्मल होने पर कमेटी के सदस्य द्वारा इमाम का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। -जागरण मोर्चा

मस्जिद में एक जलसा मुनाकिद किया। इस दौरान उलेमा ने लोगों को कुरान व रमजान का महत्व समझाया। कहा कि यह महीना बरकतों से लबरेज है और गुनाहों से तौबा करने का महीना है, मानपुर मदीना मस्जिद में सोमवार की शाम नमाज ए तरावीह में कुरान पाक की तिलावत मुकम्मल की गई। नमाज तरावीह के दौरान कुराने पाक की तिलावत कारी शहादत हुसैन ने की। जबकि सामा के फराइज हाफिज मोहम्मद इमरान ने पूरे किए, मस्जिद कमेटी ने कुरान हाफिज को उपहार भेंट किए। इस दौरान उलेमा ने अपनी तकरीर में कहा कि रमजान का महीना बरकतों से लबरेज है अल्लाह ताला अपने बंदों को बरकतों से नवाजता है। इस महीने में अल्लाह ताला रोजेदारों के गुनाहों को माफ कर देता है। यह महीना कुरआन की तिलावत करने का महीना इस महीने मे ज्यादा से ज्यादा कुरआन की तिलावत करनी चाहिए। रमजान का महीना तोबा और गुनाहों से बचने का है। सभी को रोजा और नमाज और कुरआन की तिलावत की पाबंदी कर गुनाहों से तौबा करनी चाहिए। मिल्लत की सलामती के लिए दुआ कराई। इस दौरान मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष हाजी आबिद हुसैन,शकील अहमद अंसारी, इस्लाम ठेकेदार, मस्जिद मदीना के इमाम शहादत हुसैन, सहित काफी तदाद में लोग मौजूद रहे।

# भूवरा मस्जिद में कुरान हुआ मुकम्मल हाफिजों की गुलपोशी



मसवासी के मोहल्ला भूबरा में कुरान मुकम्मल होने के बाद इमाम को उमराह का पैकेज सौंपते मस्जिद कमेटी के लोग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी:** मोहल्ला भूबरा नगर पंचायत मसवासी स्थित जामा मस्जिद मे रमजान के मुबारक महीने में तरावीह की नमाज के दौरान कुरान मुकम्मल हो गया। मौलाना कमर रजा द्वारा कुरान सुनाया। जिसके बाद दुआए की। मौलाना कमर ने मस्जिद में लोगों को खिताब करते हुए कहा रमजान के पाक महीने में अपनी जुबान,नजर और कानों को पाक रखे नमाज और कुरआन की तिलावत में जहन लगाए। इस मौके पर हाजी लियाकत हुसैन, मोहम्मद अहमद मुल्लाजी,मोहम्मद नवी हाजी ,अब्दुल हसन, इकरार अहमद , महबूब अली, आरिफ, इस्लाम, सलीम, शकील, दिलशाद, रिजवान, इरशाद एवं बस्ती वाले मौजूद रहे।

# स्कूली बच्चों को कराया गया भ्रमण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब रामपुर द्वारा एक दिवसीय वैज्ञानिक शोध प्रयोगशाला का भ्रमण व वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम के लिए मंगलवार को आनंदा मिल्क डेयरी लिमिटेड, गजरौला ले जाया गया।

100 मेधावी विद्यार्थियों को व 10 विज्ञान शिक्षकों को सुबह 10 बजे मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर भ्रमण वाहन 2 बसों को गांधी समाधि से रवाना किया। झंडी दिखाकर भ्रमण वाहन 2 बसों को रवाना करने के लिए अतिथि के रूप में अशोक कुमार, शिव शंकर सिंह, रचना चतुर्वेदी, राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज, फैजान सईद, लक्ष्मी यादव सभी


बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीडीओ। -जागरण मोर्चा

अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। सभी अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर भ्रमण वाहन को रवाना किया। झंडी दिखाने के बाद सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया वहां पर दूध प्रसंस्करण से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को विद्यार्थियों को गहनता से समझाया व दिखाया। उनके पीछे की वैज्ञानिक प्रक्रिया को भी समझाया गया विद्यार्थियों ने बहुत गहनता के साथ औद्योगिक संस्थान की समस्त गतिविधियों को बारीकी से समझा। भ्रमण में गए सभी विद्यार्थियों को रेखा गुप्ता, प्रवक्ता कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं ने व्याख्यान के माध्यम से सभी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।दीपक कुमार गुप्ता ने अपने व्याख्यान में दूध के फटने के पीछे की रासायनिक वजह दूध से पनीर के बनने की रासायनिक प्रक्रिया, दही के बनने की रासायनिक प्रक्रिया आदि को लेकर गहनता से समझाया।

आनंदा मिल्क डेयरी लिमिटेड के सहायक प्रबंधक हितेंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों को गहन रूप से प्रयोग प्रदर्शन के माध्यम से औद्योगिक संस्थान में चल रही प्रक्रियाओं को समझाया। सभी प्रयोग प्रदर्शकों को कराकर दिखाया। आनंदा मिल्क डेयरी लिमिटेड, गजरौला, उत्तर प्रदेश के तकनीशियन बबलू सिंह, जुबैर अहमद, विक्की कौशल आदि ने सभी विद्यार्थियों को औद्योगिक संस्थान का भ्रमण कराया। कार्यक्रम में अरुण कुमार, योगेश कुमार, नदीम अहमद, सरिता गुप्ता, निधि जायसवाल, अंकुर सिंह आदि उपस्थित रहे

# चांद मस्जिद में कुराने पाक हुआ मुकम्मल


कुरान मुकम्मल होने के बाद हाफिज को फूल माला पहनाते नमाजी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी:** नगर की चांद मस्जिद में सत्ताइस तरावीह में सोमवार की रात कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल की। इस मौके पर मस्जिद को सजाया। कुराने पाक की तिलावत करने वाले हाफिज को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उलेमा ने लोगों को रमजान का महत्व समझाया।

नगर की चांद मस्जिद में सोमवार की शाम नमाज ए तरावीह में कुरान पाक की तिलावत मुकम्मल की गई। नमाज तरावीह के दौरान कुराने पाक की तिलावत मुफ्ती खुर्शीद आलम ने की जबकि सामा के फराइज हाफिज मोहम्मद जाकिर ने पूरे किए। मस्जिद कमेटी ने कुरान हाफिजों को उपहार भेंट किए। इस दौरान चांद मस्जिद के शाही इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम ने अपनी तकरीर में कहा कि रमजान का महीना बरकतों से लबरेज है। अल्लाह ताला अपने बंदों को बरकतों से नवाजता है। इस दौरान मोहम्मद फारूक वकील, मोहम्मद जाकिर, समशुद्दीन, निजामुद्दीन, मोहम्मद आरिफ, शकील अहमद, मोहम्मद शाहिद, जमील अहमद मास्टर, मोहम्मद इकबाल अंसारी, मोहम्मद हसन मालिक, सभासद मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद नूर, मोहम्मद हारून, साबिर मिया सहित काफी नमाजी मौजूद रहे।

# टीबी दिवस की तैयारियों में जुटा क्षय रोग विभाग

## 24 मार्च को मनाया जाएगा जिले में दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल स्थित जिला क्षय रोग केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी विश्व टीबी दिवस को मनाने के लिए तैयारियों में जुट गए है। क्योंकि हर साल विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है। इस दिन वैश्विक स्तर पर क्षय रोग और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। विश्व टीबी दिवस के दिन टीबी के शीघ्र निदान और समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डालता है। साथ ही यह विश्व स्तर पर टीबी उन्मूलन के लिए और अधिक प्रयास करने को प्रोत्साहित करता है। स्वास्थ्य संगठन विश्व टीबी दिवस का उपयोग समुदायों को



जिला अस्पताल स्थित जिला क्षय रोग केंद्र। -जागरण मोर्चा

टीबी के लक्षणों और रोकथाम के बारे में शिक्षित करने के लिए करते हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.सत्यप्रकाश ने बताया कि जनपद में 24 को विश्व टीबी दिवस मनाया जाएगा। जनपद में अभी 5 हजार से अधिक टीबी रोगी सक्रिय है। जिनका उपचार चल रहा है। टीबी की रोकथाम के लिए शासन से दिशा निर्देशानुसार समय-समय पर अभियान संचालित होते हैं। विश्व टीबी दिवस के बाद जनपद में 100 दिवसीय अभियान भी चलेगा। जिसमें सुपरवाइजर घर-घर जाकर सैंपलिंग करेंगे।

# 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का विद्यालय में शतप्रतिशत नामांकन हो जाए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा:** मंगलवार को एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं विद्यालय प्रबंध समिति उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन बीआरसी नेकपुर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमल कुमार के निर्देशन एवं खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार के मार्गदर्शन में किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी भगतपुर टांडा मोहित कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की गाइडलाइन के अनुपालन में प्रदेश का प्रत्येक बच्चा विद्यालय में नामांकित कर उसको निशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं कार्य पुस्तक स्कूल बैग जूते-मौजे मध्यान भोजन आदि सुविधा निशुल्क उपलब्ध की जानी है। इस कार्य में विद्यालय प्रबंध समिति का अहम योगदान है। एआरपी करून चौहान ने बताया कि विद्यालय प्रबंध समिति एवं स्थानीय प्राधिकारी के सदस्यों द्वारा यह सुनिश्चित करना है कि उनके गांव में रहने वाले 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकन हो जाए।

वरिष्ठ शिक्षक सुभाषचन्द्र ने बताया की विद्यालय प्रबंध समिति परिषदीय विद्यालयों में बच्चे एवं अध्यापकों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को निशुल्क दो सैट यूनिफॉर्म, पाठ्य पुस्तके, कार्य पुस्तिकाएं, स्कूल बैग एवं जूते मौजे तथा मध्यान भोजन का वितरण सुनिश्चित करवाना है।

# कमोरा की बिलाल जामा मस्जिद में कलाम-ए- पाक मुकम्मल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**धमोरा:** शहजादनगर थाना क्षेत्र के कमोरा गांव की बिलाल जमा मस्जिद में 27 वीं तरावीह को कुरआन ए पाक मुकम्मल हुआ। जहां नमाज ए तरावीह के बाद मौलवियों ने तकरीर में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मस्जिद के इमाम मुफ्ती वसीम रजा की मौजूदगी में हाफिज शब्बर अली ने कलाम सुनाया और हाफिज अली रजा ने कुरआन सुना। इस दौरान हिफ़्ज करने में आयी अटकलों को हाफिज शब्बर अली ने दुरुस्त किया।


कुरआन ए पाक मुकम्मल के दौरान मौजूद उलेमा। -जागरण मोर्चा

गांव से कमेटी की इंतजामियां तैयारियों को लेकर ग्रामीणों ने अपनी अपनी तराबीह की नमाज को अदा दिया। जिसके बाद कुरआन मुकम्मल के बाद सभी ने अपनी तरावीह बख्श वाई। जिसके चलते मस्जिद में जलसे का प्रोग्राम किया गया। जिसमें बाहर से भी कई मौलवी जलसे में शिरकत करने पहुंचे। मुफ्ती वसीम रजा ने कहा रमजान रहमतों - नेमतों का महीना हमसे रुखसत होने वाला है। इस महीने में नाफिलों का सबाब फर्जों के बराबर मिलता है। साथ ही उन्होंने बताया की यह आखिरी आशरा चल रहा है।

शबे कद्र को 21, 23 25 ,27, 29 में ढूंढो यह रात बड़ी फजीलत वाली रात होती है। इसके बाद उन्होंने मुसलमान को इस माह में अल्लाह को राजी करने के लिए ज्यादा से ज्यादा इबादत करने की बात कही। जिसके बाद हाफिज अली रजा ने मुल्क में अमन तो सुकून के लिए लोगों को दुआ कराई। इस दौरान इंतजामिया कमेटी के सदस्य और अन्य लोगों ने गुलपोशी की। इस अवसर पर शकीर अहमद, जावेद मलिक, नसरुद्दीन, इम्तियाज सैफी, हाजी मोहम्मद उमर, मुनीम, अहमद रजा, जाफिर मलिक, प्रधान प्रत्याशी नन्हे मियां बिस्कुट वाले नईम कबाड़ी समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### आउटसोर्सिंग की नियुक्ति में हुई धांधली

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की नियुक्तियों में धांधली हुई है। शहर के मोहल्ला पीपल वाला घेर निवासी विमला देवी ने आरोप लगाया है कि नगर पालिका में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। जिसमें बिना शासनादेशानुसार नियुक्ति हुई। जिसमें बड़े बड़े लोगों के नाम नियुक्ति में शामिल किए है। जिसमें बड़े पैमाने पर घूसखोरी की गई। किसी भी गरीब परिवार के एक सदस्य नाम नियुक्ति में शामिल नहीं किया गया है।

### कोतवाल ने लिया ईदगाहों का जायज़ा

**शाहबाद।** मंगलवार को शाहबाद कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार ने आगामी त्यौहार ईद उल फितर के मद्देनजर नगर की ईदगाह समेत क्षेत्रभर की ईदगाहों का जायज़ा लिया। इस दौरान ईद की नमाज़ को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बिलारी रोड स्थित ईदगाह के निरीक्षण के दौरान ईदगाह के चारों ओर की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित को को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं चकरपुर भूड़ की ईदगाह का भी जायजा लिया।

# युद्ध की परिस्थितियों में उद्यमी सरकार के साथ : एस के गुप्ता

## निर्यात में ट्रांसपोर्टेशन और इन्शुरेन्स की समस्याएं आ रही

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा


कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** बैठक में आईआईए के संरक्षक एस के गुप्ता ने कहा कि अमेरिका - ईरान के युद्ध के कारण उत्पन्न परिस्थितियों में उद्यमी सरकार के साथ है ,ओर उनमे किसी प्रकार का पैनिक नहीं है। उन्होंने आम नागरिकों से भी धैर्य रखने की अपील की।

सिविल लाइंस स्थित होटल में आई आईए की बैठक हुई। जिसमें आई आई ए के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने कहा कि कुछ दल और कुछ मीडिया ग्रुप राजनीतिक कारणों से जनता में गैस में कमी का भय का वातावरण फैला रहे है। जनता को उकसाने का प्रयास कर रहे है। जब पड़ोस में युद्ध चल रहा है तो कुछ परेशानियां आएंगी ही, हमे उसका सामना करने की मजबूत इच्छा शक्ति बनानी पड़ेगी। आईआईए के सचिव मनोज गर्ग ने कहा कि निर्यात में ट्रांसपोर्टेशन ओर इन्शुरन्स की समस्याएं आ रही है, सेवाएं महंगी हो रही है। इमरजेंसी वॉर सरचार्ज लगाया गया है ,उनसे उद्यमों को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इंडस्ट्री परेशानियों का सामना कर रही है, लेकिन सरकार अपनी ओर से पूरे प्रयास कर रही है। आशा है कि जल्दी युद्ध समाप्त होगा। मीटिंग में सदस्यों ने रामपुर विकास प्राधिकरण के आने वाली विस्तारीकरण मास्टर प्लान हेतु अपने सुझाव प्रस्तुत किये।

बैठक में सदस्यों ने सुझाव दिए के कुछ उपलब्ध सस्ती भूमि के क्षेत्र को उद्योगों, अस्पताल मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि वाली श्रेणी में रखना चाहिए। सड़क से लगी भूमि को कमर्शियल एवं उद्योगों के लिए, श्रेणी में रखना चाहिए। मौके पर जो धरातल पर स्थिति है उसको नई योजना में उसी प्रयोजन की घोषित कर देनी चाहिए। सर्वे टीम को उस छेत्र के लेखपाल, प्रधान ,पंचायत सदस्यों के सुझाव भी शामिल कर लेने चाहिए। सुनिश्चित करना चाहिए के एक क्षेत्र में मिक्स लैंड यूज़ न हो। बैठक में सरकार की ओर से उद्यमियों के लिए की गई नई योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

### यह लोग रहे मौजूद

बैठक में वाईस चेयरमैन मनोज गुप्ता, आदर्श अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, महिला चेयरपर्सन गार्गी सरदाना, अजय अग्रवाल, मनोज गुप्ता, भारत गुप्ता, सुनील भगत, विमल मिश्रा, अनुज गुप्ता, अमित अग्रवाल, अंकुर रस्तोगी, दिलीप रस्तोगी, विनीत कुमार, नवनीत गुप्ता, रतन गुप्ता, आर्यन सरदाना आदि सदस्य उपस्थित रहे।


परीक्षा का निरीक्षण करते एसपी। -जागरण मोर्चा

# एसपी ने प्रशिक्षु आरक्षियों की परीक्षा का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के साथ पुलिस लाइन में चल रही आरटीसी प्रशिक्षु आरक्षियों की परीक्षा का निरीक्षण किया। परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि आरटीसी की इनडोर परीक्षाएं 17 से 25 मार्च तक पुलिस लाइन में आयोजित की जा रही हैं । परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की उपस्थिति, अनुशासन एवं परीक्षा कक्ष की व्यवस्थाओं की भी जांच की गई । परीक्षा ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता न होने पाए।अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा अभ्यर्थियों से भी संवाद कर उन्हें परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं तथा मेहनत और ईमानदारी के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन,टांडा एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे और परीक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है।

# सीओ सिटी से की मुकदमा निरस्त करने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय


सीओ सिटी को ज्ञापन देते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** पूर्व बार अध्यक्ष एवं सपा नेता सतनाम सिंह मट्टू अधिवक्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। उसके बाद ज्ञापन सीओ सिटी जितेंद्र कुमार को दी। जिसमें कहा कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता युसुफ मलिक निवासी मुरादाबाद के विरूद्ध थाना गंज पर एक मुकदमा लिखा गया है जिसमें उन्होने इजराइल, अमेरिका व ईरान के बीच हो रहे युद्ध में ईरान की 160 बेटियों की हत्या का विरोध व शोक व्यक्त करने के लिये कहा गया है।

कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत सभी नागरिकों को बोलने लिखने और विभिन्न माध्यमों से अपने विचार स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने का मौलिक अधिकार प्रदान किया गया है। इसी के साथ संविधान 19 (2) में भारत की सुरक्षा और विदेशियों राज्यो के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों सालिनता या नैतिकता न्यायालय की अवमानना या मानहानि के आधार पर अवरोध लगाया गया है। युसूफ मलिक के बयान से न तो भारत के किसी देश से संबंध खराब हो सकते हैं न ही भारत की सुरक्षा को कोई खतरा है और न ही देश में किसी तरह का कोई दंगा हो सकता है। ऐसे में थाना गंज पर यूसुफ मलिक के विरुद्ध दर्ज मुकदमा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) का उल्लंघन है इसलिये तत्काल प्रभाव से इस मुकदमे को निरस्त किया जाए।

# 445 लाभार्थियों को मिली पहली किस्त


स्वीकृत पत्र दिखाते लाभार्थी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकास भवन सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2 के तहत लखनऊ से सजीव प्रसारण का आयोजन किया। जिसके तहत प्रदेश के 90 हजार लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से 900 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई।

इस दौरान शहर विधायक आकाश सक्सेना एवं जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी सहित लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना। कार्यक्रम में शहर विधायक एवं जिलाधिकारी द्वारा लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। जनपद की नगरीय निकायों में बिलासपुर के 100, दढ़ियाल के 55, केमरी के 74, नरपत नगर के 31, रामपुर के 20, सैफनी के 100, स्वार के 41 तथा टांडा के 24 लाभार्थियों सहित कुल 445 लाभार्थियों के खातों में प्रति लाभार्थी 1 लाख रुपये की पहली किस्त डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई।

# मोती मस्जिद में क़ुरआन-ए-पाक मुकम्मल लैलतुल क़द्र की फ़ज़ीलत पर रोशनी डाली

जागरण मोर्चा कार्यालय


थीं। -जागरण मोर्चा

**स्वार।** स्वार की नगर पंचायत नरपत नगर स्थित मोती मस्जिद में तरावीह के दौरान कुरान-ए पाक मुकम्मल हुआ। इस मौके पर दारुल उलूम साबिरिया के मोहतमिम कारी मुहम्मद आमिल साबरी ने तकरीर करते हुए लैलतुल कद्र की अहमियत पर विस्तार से रोशनी डाली।

कहा कि लैलतुल क़द्र इस्लाम की सबसे अफ़ज़ल और बरकत वाली रात है। इसी मुबारक रात में क़ुरआन-ए-पाक नाजिल हुआ। इस रात की इबादत हज़ार महीनों से बेहतर बताई गई है। यह रात रहमत, मग़फ़िरत और जहन्नम से निजात की रात है, जिसमें अल्लाह तआला अपने बंदों की दुआओं को क़ुबूल करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस रात को नमाज़, तिलावत, ज़िक्र और दुआ में गुज़ारें। मस्जिद के इमाम मौलाना गुलाम मोहिउद्दीन ने क़ुरआन-ए-पाक सुनाया और अपने बयान में कहा कि अल्लाह तआला ताक रातों को पसंद करता है। इन रातों में की गई इबादत का सवाब कई गुना बढ़ जाता है, इसलिए हर शख़्स को ज्यादा से ज्यादा इबादत कर अपने रब को राज़ी करने की कोशिश करनी चाहिए। कार्यक्रम में हाफ़िज़ राशिद अली और क़ारी तस्लीम सकलैनी ने कलाम-ए-पाक पेश किया। इस दौरान अनवर खान, राशिद खान, दानिश खान, शरीफ खान, रफी नेता, शोएब खान, शाहनवाज पाशा, नवाब प्लंबर, शरीफ अंसारी, हाशिम साबरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।अंत में मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए खास दुआ की गई।

# किसान की कोई बात सुनने को तैयार नहीं : भानु प्रताप

## अधिकारी अस्पतालों, नर्सिंग होमों के खिलाफ गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करें

जागरण मोर्चा कार्यालय


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते किसान। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की पंचायत कलेक्ट्रेट में जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार के नेतृत्व में संपन्न हुई। जिसके प्रदर्शन किया।9 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा।

जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि किसान इस वक्त उस दौर से गुजर रहा है। किसान की कोई बात सुनने को तैयार नहीं हैं। हम पिछले कई दिनों से किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों अवगत करा रहे है लेकिन कोई निस्तारण नहीं हो रहा (अराजनैतिक) गुट समस्या से समाधान तक लड़ाई लड़ने का काम करती है। अगर आज दिए गए ज्ञापन का समाधान नहीं हुआ तो आने वाली 17 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरना लगाएंगे।

उन्होंने कहा जिले की कई नहरें बंद हैं। जिनमें बिलासपुर माइनर से बेगमाबाद तक स्वार तहसील में स्थित राजनगर नहर भी शामिल है। इससे चांदपुरा जदीद, घोमरी, गुलाम गंज, रुस्तमपुर, गदईया व हरसुनगला के हजारों किसान कई वर्षों से सिंचाई से वंचित हैं. शिकायतें लगातार की जा रही हैं, लेकिन दुर्भाग्य से आज तक कोई समाधान नहीं निकला है। उन्होंने का स्वास्थ्य विभाग जिले के सभी अवैध नर्सिंग होमो के खिलाफ कार्रवाई करें आए दिन इन नर्सिंग होम में आए दिन महिलाओं की मौत की खबर सामने आती है जिसे स्वास्थ्य विभाग द्वारा बंद किया जाता है,वो नर्सिंग होम हॉस्पिटल नए नाम से खुल जाते हैं।

स्वास्थ्य विभाग इन अवैध अस्पतालों नर्सिंग होमों के खिलाफ गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करें। जिला अस्पताल में भी मरीजों की देखभाल नहीं की जा रही है। डॉक्टर रात में ड्यूटी पर नहीं रहते हैं। अस्पताल में कुछ दलालों जैसे लोगों को नियुक्त किया, जो शिकायत करने वालों को धमकाते हैं।

उन्होंने कहा किसानों को बिजली समय से नहीं दी जा रही है जो कि किसान देश की रीढ़ की हड्डी है। बिजली समय से मिलना चाहिए गरीब किसानों को। किसानों के नामों में मामूली त्रुटियों के बावजूद खतौनी के तहत सुधार नहीं किए जा रहे हैं । लेखपाल किसानों को परेशान करता है; किसान बार-बार चक्कर लगाते हैं। यदि चार बीघा जमीन है। उसमें तीन भाई हिस्सेदार हैं, तो उनका हिस्सा कैसे तय किया जाए। इस काम को ग्राम सचिवालय में शिविर आयोजित करके किया जाना चाहिए। ताकि तत्काल बंटवारा सुनिश्चित किया जा सके। इस मौके पर सरदार अवतार सिंह, सुनील मौर्य, फरीद खां, बाबर खा, शहीद खां, रामपाल पटेल, राजपाल, सरदार दुरमंद सिंह, डॉ. नीरज कुमार, भानु प्रताप, फूल सिंह गंगवार, अनिल बघेल, नरेश गंगवार, राजपाल शर्मा, अनोखे लाल, फाजिल अंसारी, समीर खां, जुनैद खां, विजय पाल कश्यप, रामनाथ मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी अब्दुल रज्जाक खान सहित अधिक संख्या में किसान मौजूद रहे।

# रज़ा- ए- मुस्तफा मस्जिद में 27वीं तरावीह को मुकम्मल हुआ कुरान

जागरण मोर्चा कार्यालय


बाजार वाली मस्जिद में कुरान मुकम्मल के मौके पर मौजूद इमाम और नमाज़ी।

**शाहाबाद।** नगर के बाजार वाली मस्जिद रजा मुस्तफा में 27वीं तरावीह के मौके पर कुरान ए पाक मुकम्मल हुआ। इस दौरान रजा मुस्तफा मस्जिद में हाफिज गुलाम ने कुरान ए पाक को सुना व हाफिज मोहम्मद राशिद रजा ने कुरान सुनाया। जिन्होंने अपने खूबसूरत बेहतरीन आवाज में रमजान के मुबारक महीने में कुरान शरीफ की तिलावत की गई।

कुरान मुकम्मल के दौरान हाफ़िज़ गुलाम ने रमजान की फजीलत बयान करते हुए कहा कि रमजान का महीना सभी महीनों से अफजल है इसमें इबादत करने का अलग ही मेहतब है इसलिए मोमिन रमजान के महीने में रोजे रखता है कसरत से इबादत करते है और कुरान पाक की तिलावत करते हैं। अंत में मुल्क के चैन अमन की दुआ कराई गई। इस दौरान इमरान रज़ा रफीक मलिक असलम मलिक आरिफ मलिक इरफ़ान मलिक अली सैफी अकबर सैफी आदि लोग मौजूद रहे।

# मनरेगा भुगतान को कांग्रेसियों ने किया विकास भवन में प्रदर्शन

## मुख्य विकास अधिकारी को भुगतान कराए जाने को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



मनरेगा भुगतान को लेकर विकास भवन में प्रदर्शन करते कांग्रेसी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर:** मनरेगा मजदूरों के बकाया भुगतान को लेकर कांग्रेसियों ने विकास भवन में प्रदर्शन किया। इसके बाद एक ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी को सौंपा।

जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार उर्फ निक्कू पंडित ने कहा कि मनरेगा मजदूरों का पिछले 75 दिनों का बकाया 2000 करोड़ प्रदेश स्तर पर तत्काल दिया जाए। नियम के विरुद्ध भुगतान में हुई देरी के लिए विलंब मुआवजा प्रदान किया जाए। सबका साथ-साथ का नारा देने वाली सरकार गरीबों के पेट पर लात मार रही है। जनपद समेत पूरे प्रदेश में मनरेगा मजदूर भुखमरी की कगार पर हैं। पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि सरकार डिजिटल इंडिया की बात करती है, लेकिन धरातल पर जो कर्मचारी इस योजना को चला रहे हैं। उन्हें 8 महीने से मानदेय नहीं मिला है। ग्राम रोजगार सेवक और संविदा कर्मी आर्थिक तंगी से टूट चुके हैं।

प्रदर्शन करने वालों में नोमान मुम्ताज खां, दुर्गेश मौर्य, भूरा खां, राजू पाशा, जहांगीर खां, सरदार गुरबाज़ सिंह सिंधु, सुखबंत सिंह, हार्पिन्दर सिंह, राजेश लोधी, जकी पाशा, सरताज सैफी, शकील मंसूरी, इमरान अली, मोहम्मद जाकिर, अर्जुन सिंह, राम किशोर लोधी, शिशु पाल लोधी, सतीश कुमार, कमल सिंह, भजन लाल, फहीम अहमद, हशमत अली, आमिर खां, नईम, बहादुर, जयपाल बाल्मीकि, रामू गोस्वामी, मनोज कुमार लोधी आदि मौजूद रहे।

# बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनी सामान्य ज्ञान दीवार

## विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक सराहनीय एवं नवाचारी पहल, अधिगम स्तर में हो रहा उल्लेखनीय सुधार

जागरण मोर्चा कार्यालय



सामान्य ज्ञान की दीवार पर लिखे प्रश्नोत्तर पढ़ते छात्र छात्राएं। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ के मॉडल प्राइमरी स्कूल पट्टी कल्याणपुर में विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक सराहनीय एवं नवाचारी पहल की गई है। विद्यालय परिसर में सामान्य ज्ञान दीवार विकसित की गई है, जो बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

विद्यालय में स्थित किचेन शेड की दीवारों पर सामान्य ज्ञान से संबंधित 500 से ज़्यादा प्रश्न-उत्तर सुव्यवस्थित रूप से लिखवाए गए हैं। इसमें देश-प्रदेश की जानकारी, विज्ञान, इतिहास, भूगोल, पर्यावरण, महाद्वीप, महासागर, गणित के सूत्र एवं आकृतियां, प्रदेश के जनपदों के नाम, खिलाड़ियों के नाम, प्रमुख स्थल सहित विद्यार्थियों के लिए अनेक उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक जानकारियाँ शामिल की गई हैं। बच्चों में सीखने और समझने की रुचि को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक शनिवार को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। तथा प्रतिदिन प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नोत्तरी कराई जाती है। पहल में विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेश कुमार विश्वकर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके मार्गदर्शन एवं शिक्षकों के सहयोग से यह नवाचार सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया है। विद्यालय के शिक्षामित्र राजपाल सिंह ने सारे प्रश्नों को स्वयं लिखा है। राकेश ने बताया कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां बच्चों में जिज्ञासा, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को विकसित करती हैं। सामान्य ज्ञान दीवार का प्रयोग एक प्रभावी शिक्षण अधिगम संसाधन के रूप किया जा रहा है।

एक नजर



## कार की टक्कर से सीजेएम का गाड़ी चालक घायल

**चन्दौसी।** बहजोई रोड पर कार की टक्कर से सीजेएम का गाड़ी चालक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रेमनगर निवासी जसवीर जिला न्यायालय ने सीजेएम का गाड़ी चालक है। वह मंगलवार की सुबह बहजोई रोड स्थित आंबेडकर पार्क के सामने से न्यायालय जाने को ई–रिक्शा का इंतजार रख रहा था। तभी बहजोई दिशा की ओर आ रही कार ने चालक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायल को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने चालक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# एसएम कालेज में आज से आरंभ होगा बोर्ड मूल्यांकन का कार्य

## इंटरमीडिएट के मूल्यांकन लिए दिया गया प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 की उत्तर पुस्तिकाओं के निष्पक्ष व सटीक मूल्यांकन के लिए एसएम इंटर कालेज में मंगलवार को इंटरमीडिएट संबंधित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में प्रवक्ता मनोज कुमार ने उपप्रधआन परीक्षकों/परीक्षकों/अंकेक्षक को माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रदत्त गाइडलाइन के अनुसार मूल्यांकन प्रक्रिया की बारीकियों और उनकी जिम्मेदारियों के विषय में बताया। जिसमें स्पष्ट किया गया कि मूल्यांकन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



एसएम इंटर कॉलेज मे इंटरमीडिएट मूल्यांकन प्रशिक्षण शिविर में बोलते प्रवक्ता मनोज कुमार। –जागरण मोर्चा

शिक्षकों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक स्तर पर कार्य पूरी सतर्कता और सावधानी के साथ किया जाए। मूल्यांकन में एक छोटी सी त्रुटि न केवल छात्र के भविष्य को प्रभावित करती है, बल्कि पूरी परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्त चिन्ह खड़ा करती हैं। इससे परिषद और शिक्षक समाज की छवि धूमिल होती है। उपनियंत्रक राजेश गुप्ता बताया कि मूल्यांकन केंद्र पर अनुशासन बनाए रखने के लिए मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों के उपयोग पर पाबंदी रहेगी।

बोर्ड का मुख्य उद्देश्य है कि प्रत्येक छात्र को उसकी मेहनत का उचित फल मिले और परीक्षा परिणाम पूरी तरह त्रुटिहीन रहे। इस अवसर पर पर्यवेक्षक संजीव सक्सेना, योगेश बाबू संजीव कुमारर, मोहम्मद मुकीम, ममता शर्मा, विनीता रानी, नेहा श्रीवास्तव, आकाश शर्मा, एके सिंह, नेम चंद्र, सत्यपाल, जय प्रकाश, समंद्र, अभिषेक त्यागी, सौरभ गुप्ता, कृष्ण अवतार, संजीव कुमार, शिवम दिवाकर, डिप्टी शंकर आदि मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण में मूल्यांकन को पारदर्शी बनाने को दिए निर्देश

1– उपप्रधान परीक्षक स्वयं उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आदर्श उत्तर पुस्तिका के रूप में करेंगे। इन्हीं आदर्श पुस्तिकाओं के आधार पर वह अपने अधीन कार्य कर रहे हैं।
2– सहायक परीक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे और मूल्यांकन कार्य प्रारंभ कराएंगे। परीक्षकों द्वारा मूल्यांकन की गई उत्तर पुस्तिकाओं में भी उपप्रधान परीक्षक द्वारा निरीक्षित की जाएगी।
3– सभी परीक्षकों को निर्देश दिया गया कि वह निर्धारित तिथि 18 मार्च समय पर मूल्यांकन केंद्र पर पहुंचकर उपप्रधान परीक्षकों से संपर्क करें। निर्धारित कक्ष में बैठकर ही कार्य संपन्न करें।



गौ सेवा करते वैश्य एकता समिति के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

## वैश्य एकता दिवस पर की गायों की सेवा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से संगठन के संस्थापक वैश्य रत्न समाजसेवी स्व. रामदास अग्रवाल की जयंती पर वैश्य एकता दिवस पर गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के पदाधिकारियों व समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर गौ माता की सेवा कर समाज में एकता, सेवा व संस्कार का संदेश दिया। मंगलवार को महासम्मेलन के पदाधिकारियों गोशाला पहुंचे और गायों को हरा चारा, गुड़ व अन्य आहार सामग्री वितरित की गई। वैश्य भामाशाहों ने गो-सेवा को भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि गो संरक्षण एवं सेवा प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। जिलाध्यक्ष अर्चित अग्रवाल ने कहा कि वैश्य समाज सदैव सेवा, समर्पण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए अग्रणी रहा है। वैश्य एकता दिवस केवल एक पर्व नहीं बल्कि समाज को संगठित कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प दिवस है। जिला उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल ने कहा कि गोसेवा हमारी संस्कृति, संवेदना और संस्कारों का प्रतीक है। गो माता केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि कृषि, पर्यावरण और मानव जीवन की आधारशिला है। उनकी सेवा करना समाज और राष्ट्र के प्रति हमारे दायित्व का निर्वहन है। सभी सदस्यों ने समाज में आपसी भाईचारा, सहयोग और एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। नियमित रूप से गोसेवा एवं सामाजिक कार्यों में सहभागिता बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर अमित वार्ष्णेय, अरुण अन्नू रतन, गौरव गोयल, शिखर गोयल, मोहित गुप्ता, अमित अग्रवाल, आशीष गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, नितिन रहोली, इशांक गोयल, अमित मित्तल, तुषार वार्ष्णेय, अभिषेक कुमार, अनमोल कुमार, विवेक चौधरी, अंश गोयल, अभिनव वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## निश्चित तौर पर विद्यार्थियों के पंखों को उड़ान मिली है : राज्यमंत्री

### वृहद रोजगार मेले में 495 अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र किए वितरण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एसएम कालेज में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व कौशल विकास मिशन की ओर से एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले व नियुक्त पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि रोजगार मेलों में योग्य विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र देकर विद्यार्थियों के आत्मबल को बढ़ाने का कार्य किया है। निश्चित तौर पर आज उनके पंखों को उड़ान मिली है, जिससे वह भविष्य में अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। सहायक निदेशक (सेवायोजन) रत्नेश त्रिपाठी ने कहा कि रोजगार मेला के आयोजन विद्यार्थियों को नए अवसरों से परिचित कराते हैं। एसएम कालेज के प्राचार्य दानवीर सिंह यादव ने विद्यार्थियों को इस प्रकार के मेलों से अधिक लाभ लेने की बात कही। वृहद रोजगार मेले में 1017 अभ्यर्थी मौजूद रहे। जिसमें प्रथम स्तर पर नियोजकों द्वारा 495 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। वृहद रोजगार मेले में 42 नियोजकों में से 27 निजी क्षेत्रों के नियोजकों ने प्रतिभाग किया। राज्यमंत्री द्वारा 17 अभ्यर्थियों को मंच से विभिन्न निजी क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा. विशेष कुमार पांडे, मनोज कुमार, स्तुति गुप्ता, नरेंद्र सिंह पाल, डा. सुशील कुमार, गौरव पूठिया आदि मौजूद रहे।



वृहद रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र के साथ मौजूद विद्यार्थी। –जागरण मोर्चा

## पुलिस ने चेकिंग में दबोचे दो आरोपी गोवंशी की हत्या के प्रयास में थे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बहजोई पुलिस ने चेकिंग के दौरान गोकशी करने जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी की गोली से कांस्टेबिल हुआ घायल पुलिस ने आरोपियों के पास से एक बाइक सहित गोकशी करने के औजार बरामद किए हैं।

सोमवार की शाम बहजोई पुलिस आनंदपुर चौराहे पर बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी। तभी बहजोई की ओर से बाक आती दिखाई दी। पुलिस को देख दोनों आरोपी मुड़कर भागने लगे। आरोपियों ने अपनी बाइक नाधौस जाने वाले कच्चे रास्ते पर भगा दी। रास्ता खराब होने पर बाइक फिसल गई। एक आरोपी ने पुलिस पर फायर कर झोंक दिया। जिसमें कांस्टेबिल कुलदीप कुमार गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने आत्म रक्षा को फायरिंग की तो एक आरोपी शहीद निवासी गांव मिर्जापुर थाना बहजोई घायल हो गया। जबकि दूसरा बदमाश अंधेरा का लाभ उठाकर फरार हो गया। फरार हुए बदमाश का नाम सुलेमान निवासी जनेटा थाना बनियाठेर बताया। जिसे पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम भोजपुर थाना बहजोई जाने वाले तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी बहजोई के टिकटा रोड पर गोवंशीय पशु का वध करने की फिराक में थे।



पुलिस हिरासत में खड़े दोनों आरोपी।

## एंटी रोमियों टीम ने पंपलेट बांटकर किया जागरुक

### सरकार की योजना बताकर हेल्प लाइन नंबरों दी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन की ओर से महिला व बालिकाओं की सुरक्षा व स्वालंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को जनपद की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक किया गया। कार्यक्रम में महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने को चौपाल का आयोजन किया गया।

बताया गया कि महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मिशन शक्ति 5 अभियान के अंतर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, विद्यालयों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर टीम पहुंच रही है।



महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान की जानकारी देती एण्टी रोमियो की टीम।

जहां महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरम स्वावलंबन को चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकाल सेवा 112, इमरजेंसी काल/पैनिक बटन मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्प लाइन 181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1939 आदि के पंपलेट बांटकर जागरुक किया गया।

## रमाबाई महाविद्यालय का वार्षिक क्रीड़ा समारोह शुरू, पहले दिन खेलों में छाए बच्चे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला :** रमाबाई अम्बेकर राजकीय महाविद्यालय के 30 वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन भव्यता के साथ किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरपाल सिंह व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमए गौरी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित करके किया।

महाविद्यालय के पूर्व छात्र चैम्पियन लवकुश द्वारा खेल भावना की शपथ दिलाई और मशाल दौड़ की शुरूआत की। पूर्व विधायक हरपाल सिहं ने कहा कि खेल हमारे जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करते हैं। आयोजन सचिव डॉ-नेहा अग्रवाल ने सभी छात्र/छात्रओं को खेल भावनाओं से प्रेरित होकर अपना एवं महाविद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। प्रथम दिवस के खेलों में छात्र वर्ग में 200 मीटर दौड़ में राजेश, ऊंची कूद में नवनीत कौशिक, 400 मीटर दौड़ में लवकुश, गोला प्रक्षेपण में मनीष कुमार, चक्का प्रक्षेपण में निशान्त कुमार व 1500 मीटर दौड़ में लवकुश प्रथम रहे।

छात्र वर्ग में 200 मीटर दौड़, भाला फेंक व ऊंची कूद में उदीशा, 400 मीटर में आंचल, गोला प्रक्षेपण में पिंकी, चक्का प्रक्षेपण में प्रियांशी व 1500 मीटर दौड़ में आंचल प्रथम रहे। संचालन डॉ-श्वेता अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में डॉ-अजीता रानी, डॉ-मनमोहन वर्मा, डॉ- अनिल कुमार, डॉ-रिनू गिल, मेराज हसन, सत्यभान सिंह, चमन सिंह, हरपाल सिंह, सुनील कुमार, शशी देवी, धर्मेन्द्र कुमार एवं कुलदीप कुमार के साथ निर्णायक मण्डल देवेन्द्र कुमार, डॉ-संजीव सागर, डॉ-रामौतार, डॉ-रोहताश एवं विजेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## धूमधाम से निकाली पंजाबी समाज ने प्रभात फेरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** शहर के कागजी मोहल्ला स्थित श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में श्रीराम नवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इसी को लेकर नगर प्रभात फेरी निकाली जा रही है। मंगलवार को भी नगर में सुबह को मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें समाज के लोग ढोलक मंजीरा लेकर संगीतमय कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी में शामिल हुए।

सुबह पांच बजे प्रभात फेरी मंदिर परिसर से पंडित मेवाराम द्वारा गणेश भगवान की वंदना के साथ शुरू की गई। मंदिर से प्रभात फेरी शुरू होकर जवाहर रोड, डिस्पेंसरी रोड, मोहल्ला गोपाल, खुर्जा गेट, बड़ा महादेव, होते हुए वापस मंदिर पर पहुंचकर समापन हुआ। फेरी में शामिल श्रद्धालु हरे राम हरे राम नाम संकीर्तन करते हुए चल रहे थे। रास्ते में श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरी का स्वागत किया। मंदिर से प्रधान बुद्धीश छाबड़ा ने बताया कि रामनवमी महोत्सव पर्व के उपलक्ष्य में यह प्रभात फेरी 6 मार्च से शुरु होकर 24 मार्च तक चलेगी। 25 मार्च को रामपुर के कलाकरों द्वारा मंदिर में माता की चौकी का आयोजन किया जाएगा। 26 मार्च को मंदिर पर दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सुधीर मल्होत्रा, गगन अरोरा, सचिन मग्गों, विजय अरोरा, संजय मदान, हरेंद्र कोहली, नीटू ओरी, कमल ढींगरा, पारस बजाज, सुरेश सपड़ा, राकेश दुआ, राजू, किशोर बजाज, मोनू सचिन अरोरा अदलख्खा, राम खत्री, जगन्नाथ छाबड़ा, कपिल छाबड़ा, अनिल साहनी, श्याम चौधरी, रमेश सपड़ा, रोहित मग्गों, चंदन खन्ना, अमन मल्लन, आदि रहे।



नगर प्रभात फेरी निकालते पंजाबी समाज के लोग। –जागरण मोर्चा

## चैत्र माह के दूसरे मंगलवार को मां ललिता देवी के मंदिर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** चैत्र माह के दूसरे मंगलवार को ललिता देवी मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने, मनौती मांगने और बच्चों का मुंडन संस्कार कराने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। चुनरी, नारियल, परवल और गेहूं का प्रसाद चढ़ाकर ललिता देवी से घर में सुख समृद्धि की कामना की।

दूसरे मंगलवार को नगर के मोहल्ला बस्ती स्थित प्राचीन ललिता देवी मंदिर पर मनौती मांगने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। तड़के चार बजे से ही श्रद्धालु चुनरी, नारियल, परवल और गेहूं का मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए लाइन में लग गए। दूर तक श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लग गई। हर किसी को पहले प्रसाद चढ़ाने की जल्दी थी। उन्होंने मंदिर में मस्तक टेक माता ललिता देवी की पूजा अर्चना की। जिन श्रद्धालुओं की मांगी गई मनौती पूर्ण हो गई थी, उन्होंने ललिता देवी के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए नारियल और गेहूं का प्रसाद चढ़ाकर घर में सुख समृद्धि की कामना की। वहीं बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया।



मुंडन करने वाले नाइयों की खासी मौज रही। मुंडन कराने के लिए परिवार इस कदर उमड़े कि नाइयों को फुर्सत नहीं मिल रही थी। इधर मंदिर परिसर में मेला लगा था। जिसमें बच्चों ने चांट-पकौड़ी, जलेबी का आनंद लिया। झूले पर भी झूलते रहे। महिलाओं ने मंदिर परिसर में लगे मेले में अपने जरूरी सामानों की खरीदारी की। सुरक्षा के लिए पुलिस के साथ ही पीएसी जवान भी मुस्तैद रहे। मंदिर के आस और मेले में महिला पुलिसकर्मियों ने भी मुस्तैद रहकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया।

## महिलाओं ने माता रानी की विधि विधान से की पूजा-अर्चना



बगिया वाली देवी मंदिर पर पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बगिया वाली देवी मंदिर पर होली के बाद द्वितीय मंगलवार को भी मेले का आयोजन किया गया। महिलाओं ने पहुंच माता रानी की विधि विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली व बच्चों को बीमारियों से बचाने की प्रार्थना की। महिलाओं व बच्चों ने मेले में जमकर खरीदारी की। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। होली के बाद चार मंगलवार को बगिया वाला देवी मंदिरों में महिलाओं द्वारा माता रानी की पूजा-अर्चना कर बच्चों को बीमारियों से बचाने की प्रार्थना की जाती है। मंगलवार को भी मंदिर में सुबह से ही महिलाओं का पहुंचना आरंभ हो गया। महिलाओं ने माता रानी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर जात लगाई और घर-परिवार की खुशहाली व बच्चों की सुरक्षा को प्रार्थना की। महिला व बच्चों ने दुकानों पर पहुंच कर खरीदारी की और चाट पकौड़ी का आनंद लिया।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष बने विकास वार्ष्णेय

**जागरण मोर्चा कार्यालय, बहजोई।** समाजसेवी एवं भाजपा नेता विकास वार्ष्णेय को भाजपा की जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। मंगलवार को उनके प्रतिष्ठान पर समर्थकों व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर समर्थकों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि विकास वार्ष्णेय के मनोनयन से संगठन को नई मजबूती मिलेगी और पार्टी की जमीनी स्तर पर सक्रियता और बढ़ेगी। इस दौरान नीरज वार्ष्णेय, विपिन कुमार, संजीव कुमार, अमित कुमार, अंशुल वार्ष्णेय, राजेन्द्र कुमार, महेश, राजकुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।



विकास वार्ष्णेय।

## बहुजन सेवा समिति के अध्यक्ष बने सरदार प्रताप सिंह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बबराला।** बहुजन सेवा समिति की बैठक मोहल्ला टंकी में संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से सरदार प्रताप सिंह को अध्यक्ष चुना गया। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा कमेटी में जूनियस सीजर को महासचिव, राहुल आंबडेकर को उपाध्यक्ष, रघुवीर सिंह को महासचिव तथा राहुल वाल्मीकि को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नवनियुक्त अध्यक्ष सरदार प्रताप सिंह ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी श्रद्धा व निष्ठा के साथ निभाएंगे। बताया कि पूर्व वर्षो की तरह इस बार भी 29 अप्रैल को डा. भीमराव आंबेडकर की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। संगठन को मजबूत करने व सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने पर भी पर्चा हुई। इस अवसर पर जय सिंह, अशोक कुमार, रघुवीर सिंह, रवि सागर, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।



सरदार प्रताप सिंह। –जागरण मोर्चा

## निरीक्षण के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक ने जताई नाराजगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद मुनीराज द्वारा पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार विश्नोई के साथ थाना सम्भल का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमियां मिलने पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले थाना परिसर, कार्यालय, हवालात, भोजनालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क,थाने की राजकीय सम्पत्ति व अभिलेख के साथ आपरेशन त्रिनेत्र के तहत स्थापित सीसीटीवी कंट्रोल रुम के साथ मिशन शक्ति केंद्र में नियुक्त पुलिसकर्मियों को महिला संबंधी शिकायतों एवं अपराधों पर प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष, त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके उपरांत अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर आदि का अवलोकन करते हुए दस्तावेजों के रख-रखाव को दुरस्त करने तथा मालखाने में रखे शस्त्रों, दंगा नियंत्रण उपकरणों की साफ सफाई व रख रखाव का जायजा लिया और थाना परिसर में खडें लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण करने के साथ टाप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए वांछित/ईनामी अपराधियों एवं गैर जमानती वारंटियों की गिरफ्तारी के अभियान की समीक्षा कर अधिक से अधिक कार्यवाही कर गिरफ्तारी करने के थाना प्रभारी को दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार आदि मौजूद रहें।



चौकीदारों को सम्मानित करते पुलिस उपमहानिरीक्षक और एसपी। –जागरण मोर्चा

## सम्पादकीय

# मुनाफाखोरी की बीमारी, दुस्साहस में नहीं आई कोई कमी

अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध से ऊर्जा संकट के कारण देश में रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी बढ़ गई है। आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू होने के बावजूद, प्रभावशाली लोगों और अधिकारियों की मिलीभगत से यह जारी है।

इस पर तनिक भी आश्चर्य नहीं कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के चलते ऊर्जा आपूर्ति का संकट उभरते ही देश में रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी शुरू हो गई। यद्यपि सरकार ने इसे रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दिया, पर लगता नहीं कि इससे जमाखोरों और मुनाफाखोरों के दुस्साहस में कोई कमी आई है। इसका प्रमाण यह है कि उनके खिलाफ छापेमारी के दौरान कई शहरों में रसोई गैस सिलिंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वाले पकड़े गए।

कई ने दर्जनों रसोई गैस सिलिंडर चोरी-छिपे जमा कर रखे थे। इनमें कुछ नेता और अन्य प्रभावशाली लोग भी हैं। इसी तरह उन मुनाफाखोरों की गिनती करना भी कठिन है, जो महंगे दामों पर रसोई गैस सिलिंडर बेच रहे



थे। ऐसे तत्वों की सक्रियता का एक कारण संबंधित अधिकारियों और पुलिस की मिलीभगत भी होती है। वे भी बहती गंगा में हाथ धोने लगते हैं और इस तरह आम जनता एवं सरकार का संकट बढ़ाते हैं।

अपने देश में किसी भी संकट के समय आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी बहुत आम है। कोविड महामारी के समय जब सारा देश संकट में था, तब भी कुछ दवाओं के साथ कई आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी देखने को मिली थी। यह भी किसी से छिपा नहीं कि अपने यहां कभी प्याज, कभी उर्वरकों तो कभी किसी अन्य वस्तु की जमाखोरी होने लगती है। इसका मकसद मुनाफाखोरी करना ही होता है।

ऐसा लगता है कि कुछ लोग सदैव इसकी ताक में रहते हैं कि कब किसी वस्तु के उत्पादन अथवा उसकी आपूर्ति में कमी के आसार दिखें तो वे खुद को जमाखोर में तब्दील कर मुनाफाखोरी करें। आपदा को अपना धंधा बनाने वाले ऐसे लोग सभ्य समाज के शत्रु ही कहे जाएंगे। चूंकि नैतिकता और सदाचार की कमी के चलते जमाखोरी और कालाबाजारी एक सामाजिक बुराई का रूप ले चुकी है, इसलिए आवश्यक केवल यह नहीं कि रसोई गैस सिलिंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी कर रहे लोगों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जाए, बल्कि यह भी है कि उन्हें कठोर दंड का भागीदार बनाया जाए।

आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर जुर्माना लगाने के साथ उन्हें तीन महीने से लेकर सात वर्ष तक की सजा देने का प्रविधान है, लेकिन आखिर कितने ऐसे मुनाफाखोर हैं, जिन्हें सात वर्ष की सजा मिलती है? अधिकतर तो येन-केन-प्रकारेण बिना किसी दंड के छूट जाते हैं या फिर मामूली जुर्माना देकर बच निकलते हैं।

उचित यह होगा कि ऐसे लोगों को ऐसी कठोर सजा दी जाए, जो नजीर बने। गंभीर मामलों में जमाखोरों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के साथ ही उनकी संपत्ति भी जब्त की जानी चाहिए। इससे ही मुनाफाखोरों के होश ठिकाने आएंगे और वे जमाखोरी से बाज आएंगे।

# ऐतिहासिक घटनाएं

- 1998 – चीनी राष्ट्रपति जियांग जेमिन अगले कार्यकाल के लिए पुनः राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 1999 – फैंटम जैसे हास्य चरित्र के जनक लियोन ली फ़ाक का निधन।
- 2003 – ग्रीन स्मिथ दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट कप्तान बने।
- 2004 – रूस में नौ मंजिला इमारत में विस्फोट, 21 मरे। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव कोफ़ी अन्नान ने सुपाचयी पानिचपकड़ी को अंकटाड का नया अध्यक्ष नामांकित किया।
- 2006 – चुनाव के तीन महिने बाद ईराक की नयी संसद ने शपथ ग्रहण की।
- 2007 – एक ओवर में छह छक्के लगाकर दक्षिण अफ्रीका के हर्शेल गिब्स ने विश्व रिकार्ड बनाया।
- 2008 – मुद्रास्फीति विगत नौ महीने के उच्चतम स्तर 5.11 फ़ीसदी पर पहुँची। परवेज मुशर्रफ़ ने पाकिस्तान में सज़ा-ए-मौत पा चुके भारतीय नागरिक सबरजीत सिंह के डेथ वारंट पर दस्तखत किये। वेन जियावाओ को दुबारा चीन का प्रधानमंत्री चुना गया।
- 2009 – विदेश मंत्रालय में विशेष सचिव सरत सब्बरवाल पाक में भारत के नये उच्चायुक्त नियुक्त हुए। शिवालिक वर्ग के तीन स्टाल्थ फ्रिगेटो में अमेरिकी इंजनों को लगाने पर अमेरिकी प्रशासन ने रोक लगाई।

## 16 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1958 – बिपिन रावत – भारत के प्रथम 'चीफ़ ऑफ़ डिफ़ेंस स्टाफ़' थे।
- 1956 – तनुश्री शंकर – भारतीय शास्त्रीय नर्तकी हैं।
- 1938 – अली मानिकफ़ान – भारतीय समुद्री शोधकर्ता, इकोलॉजिस्ट और शिपबिल्डर हैं।
- 1693 – मल्हारराव होल्कर – इंदौर के होल्कर वंश का प्रवर्तक थे।
- 1901 – पोट्टि श्रीरामुलु – गाँधी जी के अनुयायी स्वतन्त्रता सेनानी थे।
- 1901 – पी. बी. गजेन्द्रगडकर – भारत के भूतपूर्व सातवें मुख्य न्यायाधीश थे।
- 1906 – अम्बिका प्रसाद दिव्य – भारत के जाने-माने शिक्षाविद और हिन्दी साहित्यकार।
- 1916 – दयाकिशन सप्रू – हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध खलनायक तथा फ़िल्म निर्माता थे।

## 16 मार्च को हुए निधन

- 1990 – विट्ठल सखाराम पागे – भारत के जाने-माने स्वतन्त्रता सेनानी और कुशल राजनीतिज्ञ थे।
- 1963 – एम. पी. शास्त्री – भारत के भूतपूर्व दूसरे मुख्य न्यायाधीश थे।
- 1957 – पी. एस. कुमारस्वामी राजा – भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ थे।
- 1947 – अयोध्यासिंह उपाध्याय – प्रसिद्ध कवि, साहित्यकार
- 1955 – विजयानन्द त्रिपाठी – प्रसिद्ध हिन्दी साहित्यकार।

## विशेष आलेख

# भविष्य की दुनिया में सादगी का आखरी ठिकाना



प्रो. आरके जैन



भविष्य की कल्पना करते ही एक ऐसी दुनिया सामने आती है जहाँ जीवन का लगभग हर पहलू इंटरनेट से जुड़ा होगा। घर, सड़कें, स्कूल और अस्पताल—सब कुछ डिजिटल नेटवर्क के सहारे चलेगा। मनुष्य का दैनिक जीवन मानो एक विशाल स्क्रीन में सिमटता जाता दिखेगा। लेकिन इसी तेज़ और तकनीक से भरे भविष्य के बीच एक ऐसा गाँव भी होगा जो इस डिजिटल लहर से थोड़ी दूरी बनाए खड़ा होगा। यह गाँव इंटरनेट के बिना भी उतना ही जीवंत और सक्रिय रहेगा। यहाँ तकनीक की कमी को अभाव नहीं, बल्कि एक सोच-समझकर लिया गया निर्णय माना जाएगा। यह स्थान आधुनिक सभ्यता के बीच एक शांत द्वीप जैसा होगा, जहाँ मनुष्य अपने मूल स्वभाव के करीब लौटकर जीवन को बिना कृत्रिम शोर के सच्चाई से महसूस कर सकेगा।

इस गाँव की सुबह आधुनिक शहरों से बिल्कुल अलग होगी। यहाँ दिन की शुरुआत मोबाइल अलार्म या सोशल मीडिया के नोटिफिकेशन से नहीं, बल्कि प्रकृति के सहज संगीत से होगी। सूरज की पहली किरण खेतों पर पड़ते ही धरती की नमी से उठती सुगंध वातावरण को भर देगी। पक्षियों की चहचहाहट लोगों को जगाएगी और ठंडी हवा दिन का स्वागत करेगी। लोग जागते ही किसी स्क्रीन की ओर नहीं झुकेंगे, बल्कि खुले आकाश को निहारेंगे। किसान मौसम का हाल किसी डिजिटल ऐप से नहीं, बल्कि बादलों की चाल, हवा की दिशा और मिट्टी के स्पर्श से समझेंगे। बच्चों की सुबह भी अलग होगी; वे स्कूल जाते समय रास्ते में खेलते हुए, पेड़ों की छाया में हँसते हुए आगे बढ़ेंगे। उनके हाथों में मोबाइल नहीं, बल्कि किताबें, कापियाँ और अनगिनत जिज्ञासाएँ होंगी।

इस गाँव का सामाजिक जीवन मानवीय संवाद की सच्ची गर्माहट से भरा होगा। यहाँ बातचीत किसी चैट विंडो में टाइप किए गए शब्दों से नहीं, बल्कि आमने-सामने की मुस्कान और आँखों की चमक से होगी। शाम ढलते ही लोग अपने-अपने काम से लौटकर चौपाल या आँगन में एकत्रित होंगे। वहाँ दिन भर की घटनाएँ साझा की जाएँगी, हँसी-मजाक होगा और कभी-कभी गंभीर चर्चा भी। बुज़ुर्गों का अनुभव इस समाज की सबसे बड़ी धरोहर होगा। बच्चे उनके पास बैठकर लोककथाएँ सुनेंगे, जीवन के छोटे-छोटे सूत्र सीखेंगे और अपने अतीत से जुड़ाव महसूस करेंगे। यहाँ ज्ञान किसी सर्वर में बंद नहीं होगा, बल्कि लोगों की स्मृतियों, अनुभवों और परंपराओं में जीवित रहेगा।

आर्थिक दृष्टि से भी यह गाँव आत्मनिर्भरता की मिसाल बनेगा। इंटरनेट के अभाव में यहाँ ऑनलाइन बाज़ार नहीं होगा, लेकिन स्थानीय कारीगरों और किसानों की मेहनत से गाँव की ज़रूरतें पूरी होंगी। कुम्हार के चाक पर घूमती मिट्टी से सुंदर बर्तन बनेंगे, बुनकर के करघे से रंगीन कपड़े निकलेंगे और किसान की मेहनत से खेतों में अन्न की हरियाली लहराएगी। लोग अपने आसपास के लोगों से वस्तुएँ खरीदेंगे और इस लेन-देन में केवल पैसा ही नहीं, बल्कि विश्वास और अपनापन भी शामिल होगा। इस तरह यह गाँव एक ऐसे आर्थिक ढाँचे को जन्म देगा जहाँ स्थानीयता और सहयोग सबसे बड़े मूल्य होंगे।


प्रकृति इस गाँव के जीवन का केंद्र होगी। जब लोग स्क्रीन की कृत्रिम रोशनी से दूर होंगे, तब उन्हें प्रकृति की सूक्ष्म सुंदरता को देखने का समय मिलेगा। वे रात के आकाश में तारों की अनगिनत कतारों को पहचानेंगे और चाँद के बदलते आकार में समय का प्रवाह महसूस करेंगे। नदी का शांत बहाव उन्हें धैर्य और निरंतरता का पाठ पढ़ाएगा, जबकि पेड़ों की छाया उन्हें संतुलन और शांति का महत्व समझाएगी। यहाँ प्रकृति केवल देखने की चीज़ नहीं होगी, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शिक्षक होगी। इंटरनेट की अनुपस्थिति में भी ज्ञान का प्रकाश कम नहीं होगा, क्योंकि प्रकृति स्वयं एक विशाल पुस्तक की तरह सबके सामने खुली होगी।

इस गाँव का सांस्कृतिक जीवन भी अत्यंत समृद्ध होगा। यहाँ त्योहार केवल औपचारिक आयोजन नहीं होंगे, बल्कि सामूहिक उल्लास और परंपरा का जीवंत रूप होंगे। जब किसी घर में शादी होगी तो पूरा गाँव उसकी तैयारी में शामिल होगा। मेलों और उत्सवों में लोकगीत गूँजेंगे, नृत्य होगा और लोगों के बीच आपसी स्नेह का वातावरण बनेगा। यहाँ मनोरंजन किसी स्क्रीन पर चलने वाले कार्यक्रमों से नहीं, बल्कि सामूहिक अनुभवों से मिलेगा। लोग मिलकर गाएँगे, कहानियाँ सुनाएँगे और जीवन की छोटी-छोटी खुशियों का आनंद लेंगे। इस वातावरण में अकेलापन कम होगा, क्योंकि हर व्यक्ति खुद को समुदाय का अभिन्न हिस्सा महसूस करेगा।

फिर भी यह गाँव अज्ञान या पिछड़ेपन का प्रतीक नहीं होगा। यहाँ शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की महत्ता को पूरी तरह समझा जाएगा। लोग नई खोजों और विचारों के प्रति खुले रहेंगे, लेकिन वे यह भी समझेंगे कि तकनीक का उद्देश्य जीवन को सरल बनाना है, उसे नियंत्रित करना नहीं। इसलिए इस गाँव के लोग अपने जीवन में एक संतुलन बनाए रखेंगे। वे यह स्वीकार करेंगे कि इंटरनेट एक उपयोगी साधन हो सकता है, परंतु जब वही साधन मनुष्य के समय, ध्यान और मानसिक शांति को छीनने लगे, तब उससे दूरी बनाना भी बुद्धिमानी है।

जब पूरी दुनिया तेज़ तकनीक और इंटरनेट के जाल में उलझी होगी, तब कहीं एक ऐसा गाँव भी होगा जो इस डिजिटल बंधन से मुक्त रहेगा। यह विचार हमें गहराई से सोचने के लिए प्रेरित करता है कि प्रगति का वास्तविक अर्थ क्या है। क्या विकास केवल उन्नत तकनीक और हर पल जुड़े रहने वाली आभासी दुनिया में ही सीमित है, या वह जीवन भी उतना ही मूल्यवान है जिसमें मनुष्य अपने रिश्तों, संवेदनाओं और प्रकृति से गहराई से जुड़ा रहता है। ऐसा गाँव यह संदेश देगा कि आगे बढ़ने का अर्थ अपनी सरलता और मानवीय मूल्यों को खो देना नहीं है। इंटरनेट के बिना भी यह स्थान सिद्ध करेगा कि जीवन की सच्ची शक्ति आज भी मनुष्य के हृदय, उसकी करुणा और आपसी विश्वास में ही निहित है।

# समय-चेतना की वैज्ञानिक संरचना पर आधारित है भारतीय पंचांग



प्रो सुरेश कुमार अग्रवाल

समय केवल घड़ी की सुइयों का अनुशासन नहीं है; वह ब्रह्मांडीय गति का जीवंत प्रतिबिंब है। मनुष्य ने जब से आकाश की ओर देखा है, तभी से उसने सूर्य की यात्रा, चन्द्रमा की कलाओं और नक्षत्रों की निःशब्द गति में समय का रहस्य पढ़ना आरम्भ किया। यही प्रयास आगे चलकर कैलेंडर और पंचांग जैसी समय-गणना प्रणालियों के रूप में विकसित हुआ। आज विश्व-समाज जिस ग्रेगोरियन कैलेंडर को समय-निर्धारण का सार्वभौमिक मानक मानता है, वह मुख्यतः प्रशासनिक सुविधा और ऐतिहासिक संशोधनों का परिणाम है; किन्तु भारतीय परंपरा में विकसित पंचांग समय को केवल तिथियों के क्रम में नहीं, बल्कि खगोलीय लयों के वैज्ञानिक सामंजस्य में समझने का प्रयास है।

पंचांग समय का बहुआयामी विज्ञान है। सामान्यतः प्रचलित कैलेंडर जहाँ केवल दिनांक और वार की सूचना देता है, वहीं भारतीय पंचांग पाँच मूलभूत अंगों पर आधारित है—तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करण। इन्हीं पाँच तत्वों के कारण इसे 'पंचांग' कहा गया। यह केवल तिथियों की सूची नहीं, बल्कि सूर्य और चन्द्रमा के सापेक्षिक स्थान, नक्षत्रीय विभाजन, ग्रह-स्थितियों और काल-खंडों की सूक्ष्म खगोलीय गणना का जीवंत दस्तावेज है।

भारतीय खगोल-चिंतन में आकाश को 27 नक्षत्रों में विभाजित किया गया है। चन्द्रमा लगभग 27.3 दिनों में पृथ्वी की परिक्रमा करता है, और इसी गति के आधार पर आकाशीय पथ को नक्षत्रों में बाँटा गया है। प्रत्येक नक्षत्र लगभग 13ए20' का विस्तार लिए हुए है—जो गणितीय सटीकता का परिचायक है। तिथि सूर्य और चन्द्रमा के कोणीय अंतर पर आधारित है। जब दोनों एक ही देशांतर पर होते हैं तो अमावस्या, और जब 180ए के अंतर पर होते हैं तो पूर्णिमा होती है। 360ए को 30 भागों में विभाजित करने पर प्रत्येक 12ए के अंतर से एक तिथि निर्मित होती है।

सूर्य एवं चन्द्रमा के संयुक्त अंशों से 27 योग निर्मित होते हैं, जबकि तिथि के आधे भाग को करण कहा जाता है। एक सूर्योदय से दूसरे सूर्योदय तक का काल 'वार' कहलाता है—जो पृथ्वी की वास्तविक गति पर आधारित है। सप्ताह में सात दिन होने का वैज्ञानिक आधार है। भारतीय परंपरा में समय-गणना नौ ग्रहों पर आधारित है—सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु और केतु। राहु-केतु छाया ग्रह माने गए हैं, इसलिए मुख्य सात ग्रहों के आधार पर सप्ताह के सात दिन निर्धारित किए गए। दिन-रात को मिलाकर 'अहोरात्र' कहा गया, जिसे 24 'होरा' में विभाजित किया गया। 'अहो' और 'रात्रि' के संयोग से 'होरा' शब्द बना। ग्रहों के होरा-क्रम के आधार पर ही वारों का नामकरण हुआ—प्रथम होरा जिस ग्रह का, उस दिन का नाम उसी पर आधारित। इस प्रकार रविवार, सोमवार, मंगलवार आदि की संरचना खगोलीय गणना का परिणाम है, न कि केवल सांस्कृतिक परंपरा का।

वर्ष में बारह महीने का आधार भी वैज्ञानिक है। पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा लगभग 365.25 दिनों में करती है, जबकि चन्द्रमा पृथ्वी की लगभग 12 परिक्रमाएँ करता है। यही कारण है कि वर्ष में 12 महीनों की व्यवस्था की गई। भारतीय पंचांग में सौर वर्ष सूर्य की गति पर एवं चन्द्र वर्ष चन्द्रमा की गति पर आधारित है। चन्द्र वर्ष लगभग 354 दिन का होता है, जो सौर वर्ष से लगभग 11 दिन कम है। इस अंतर को संतुलित करने हेतु प्रत्येक तीन वर्ष में 'अधिक मास' जोड़ा जाता है। यह खगोलीय विसंगति के वैज्ञानिक समाधान का अद्भुत उदाहरण है।

## लघुकथा

### बेटी

'छुट्टी की बड़ी समस्या है दीदी, पापा अस्पताल में नर्सों के सहारे हैं!' भाई से फोन वार्ता समाप्त होते ही सुमी तुरन्त अटैची तैयार कर बनारस से दिल्ली चल दी। अस्पताल पहुँचते ही देखा कि पापा बेहोशी के हालत में बड़बड़ा रहे थे। उसने झट से उनका हाथ अपने हाथों में लेकर, एहसास दिला दिया कि कोई है, उनका अपना। हाथ का स्पर्श पाकर जैसे उनके मृतप्राय शरीर में जान-सी आ गयी हो। वार्तालाप घर-परिवार से शुरू होकर न जाने कब जीवन बिताने के मुद्दे पर आकर अटक गयी। एक अनुभवी स्वर प्रश्न बन उभरा, तो दूसरा अनुभवी स्वर उत्तर बन बोल उठा— 'पापा, पहला पड़ाव आपके अनुभवी हाथ को पकड़ के बीत गया। दूसरा पति के ताकतवर हाथों को पकड़ बीता और तीसरा बेटों के मजबूत हाथों में बीत गया।'

'चौथा ...! वह कैसे बीतेगा, कुछ सोचा? वही तो बीतना कठिन होता है बिटिया।'

'चौथा आपकी तरह!'

'मेरी तरह! ऐसे बीमार, निःसहाय!'

'नहीं पापा, आपकी तरह अपनी बिटिया के शक्तिशाली हाथों को पकड़, मैं भी चौथा पड़ाव पार कर लूँगी।'

'मेरा शक्तिशाली हाथ तो मेरे पास है, पर तेरा किधर है?' पिता ने मुस्कुराकर पूछा।

'नानाजी...' तभी अंशु का सुरीला स्वर उनके कानों में पड़ा जो पूरे कमरे को संगीतमय कर गया।

## हेल्थ टिप्स

# बॉडी डिटॉक्स के लिए इन चीजों का करें सेवन

कोई भी त्योहार खुशियों और स्वादिष्ट पकवानों से भरा होता है। इस खास मौके पर घरों में कई तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं। लोग इस दिन जमकर खाते-पीते हैं और खूब मौज-मस्ती करते हैं। हालांकि, त्योहारों के दौरान अक्सर हम जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं, जिसका सीधा असर हमारे पाचन तंत्र पर पड़ता है। इन पकवानों में बहुत घी, तेल और चीनी होती है, जो पाचन पर भारी पड़ सकता है। ऐसे में, त्योहार के बाद शरीर को हल्का महसूस करने के लिए डिटॉक्स करना जरूरी हो जाता है। अगर आपने भी होली पर ज्यादा खा लिया है, तो कुछ आसान उपाय अपनाकर शरीर को डिटॉक्स कर सकते हैं। तो आइए, जानते हैं डाइट्रीफिट की डायटीशियन अबर्ना माथीवानन से जानते हैं होली के बाद



शरीर को डिटॉक्स कैसे करें –

**पानी ज्यादा पिएं:** शरीर को डिटॉक्स करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना सबसे जरूरी है। पानी शरीर से हानिकारक तत्वों और टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करता है। इसलिए रोजाना कम से कम 8-10 गिलास पानी पीने की आदत डालें। इसके अलावा, आप नींबू पानी का सेवन कर सकते हैं, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने के साथ डिटॉक्स प्रक्रिया को भी बेहतर बनाता है।

**डिटॉक्स ड्रिंक्स पिएं:** होली के बाद शरीर को डिटॉक्स करने के लिए आप होममेड डिटॉक्स ड्रिंक्स भी पी सकते हैं। आप खीरा, पुदीना और नींबू की डिटॉक्स ड्रिंक बनाकर पी सकते हैं। इसके लिए आप एक जार में पानी डालें। इसमें खीरे, पुदीने और नींबू के टुकड़े डालें। इस पानी को रातभर ऐसे ही छोड़ दें और सुबह पानी को छानकर इसका सेवन करें। इस डिटॉक्स ड्रिंक का सेवन करने से शरीर में जमा सारी गंदगी और विषाक्त पदार्थ आसानी से बाहर निकल जाते हैं।

**हल्का भोजन करें:** होली के बाद कुछ दिनों तक भारी और तला हुआ भोजन न खाएं। इसके बजाय हल्का और घर का बना भोजन जैसे सूप, खिचड़ी, दाल-चावल और उबली हुई सब्जियां खाएं। इससे पाचन तंत्र को आराम मिलेगा और आंतों को साफ होने में भी मदद मिलती है।

**व्यायाम और योग करें:** होली के बाद बॉडी डिटॉक्स करने के लिए व्यायाम या योग करें। हल्की-फुल्की एक्सरसाइज या योगाभ्यास करने से न केवल शरीर की मांसपेशियां सक्रिय रहती हैं, बल्कि यह पाचन क्रिया को भी सुधारता है। इससे शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं और ताजगी बनी रहती है।

**ग्रीन टी का सेवन करें:** बॉडी को शरीर करने के लिए आप ग्रीन टी का सेवन कर सकते हैं। दरअसल, इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं, जो शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

मेष राशि वालों के चारों ओर आज का वातावरण काफी खुशनुमा रहेगा और कोई सुखद समाचार सुनने को मिल सकता है, जिससे आपका आत्मविश्वास और मजबूत होगा। संतान की पढ़ाई से जुड़ी जो परेशानियां कुछ समय से चल रही थीं, उन्हें आप बातचीत और समझदारी से सुलझाने की कोशिश करेंगे। हालांकि अपनी सेहत को लेकर थोड़ा सतर्क रहना जरूरी रहेगा।

### वृष

आज का दिन सुखद अनुभव देने वाला रहेगा। जो लोग रोजगार को लेकर परेशान चल रहे थे, उन्हें कोई अच्छा अवसर मिल सकता है।किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करके धन उधार देना आपके लिए परेशानी खड़ी देगा।

### मिथुन

आज आर्थिक मामलों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होगी। पैसों से जुड़े किसी भी निर्णय को सोच-समझकर लेना बेहतर रहेगा और यदि धन उधार लेने की नौबत आए तो भी बहुत सोच-विचार के बाद ही कदम उठाएं।

### कर्क

कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहने की संभावना है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी को नई नौकरी या बेहतर अवसर मिलने की संभावना भी बन सकती है।

### सिंह

सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन मान-सम्मान में वृद्धि का संकेत दे रहा है। समाज और कार्यक्षेत्र दोनों जगह आपकी प्रतिष्ठा बढ़ सकती है। हालांकि कोई बड़ी डील अंतिम समय में अटक सकती है।

### कन्या

आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। जीवनसाथी का साथ और सहयोग आपको मानसिक मजबूती देगा। संतान के भविष्य को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है, लेकिन सही दिशा में प्रयास करने से सब ठीक हो जाएगा।

### तुला

तुला राशि वालों के लिए आज का दिन लंबे समय से अटके हुए कामों को पूरा करने का अवसर लेकर आएगा। पेट से जुड़ी किसी समस्या को लेकर लापरवाही न करें और जल्दबाजी से बचें।

### वृश्चिक

वृश्चिक राशि वालों को आज आर्थिक मामलों पर खास ध्यान देने की जरूरत है। बढ़ते खर्चों को संतुलित रखने के लिए योजना बनाकर चलना जरूरी होगा। आप अपने शौक और सुविधाओं पर अच्छा खर्च कर सकते हैं।

### धनु

धनु राशि के लिए आज का दिन संयम और धैर्य के साथ आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। किसी भी काम में जल्दबाजी दिखाने से बचना जरूरी होगा। पिताजी की सलाह आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती है।

### मकर

आज का दिन महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। आप अपनी बुद्धिमत्ता और समझदारी से कुछ नए निर्णय लेकर नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। अपनी आवश्यकताओं और जिम्मेदारियों पर ध्यान देना जरूरी होगा।

### कुंभ


आज का दिन निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करने वाला रहेगा। अपने फैसलों के बल पर कई कामों में सफलता हासिल कर सकते हैं। परिवार के भीतर चल रही किसी उलझन को भी आप मिल-बैठकर सुलझाने में सफल हो सकते हैं।

### मीन

मीन राशि वालों को आज अपनी सेहत को प्राथमिकता देनी चाहिए। यदि कोई समस्या महसूस हो तो उसे नजरअंदाज न करें। कोई व्यक्ति आपको बहलाने-फुसलाने की कोशिश कर सकता है, जिससे नुकसान होने की संभावना है।

# आरसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल ने शादी की

## पत्नी श्वेता पुंडीर कंटेंट क्रिएटर, क्रिकेटर पर पिछले साल रेप के 2 केस दर्ज हुए थे



**बेंगलुर (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबपी) के तेज गेंदबाज यश दयाल ने कंटेंट क्रिएटर श्वेता पुंडीर से शादी कर ली है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दोनों ने 4 फरवरी को उत्तर प्रदेश के नोएडा में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लिए थे। शादी में क्रिकेट जगत से किसी के शामिल होने की खबर नहीं है।
श्वेता पुंडीर दिल्ली की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और व्लॉगर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके करीब 5.87 लाख फॉलोअर्स हैं। वे इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स लीग में ब्रॉडकास्टर के तौर पर भी काम कर चुकी हैं।
यश दयाल पर पिछले साल 2025 में रेप के 2 केस दर्ज हुए थे। गाजियाबाद की एक महिला ने दयाल पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण और जयपुर की एक नाबालिक ने रेप का दर्ज कराया था।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 2-1 से वनडे सीरीज हराई

- तीसरा वनडे 11 रन से जीता, तंजिद का शतक, सलमान आगा की सेंचुरी बेकार गई

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान को तीसरे वनडे में 11 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। ढाका के शेरे बंगला नेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में तंजिद हसन तमिम ने शानदार शतक लगाते हुए टीम को 50 ओवर में 5 विकेट पर 290 रन तक पहुंचाया। जवाब में पाकिस्तान की टीम 50 ओवर में 279 रन पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान के लिए सलमान आगा ने 106 रन की बेहतरीन पारी खेली, लेकिन उनका शतक टीम को हार से नहीं बचा सका।



**तमिम के शतक से बांग्लादेश का मजबूत स्कोर**– टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत संभली हुई रही। सैफ हसन (36) और तंजिद हसन तमिम ने पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी की। सैफ के आउट होने के बाद भी तमिम ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और 107 गेंद में 107 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 6 चौके और 7 छक्के लगाए। मिडिल ऑर्डर में नजमुल हुसैन शांतो (27) और लिटन दास (41) ने टीम को स्थिरता दी। आखिरी ओवरों में तौहीद हृदय ने 44 गेंद में नाबाद 48 रन बनाकर टीम को 290 रन तक पहुंचाया। पाकिस्तान की ओर से हारिस रऊफ ने 3 विकेट लिए, जबकि शाहीन अफरीदी और अबरार अहमद को एक-एक विकेट मिला।
**पाकिस्तान की खराब शुरुआत**– 291 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने सिर्फ 17 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। साहिबजादा फरहान (6), माज सादाकत (6) और मोहम्मद रिजवान (4) जल्दी आउट हो गए।

## सिनर पहली बार इंडियन वेल्स चैंपियन

# मेदवेदेव को हराया

### विमेंस सिंगल्स में सबालेंका जीतीं, फाइनल में रायबाकिना को मात दी

**कैलिफोर्निया (एजेंसी)।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में खेले गए इंडियन वेल्स ओपन में इटली के जैनिक सिनर और बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने खिताब जीता। मेन्स सिंगल्स के फाइनल में सिनर ने रूस के डैनियल मेदवेदेव को हराकर अपना पहला इंडियन वेल्स टाइटल जीता। वहीं, विमेंस सिंगल्स में वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका ने एलिना रायबाकिना के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की।

**सिनर फेडरर और जोकोविच के क्लब में शामिल हुए**– सिनर ने इस जीत के साथ हार्ड कोर्ट पर होने वाले सभी बड़े खिताब अपने नाम कर लिए हैं। इनमें छह एटीपी मास्टर्स 1000, निट्टो एटीपी फाइनल्स, ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन शामिल हैं।

इससे पहले यह उपलब्धि सिर्फ रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच के नाम थी। सिनर ने 2023 में टोरंटो में अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीता था और अगले तीन सालों के भीतर ही उन्होंने हार्ड कोर्ट के सभी बड़े एलीट खिताब अपने नाम कर लिए।सिनर ने 2023 में टोरंटो में अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीता था। जैनिक सिनर ने फाइनल में पहला सेट टाईब्रेक में 7-6 (8-6) से जीता। इसके बाद दूसरे सेट में भी कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन सिनर ने इसे 7-6 (7-4) से अपने नाम कर लिया।

खास बात यह रही कि सिनर ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करते हुए पहली बार इंडियन वेल्स मास्टर्स वेल्स की ट्रॉफी अपने नाम की।



### सबालेंका ने चैंपियनशिप पॉइंट बचाया और मैच जीता

विमेंस सिंगल्स का फाइनल में आर्यना सबालेंका ने एलिना रायबाकिना को 3-6, 6-3, 7-6 (8-6) से हराया। सबालेंका पहला सेट हार गई थीं, लेकिन उन्होंने जबरदस्त वापसी की। तीसरे सेट के टाइ-ब्रेकर में मुकाबला इतना फंस गया था कि रायबाकिना के पास चैंपियनशिप पॉइंट था, लेकिन सबालेंका ने उसे बचाया और जीत हासिल की। यह सबालेंका का पहला इंडियन वेल्स खिताब है। इससे पहले वह दो बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में हार चुकी थीं।
**रायबाकिना से पुराना हिसाब चुकता किया**– साल 2023 के इंडियन वेल्स फाइनल में एलिना रायबाकिना ने ही सबालेंका को हराकर खिताब जीता था। इस बार सबालेंका ने उस हार का बदला ले लिया।

## गिल-मंधाना बीसीसीआई इंटरनेशनल

# क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुने गए

- 2 साल में आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली पांचों टीमें सम्मानित, द्रविड़ को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने रविवार को नमन अवॉर्ड 2026 में अपने क्रिकेटर्स को सम्मानित किया। नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में भारतीय कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को बेस्ट इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ ईयर दिया गया।

यहां 1983 वर्ल्डकप विजेता टीम के सदस्य रोजर बिन्नी और पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से दिया गया। वहीं, भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को भी यह सम्मान मिला।

यहां पिछले 2 साल में 5 आईसीसी टूर्नामेंट जीतने वाली पांचों टीमों को सम्मानित किया गया।

### बेस्ट इंटरनेशनल क्रिकेटर

1. **शुभमन गिल – पिछले साल तीनों फॉर्मेट के टॉप स्कोरर**– भारतीय कप्तान गिल का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 991 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई सीरीज में 70 से ज्यादा की औसत से बनाए गए 754 रन शामिल थे। वनडे में भी गिल ने 447 रन बनाए और भारत के आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में अहम भूमिका निभाई।
2. **स्मृति मंधाना – वनडे वर्ल्ड कप में भारत की टॉप स्कोरर**– स्मृति मंधाना ने पिछले 2 सीजन में 36 मैचों में 1,984 रन बनाए, इनमें 7 शतक शामिल रहे। इनमें से 6 शतक वनडे क्रिकेट में आए। जबकि एक शतक टी-20 इंटरनेशनल में आया।

### लाइफटाइम अचीवमेंट्स अवॉर्ड

1. **राहुल द्रविड़– खिलाड़ी से कोच तक योगदान**– द्रविड़ को क्रिकेट इतिहास के महानतम बल्लेबाजों में गिना जाता है। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 24 हजार से ज्यादा रन बनाए और एक दशक से ज्यादा समय तक भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ रहे। उन्होंने रिटायरमेंट के बाद भारतीय क्रिकेट के भविष्य को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में हेड ऑफ क्रिकेट के रूप में उन्होंने युवा खिलाड़ियों को तैयार किया और प्रतिभा की मजबूत पाइपलाइन बनाई। उनकी कोचिंग में भारत ने 2018 में अंडर-19 विश्व कप जीता। बाद में भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में उन्होंने 2024 में भारत को आईसीसी मेंस टी20 विश्व कप जिताया।



रोजर बिन्नी | राहुल द्रविड़ | मिताली राज

2. **रोजर बिन्नी– 1983 वर्ल्डकप के टॉप विकेट टेकर**– 1983 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे। भारतीय क्रिकेट में अहम योगदान दिया। वे 1983 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। बिन्नी ने 1985 वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ क्रिकेट जीतने वाली भारतीय टीम में भी जगह बनाई थी। वह पहले भारतीय क्रिकेटर थे, जिन्होंने वनडे मैच में गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों की शुरुआत की। बतौर कोच और प्रशासक के रूप में भी योगदान दिया। बिन्नी ने 2000 में भारतीय अंडर-19 टीम को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप जिताया और 2012 से 2016 तक राष्ट्रीय चयनकर्ता रहे। वे 2022 से 2025 तक बीसीसीआई के 36वें अध्यक्ष भी रहे और उनके कार्यकाल में भारतीय क्रिकेट ने वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयां हासिल कीं।
3. **मिताली राज– 23 साल का इंटरनेशनल करियर**– मिताली राज का इंटरनेशनल करीब 23 साल का रहा। उन्होंने 1999 में 16 साल की उम्र में आयरलैंड के खिलाफ वनडे से इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया और जून 2022 में संन्यास लिया। मिताली ने 232 वनडे मैचों में रिकॉर्ड 7805 रन बनाए, जो विमेंस क्रिकेट में सबसे ज्यादा हैं।

# साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया

- पहले टी-20 में 92 रन का टारगेट मिला था, डेब्यू कर रहे मोकोएना को 3 विकेट



**ओवल (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका ने पहले टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हरा दिया। इसके साथ प्रोटियाज टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में मिली हार का बदला भी ले लिया। 15 मार्च को माउंट माउंगानुई के बे ओवल मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन यह निर्णय टीम के लिए सही साबित नहीं हुआ। कीवी टीम 14.3 ओवर में सिर्फ 91 रन पर ऑलआउट हो गई। इंटरनेशनल टी-20 में यह न्यूजीलैंड का 10वां सबसे छोटा स्कोर है। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 16.4 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया और सीरीज में 1-0 बढ़त हासिल कर ली। सीरीज का दूसरा मुकाबला 17 मार्च को हैमिल्टन में खेला जाएगा।

**डेब्यूटेंट मोकोएना ने 3 विकेट लिए**– साउथ अफ्रीका के लिए डेब्यू कर रहे नकोबानी मोकोएना ने 3.3 ओवर में 26 रन देकर सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। वहीं जेराल्ड कूट्ज़ी और ओटनील बार्टमैन ने 3-3 ओवर में 2-2 विकेट झटके।

### न्यूजीलैंड की बैटिंग फेल

इस मुकाबले में न्यूजीलैंड के लिए जेम्स नीशम ने सबसे ज्यादा 21 गेंदों पर 26 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान मिचेल सैंटनर ने 19 गेंदों पर 15 रन, कोल मैकॉन्ची ने 11 गेंदों पर 15 रन और बेवॉन जैकब्स ने 7 गेंदों पर 10 रन की पारी खेली। हालांकि टीम के सात बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी साझेदारी 7वें विकेट के लिए हुई, जब नीशम और मैकॉन्ची ने 17 गेंदों में 26 रन जोड़े।

# पाकिस्तान ने अंपायर के फैसले पर उठाए सवाल

### मीरपुर एक दिवसीय में बांग्लादेश के रीव्यू को बताया गलत, मैच रेफरी से शिकायत की, पाकिस्तान सीरीज हारा

**मीरपुर (एजेंसी)।** मीरपुर में खेले गए तीसरे वनडे में अंपायर के एक फैसले को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने मैच रेफरी नियामुर राशिद से शिकायत की है। पाकिस्तान का कहना है कि ऑन-फील्ड अंपायर कुमार धर्मसेना ने बांग्लादेश को गलत तरीके से एलबीडब्ल्यू रीव्यू लेने की अनुमति दी।

पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट का आरोप है कि बांग्लादेश ने रीव्यू उस समय लिया जब गेंद का रिप्ले पहले ही स्टेडियम की बड़ी स्क्रीन पर दिखाया जा चुका था।

### क्या है पूरा मामला

घटना मैच की आखिरी दो गेंदों से जुड़ी है। उस समय पाकिस्तान को जीत के लिए दो गेंदों में 12 रन चाहिए थे। रिशाद हुसैन की गेंद शाहीन अफरीदी के पास से लेग साइड की तरफ निकल गई, जिस पर अंपायर ने वाइड दे दिया। इसके बाद बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने आपस में चर्चा की और एलबीडब्ल्यू के लिए रीव्यू लिया।



### वाइड का फैसला पलटा, शाहीन अफरीदी हुए नाराज

डीआरएस में हॉक-आई पर साफ हुआ कि गेंद बैट के निचले हिस्से को छूकर निकली थी। इसलिए वाइड का फैसला बदल दिया गया। हालांकि बांग्लादेश का रिव्यू खारिज हो गया, लेकिन वाइड हटने के बाद समीकरण बदल गया और पाकिस्तान को आखिरी गेंद पर 12 रन चाहिए थे। आखिरी गेंद पर शाहीन अफरीदी स्टंप आउट हो गए। इसके साथ ही बांग्लादेश ने मैच 11 रन से जीत लिया और सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

**रिव्यू लेने में नियमों का पालन नहीं किया गया**– पाकिस्तान ने रिव्यू लेने में नियमों का पालन नहीं किए जाने का मुद्दा उठाया है। पाकिस्तान का कहना है कि जब स्क्रीन पर गेंद के बल्ले के पास से गुजरने का वीडियो दिखाया गया, तभी बांग्लादेशी कप्तान ने अंपायर से रिव्यू लेने की अपील की। जबकि नियमों के अनुसार, डीआरएस का फैसला खिलाड़ी को बिना किसी बाहरी मदद या टीवी फुटेज देखे स्वयं लेना होता है। पाकिस्तान का यह भी कहना है कि रिव्यू लेने के लिए तय 15 सेकंड की समय सीमा का पालन नहीं किया गया। हालांकि, टीवी प्रसारण में कोई टाइमर दिखाई नहीं दिया, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो सका कि 15 सेकंड की समय सीमा समाप्त हुई थी या नहीं।


# बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 568 अंक चढ़ा, निफ्टी 23500 के पार

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** धातु और ऑटो शेयरों में तेजी और वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझान के चलते बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी देखी गई और ये लगभग एक प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। रुपया 12 पैसे गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर 92.40 पर बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 567.99 अंक या 0.75 प्रतिशत बढ़कर 76,070.84 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 801.41 अंक या 1.06 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 76,304.26 पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 172.35 अंक या 0.74 प्रतिशत चढ़कर 23,581.15 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से, इटरनल के शेयरों में सबसे अधिक 5.70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल और मारुति भी प्रमुख लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं। इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक सबसे बड़े पिछड़ने वालों में शामिल थे।



एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क कोस्पी 1.63 प्रतिशत बढ़ा, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक मामूली रूप से ऊपर बंद हुआ। जापान का निक्केई 225 सूचकांक और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक नीचे बंद हुए। यूरोप के बाजारों में तेजी देखी गई। सोमवार को अमेरिकी बाजार भी तेजी के साथ बंद हुआ।

रिसर्च एनालिस्ट और लिवेलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा कि लगातार दूसरे सत्र में भारतीय शेयर बाजारों में सुधार जारी रहा, जिसका कारण अस्थिरता में कमी और चुनिंदा क्षेत्रों में मजबूती थी, हालांकि बाजार के व्यवहार को प्रभावित करने वाला अंतर्निहित सतर्कता का माहौल बना हुआ है। एक प्रमुख सकारात्मक पहलू भारत के वीआईएक्स में आई तेज गिरावट थी, जो 8 प्रतिशत गिरकर 20 से नीचे के स्तर पर पहुंच गया। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्रीय स्तर पर देखा जाए तो ऑटोमोबाइल क्षेत्र में तेजी का नेतृत्व रहा, निफ्टी ऑटो इंडेक्स में 2 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

# आरबीआई का बड़ा कदम : बैंकिंग सिस्टम में तरलता की कमी दूर करने के लिए डाले 48014 करोड़ रुपये

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को देश के बैंकिंग सिस्टम में 48,014 करोड़ रुपये की शॉर्ट टर्म लिक्विडिटी यानी अल्पकालिक तरलता डाली है। केंद्रीय बैंक ने सात दिवसीय 'वेरिएबल रेट रेपो' (वीआरआर) नीलामी के जरिए बैंकिंग प्रणाली के लिए इस राशि का इंतजाम किया है। हाल ही में एडवांस टैक्स (अग्रिम कर) के भारी भुगतान के कारण बैंकिंग प्रणाली में नकदी के अधिशेष (सरप्लस लिक्विडिटी) में तेज गिरावट दर्ज की गई थी, जिसके बाद अर्थव्यवस्था में नकदी का प्रवाह संतुलित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। आरबीआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह फंड 5.26 प्रतिशत की कट-ऑफ दर और भारित औसत दर पर सिस्टम में डाला गया है। इस नीलामी से जुड़ी सबसे खास बात यह रही कि लिक्विडिटी में भारी गिरावट के बावजूद, बैंकों द्वारा ली गई यह राशि केंद्रीय बैंक की तय सीमा से काफी कम रही। आरबीआई ने इस वीआरआर नीलामी के लिए 1.50 लाख करोड़ रुपये की राशि अधिसूचित की थी। इसके मुकाबले सिस्टम में केवल 48,014 करोड़ रुपये ही डाले गए। बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी की स्थिति में पिछले कुछ दिनों के भीतर बड़ा बदलाव देखने को मिला है। कॉरपोरेट्स द्वारा एडवांस टैक्स के भुगतान के कारण बैंकों से बड़े पैमाने पर फंड का आउटफ्लो हुआ है। एडवांस टैक्स के भुगतान से पहले, 15 मार्च को बैंकिंग प्रणाली में लगभग 2.08 लाख करोड़ रुपये की भारी अतिरिक्त लिक्विडिटी मौजूद थी। टैक्स आउटफ्लो के ठीक बाद, 16 मार्च को यह अधिशेष तेजी से गिरकर मात्र 75,483.63 करोड़ रुपये पर आ गया। इससे निपटने के लिए अल्पकालिक तरलता का प्रबंध किया गया है।

# अस्पताल में भर्ती पीड़ित को जान से मारने की नियत से गए दो युवक, मेडिकल कॉलेज के सुरक्षा कर्मी ने दबोचा, एक फरार

## मौके पर पहुंचे हिन्दू संगठन के नेता, सीओ सदर ने दिया सुरक्षा का आश्वासन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बीते दिनों पूर्व थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव जतीपुर में दो समुदायों में विवाद हो गया था। दूसरे समुदाय के व्यक्तियों की ओर से 40 वर्षीय युवक महेंद्र पाल को बुरी तरह पीटा गया था। झगड़े में घायल युवक को मेडिकल कॉलेज लाया गया तो वहां उसे प्रारंभिक उपचार सही से नहीं मिल सका। पीड़ित की जब खून की उल्टियां बंद नहीं हुई तो गुस्साए परिजनों ने मेडिकल कॉलेज को इमरजेंसी में हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता भी पहुंच गए और इमरजेंसी में तैनात कर्मचारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर करते हुए सीएमएस रमाकांत सागर से बहस करने लगे। इस दौरान सीओ नताशा गोयल दो थानों की फोर्स लेकर पहुंच गई और पीड़ित की तहरीह के आधार पर थाने में मुकदमा पंजीकृत करवाया। बीएनएस की धारा191(2), 109(1), 115(2) के तहत गांव के असलम, हनीफ, उस्मान, गांधी व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पीड़ित गुरुवार से ही मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल की पुरुष विंग में भर्ती है जहां, उसका उपचार चल रहा है।

मंगलवार को गांव के ही मुस्लिम समुदाय का युवक फुरकान अपने एक साथी के साथ अस्पताल में जाकर पीड़ित को धमकाते हुए समझौते का दबाव बनाने लगा। समझौता न करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। महेंद्र ने बताया कि इस दौरान वह वार्ड में अपने बिस्तर पर अकेला था और उसकी पत्नी और साला दवा लेने के लिए गए हुए थें। जब वह वापिस दवा लेकर आए तो फुरकान को देखकर शोर शराबा करने लगें। हंगामा देखते हुए ही दोनों युवक वहां से भाग कर शौचालय में घुस गए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। शोर सुनकर मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी रविन्द्र सिंह भागते हुए वहां पहुंचा और दरवाजा खोलने का प्रयास करने लगा। दरवाजा खुलते ही उसने फुरकान को दबोच लिया लेकिन उसका साथी मौके से फरार हो गया। इसकी सूचना सुपरवाइजर भोलानाथ ने कॉलेज की प्राचार्य संगीता अनेजा को दी। प्राचार्य ने तुरंत ही थाने में फोन कर युवक को पुलिस हिरासत में दे दिया। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ नताशा गोयल अस्पताल में पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। सीओ ने ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को पीड़ित पर पूरी तरह से मुस्तैदी रखने के लिए कहा। पीड़ित की ओर से सदर कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग करी हैं। घटना की सूचना मिलने पर हिंदू संगठन के अमित गुप्ता, हरिपाल यादव, जगदीश सक्सेना, अमनदीप सिंह जॉली मौके पर पहुंच गए और पीड़ित का हाल जाना। शहर कोतवाल ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, कार्यवाही की जाएगी।



सुरक्षा कर्मी से जानकारी जुटातीं सीओ नताशा गोयल


मेरे पास मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य संगीता अनेजा का फोन आया था, उन्होंने पूरी घटना से मुझे अवगत कराया, मौके पर हमारे संगठन के कार्यकताओं ने जाकर पीड़ित से उसका हाल जाना, इस घटना में पीड़ित की भावनाओं को समझिए कि वह कितना घबराया हुआ हैं।
(जगदीश सक्सेना, हिंदूवादी नेता)


हम सभी पीड़ित के साथ खड़े हैं, उसके साथ अगर किसी भी तरह की नाइंसाफी होगी तो हमें बर्दाश्त नहीं होगी।
(अमनदीप सिंह जॉली)


हम सभी मौके पर जाकर पीड़ित से बात करी है, पुलिस की कार्यशैली इस पूरे ही प्रकरण में शुरू से बहुत ही अच्छी रहीं हैं।
(हरिपाल यादव)

मैं लखनऊ आई हुई हूं, अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों द्वारा मुझे घटना की सूचना दी गई, मैने तुरंत हो संबंधित थाने को फोन करके इसकी जानकारी दी। मौके पर पुलिस ने जाकर उल्ट व्यक्ति को हिरासत में ले लिया।
( संगीता अनेजा, प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज)

# निर्दोष नागरिकों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा को लेकर एसपी को दिया ज्ञापन


एसपी को ज्ञापन देते व्यापारी और अधिवक्ता

- व्यापारी और अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से दिया ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** नागरिकों की गोपनीयता एवं सामाजिक प्रतिष्ठा से जुड़े एक महत्वपूर्ण विषय को लेकर आज भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं संयुक्त बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकिर्ति माधव के माध्यम से शासन को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि कई ऐसे प्रकरण सामने आते हैं जिनमें संबंधित व्यक्ति माननीय न्यायालय से दोषमुक्त हो चुके होते हैं अथवा जिनमें कोई कनविक्शन नहीं हुआ होता फिर भी उनके पुराने मामले हिस्ट्रीशीट में प्रदर्शित होते रहते हैं। इसके कारण संबंधित व्यक्तियों की सामाजिक प्रतिष्ठा, निजता, रोजगार, व्यापारिक गतिविधियों तथा पासपोर्ट, बैंक एवं पुलिस सत्यापन जैसी प्रक्रियाओं में अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से अनुरोध किया कि ऐसे मामलों की समय-समय पर समीक्षा कर आवश्यकतानुसार रिकॉर्ड का क्लोजर/अपडेट सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएँ, जिससे निर्दोष नागरिकों के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा हो सके।

इस अवसर पर दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह विषय केवल किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि जनहित, नागरिक अधिकारों और न्यायिक सिद्धांतों से जुड़ा हुआ है। अतः प्रशासन से अपेक्षा की जाती है कि इस विषय में आवश्यक परीक्षण कर उचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

प्रतिनिधिमंडल में जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अवस्थी एवं भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल के साथ व्यापार मंडल महामंत्री रजत अग्रवाल, अमित शुक्ला , आयुष , हर्षल सिंह , प्रियांश , युवा जिलाध्यक्ष दीप अग्रवाल , शुभम गुप्ता , विक्रम सिंह , विवेक अग्रवाल हरिया एवं संयुक्त बार एसोसिएशन से महासचिव विद्याराम वर्मा एवं अधिवक्ता मोहतशिम मालिक, इतरत अली,अरुण मिश्रा, मोहन लाल कश्यप, हेमन्त मिश्रा, संजय सिंह तोमर, विजय शंखधार, मुनेश पल सिंह,संजय वर्मा,उपेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# बिलसंडा चेयरमैन को फोन पर गाली गलोज करना पड़ा महंगा, रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही है। होली पर हुए मारपीट प्रकरण से सुर्खियों में आने के बाद अब एक युवक को गाली गलौज करने का मामला तूल पकड़ गया है। गाली गलौज की ऑडियो वायरल होने से तमाम फजीयत का सामना करने के बाद भी चेयरमैन पर कानूनी शिकंजा कस गया। थाना परिसर में मंगलवार से भूख हड़ताल पर बैठने को युवक द्वारा दी गई धमकी का ही असर कहा जाएगा कि पुलिस ने युवक की ओर से आरोपी चेयरमैन के खिलाफ आनन आनन में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू करनी पड़ी।


डीके गुप्ता चेयरमैन

बता दें कि गांव रुरिया धुरिया में 5 मार्च को चेयरमैन डीके गुप्ता और प्रधान कालीचरण के बीच विवाद हो गया था, जिसमें दोनों पक्ष की ओर से एक दूसरे पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई, घटना के अगले दिन शनिवार को नगर पंचायत के सभी सफाई कर्मियों ने हड़ताल पर चले जाने के साथ ही थाना गेट पर धरना प्रदर्शन करते हुए प्रधान की गिरफ्तारी की मांग की थी। बताते हैं कि विपक्षी नेता पूर्व अध्यक्ष अटल सिंह जायसवाल ने मामले को व्यक्तिगत बताते हुए सफाई कर्मियों के हड़ताल पर जाने को गलत ठहराते हुए फेसबुक पर पोस्ट की थी। जिस पर नगर निवासी संतोष वर्मा ने कटाक्ष करते हुए कमेंट किया था। आरोप है कि पूर्व अध्यक्ष की पोस्ट पर कमेंट किए जाने से बौखलाए मौजूदा अध्यक्ष डीके गुप्ता ने युवक संतोष वर्मा को फोन पर न केवल गाली गलौज की, बल्कि देख लेने की धमकी भी दी थी। बताते हैं कि संवैधानिक पद पर बैठे हुए नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता द्वारा मयार्दा को तार तार करते हुए जिस भाषा का इस्तेमाल किया, उससे नगर में उनकी छवि भी धूमिल हुई। उधर संतोष वर्मा द्वारा मामले को तूल देने के साथ ही कार्यवाही की भी गुहार की। लेकिन पुलिस द्वारा कार्यवाही करना तो दूर की बात, पहले उस समय तक रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की। बताते हैं कि युवक द्वारा 17 मार्च को थाने के अंदर भूख हड़ताल पर बैठने को दिए गए अल्टीमेटम से घबराकर पुलिस ने रातों-रात आरोपी चेयरमैन डीके गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। उधर चेयरमैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद नगर में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं।







# श्मशान भूमि पर अव्यवस्थाएं हावी हिंदू महासभा ने मंत्री को दिया ज्ञापन


मंत्री को ज्ञापन देते हिन्दू महासभा के कार्यकर्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने श्मशान भूमि की बदहाल स्थिति को लेकर गन्ना राज्यमंत्री एवं सदर विधायक संजय सिंह गंगवार को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा के नेतृत्व में विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से संगठन के पदाधिकारियों ने ग्राम सभाओं में स्थित श्मशान भूमि की अत्यंत दयनीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि अधिकांश गांवों में श्मशान भूमि वर्षों से उपेक्षित पड़ी हैं, जहां न तो नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था है और न ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। कई स्थानों पर अवैध कब्जे भी हो चुके हैं, जिससे ग्रामीणों को अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील कार्य में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने ग्राम चिड़ियादाह का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां श्मशान भूमि पर झाड़-झंखाड़ और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ग्रामवासिओं को अंत्येष्टि के लिए पर्याप्त स्थान भी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर जाकर निरीक्षण करे तो वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। हिन्दू महासभा ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत कराने के बावजूद आज तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। संगठन का कहना है कि प्रदेश सरकार द्वारा श्मशान भूमि के संरक्षण, साफ-सफाई और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश जारी किए जा चुके हैं।निर्देशों के बाबजूद भी उनका पालन नहीं हो रहा है। संगठन ने मंत्री से मांग की कि जनपद की सभी श्मशान भूमि की जांच कराई जाए, अवैध कब्जों को हटाया जाए, नियमित साफ-सफाई एवं समतलीकरण कराया जाए और मजबूत चहारदीवारी का निर्माण कराया जाए। साथ ही अंतिम संस्कार में आने वाले लोगों के लिए टीन शेड, बैठने एवं खड़े होने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। कार्यों की पारदर्शिता के लिए वीडियो व फोटो के माध्यम से सत्यापन कराने की भी मांग रखी गई। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह विषय जनभावनाओं और आस्था से जुड़ा हुआ है। इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मंत्री से शीघ्र प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की।संगठन ने कहा कि जनपद की अन्य जनसमस्याओं को लेकर भी पर ज्ञापन दिए गए हैं, लेकिन उन पर ठीक से कार्रवाई नही की गयी।जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। ज्ञापन देने बालों में जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप, जिला उपाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, युवा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश अग्निहोत्री, युवा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मौर्य, राहुल राठौर, कृष्णा साहनी, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम सागर शर्मा, नगर उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, अन्नू गुर्जर आदि लोग शामिल थे ।

# ढोल नगाड़ों के साथ हुआ नामित सभासदों का स्वागत, पालिकाध्यक्ष ने सभी को खिलाई मिठाई

- नामित सभासदों की नियुक्त पर पालिका में जश्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** शासन की ओर से नगर पालिका के नामित सभासदों की सूची जारी की गई। सूची जारी होते ही नामित सभासदों के प्रशंसकों में खुशी की लहर उमड़ पड़ी। नगरपालिका में देर रात तक ढोल नगाड़ों के साथ जश्न मनाया गया।

सोमवार को देर रात नगरपालिका पीलीभीत, बीसलपुर और पूरनपुर के सभासदों की सूची जारी की गई हैं। पीलीभीत से नितिन सक्सेना, जगन्नाथ लोधी, पंकज तिवारी, स्वतंत्र देवल, प्रतीक अग्रवाल को नामित सभासद नियुक्त किया गया हैं। बीसलपुर से कौशल कुमार पांडे, आरती गुप्ता, शुभम सिंह, अमित सक्सेना, विपिन कसौधन वहीं पूरनपुर से अरविंद गुप्ता, प्रदीप कुमार सिंह, गुंजन सक्सेनज उपेंद्र भारती के नाम पर मुहर लगाई गई हैं। सूची जारी होते ही नगर पालिका पीलीभीत में डॉ आस्था अग्रवाल ने सभी सभासदों का मुंह मीठा करवाया। इस दौरान ढोल नगाड़ों की धुन पर सभी सभासद और पालिका कर्मी थिरकते दिखे।

इस मौके पर सभी सभासदों को आशीर्वाद अग्रवाल, प्रदीप तिवारी, रोहित रॉय, हरीश कुमार ने शुभकामनाएं दीं।


फोटो परिचय - नामित सभासदों को बधाई देती पालिका अध्यक्ष

## बिलसंडा में विकेश, सुमित एवं रामेंद्र सभासद नामित

**बिलसंडा।** यूपी भर में नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत निकायों में नामित सभासदों की घोषणा कर दी गई। जिसके बाद से उनकी ही पार्टी में कहीं न कहीं विरोधाभास शुरू हो गया। बड़े नेताओं का कहना है कि इसकी उन्हें जानकारी नहीं थी,वहीं पार्टी के जमीनी नेताओं का कहना है कि विधायक सहित भाजपा के बड़े नेताओं ने इस बार भेदभाव की राजनीति करते हुए स्थानीय बड़े तबके के लोगों को इस पद के लिए उम्युक्त समझा।जबकि विपक्षी नेताओं ने इसे मात्र झुनझुना या सिर्फ लॉलीपॉप भी बताया। सोमवार को उप्र.सरकार द्वारा जारी सूची में नगर पंचायत बिलसंडा में विकेश जायसवाल,रामेंद्र गोस्वामी एवं सुमित गुप्ता को नामित किया गया।तमाम लोगों ने इन नामों पर खुशी जताई तो कुछ लोगों ने इसका विरोध भी किया,और कहा कि इस बार तीनों नामित सभासद बनिया वर्ग और सवर्ण बिरादरी से ही चुने गए।जबकि निचले तबके को कोई तवज्जो पार्टी द्वारा नहीं दी गई।नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता की मानें तो उन्हें इसकी कोई जानकारी पहले से नहीं थी।वहीं नगर पंचायत के सभासद ब्राम्हण नेता सुनील शुक्ला ने सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट में भाजपा द्वारा यह सिर्फ झुनझुना बताया।

कहा कि विधानसभा चुनाव में मात्र दस माह शेष हैं,वहीं बिलसंडा में भाजपा के टिकट का आवेदन कर निर्दलीय अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ चुके रामेंद्र गोस्वामी को नामित सभासद बनाकर स्थानीय भाजपा ने अपना पल्ला झाड़ लिया।जबकि विधायक विवेक वर्मा के करीबी सुमित गुप्ता आगामी चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार हैं,और बिरादरी में उनका वर्चस्व भी है,ऐसे में पार्टी ने उन्हें भी नामित कराकर लॉलीपॉप देने का काम किया।जिससे अन्य नेताओं के लिए अब रास्ता साफ हो गया। सभासद शुक्ला की मानें तो वित्तीय या नीतिगत शक्तियां सीमित हैं,जिससे अब यह पद सिर्फ नाम मात्र का सम्मान बनकर रह गया है।उधर पार्टी के समर्पित कार्यकताओं के बजाय अन्य लोगों को प्राथमिकता मिलने से असंतोष भी सामने आया है।

# स्कूलों की छुट्टी के दौरान शहर की सड़कों की बदल जाती हैं सूरत, जाम से हर कोई परेशान

- मुख्य मार्गो पर घंटों लगा रहता है जाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** दोपहर के समय स्कूलों की छुट्टी के दौरान शहर की सड़कों का नजारा देखने लायक होता हैं। मुख्य मार्गो पर घंटों जाम लगा रहता हैं और राहगीर इस जाम से निकलने का रास्ता तलाशते रहते हैं।

शहर में जाम वह नासूर बन गया है जिससे आज के समय में हर कोई परेशान हो रहा हैं। स्कूली बच्चे जहां एक तरफ चिलचिलाती धूप से बिलख जाते हैं , वहीं यह जाम उनकी मुसीबत को और बढ़ा देता है। आम राहगीर भी अब इस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। जाम के दौरान पास से निकलते गन्नों से लदे ओवरलोड और ओवरहाइट ट्रक किसी भी अनहोनी की आशंका को और बढ़ा देते हैं। भले ही प्रशासन नियमों की अवहेलना करने वालों पर सख्ती के कितने दावे क्यों न कर दे पर तस्वीरें सच्चाई को बताने के लिए पर्याप्त हैं। जाम का एक मुख्य कारण कुछ चौराहों पर यातायात कर्मियों का नदारद रहना भी होता हैं। अगर व्यवस्थाएं बनाने वाले जिम्मेदार मुस्तैदी से अपना फर्ज निभाएं तो शायद शहरवासियों को इस अव्यवस्था से निजात मिल सकें।



जाम में फंसे राहगीर


बाजार में भी पूरे दिन जहां-तहां जाम लगा ही रहता है, जाम की वजह से बहुत समय बर्बाद हो जाता हैं।
(मीनू सक्सेना)


हमारा दिन भर फील्ड पर घूमने का काम है, गन्ने के ओवरलोडिंग ट्रकों के पास से गुजरने पर खतरा बना रहता है। जाम पर भी कोई जिम्मेदार ध्यान नहीं देना चाहता।
(जितेंद्र गंगवार)

# ग्राम प्रधान के बेटे ने रिवाल्वर से खुद को मारी गोली, मौत




जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में मंगलवार सुबह सनसनीखेज वारदात सामने आई। यहाँ एक तहसील क्षेत्र के एक ग्राम प्रधान के 25 वर्षीय इकलौते बेटे ने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गंभीर हालत में परिजनों ने घायल को निजी अस्पताल ले गए, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया। जहां मेरठ ले जाते समय रास्ते में ही युवक की मौत हो गई युवक की मौत से परिजनों को र मचा है।

जानकारी के अनुसार, मृतक की शादी महज दो महीने पहले हुई थी। बताया जा रहा है कि शादी के बाद से ही घर में लगातार क्लेश चल रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था। घटना के बाद परिजन बिना किसी कानूनी प्रक्रिया या पोस्टमार्टम के शव को अंतिम संस्कार के लिए पैतृक गांव ले गए। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि इस संबंध में कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है, हालांकि मामले की जांच कराई जाएगी।

## आदमपुर क्षेत्र में छात्र व छात्रा ने लगाई फांसी

**हसनपुर।** आदमपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार का दिन दो परिवारों के लिए काल बनकर आया। यहाँ अलग-अलग गांवों में कक्षा 7 के एक छात्र और बीएससी की एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों ही मामलों में परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के शवों का अंतिम संस्कार कर दिया है। आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में कक्षा 7 के छात्र का शव सोमवार की देर रात अपने ही घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। बताया जा रहा है कि छात्र अपने बड़े भाई के साथ घर पर अकेला था, जबकि उसके माता-पिता बाहर मजदूरी करने गए थे। जबकि आदमपुर के दडियाल चौकी क्षेत्र के गांव में एक डिग्री कॉलेज में पढ़ने वाली बीएससी की छात्रा ने मंगलवार को घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में सुसाइड कर लिया। परिजन नीचे काम कर रहे थे, काफी देर तक जब वह नीचे नहीं आई तो ऊपर जाकर देखा, जहाँ उसका शव खूंटी से लटका मिला। दोनों ही मामलों में आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। आदमपुर पुलिस ने इन घटनाओं की जानकारी होने से इनकार किया है, जबकि दोनों मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।







सीज की गई स्कूली बस। -जागरण मोर्चा

# बिना फिटनेस दौड़ रही स्कूल बस को एआरटीओ ने किया सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने मंगलवार को कड़ा रुख अपनाया। एआरटीओ महेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान नियमों की धज्जियाँ उड़ा रही एक निजी स्कूल की मिनी बस को सीज कर दिया या गया। विभाग की इस औचक कार्रवाई से स्कूल संचालकों में हड़कंप मच गया है।

कार्रवाई भगवती मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज की मिनी बस पर की गई। परिवहन विभाग की टीम ने जब बस को रोककर फिटनेस और अन्य वैध दस्तावेज मांगे, तो चालक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका और मौका पाकर वहां से फरार हो गया। जांच में पुष्टि हुई कि बस बिना वैध फिटनेस प्रमाण-पत्र के ही सड़कों पर दौड़ रही थी, जिसके बाद उसे तत्काल सीज कर दिया गया। एआरटीओ महेश कुमार शर्मा ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि बिना फिटनेस वाहनों का संचालन बच्चों के जीवन को खतरे में डालना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध वाहनों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। एआरटीओ ने स्कूल प्रबंधनों को कड़े निर्देश दिए कि वे केवल फिट वाहनों का ही उपयोग करें। साथ ही, उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजते समय वाहन की स्थिति और कागजातों पर नजर जरूर रखें।

# पालिका में नामित सदस्य मनोनीत किए जाने पर अधिवक्ता का हुआ अभिनंदन समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुरमित कुमार गुप्त एडवोकेट के चैम्बर पर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार एसोसिएशन हसनपुर के पूर्व अध्यक्ष वीर सिंह एडवोकेट को नगर पालिका परिषद हसनपुर में नामित सदस्य मनोनीत किए जाने पर अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

अभिनंदन समारोह में विधि प्रकोष्ठ से जुड़े अधिवक्ताओं के द्वारा शासन द्वारा नगर पालिका परिषद में नामित सदस्य वीर सिंह प्रजापति का माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के पूर्व जिला संयोजक विनय प्रकाश सिंघल, बार के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, विधि प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक ताहरपुर संजय चौहान एडवोकेट, मंडल संयोजक गजरौला डॉक्टर राजीव शुक्ला एडवोकेट, किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष फतेह सिंह एडवोकेट, विनोद त्यागी एडवोकेट, बार एसोसिएशन हसनपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चरन सिंह चौहान, संजय कुमार नोटरी एडवोकेट, दिनेश प्रजापति, अरुण अग्रवाल, रामेश्वर सरन, विनय कुमार खड़कवंशी, नन्हे सिंह सैनी, केशव राव प्रजापति, हरिश्चंद्र प्रजापति, जय कुमार राणा, सोहेल अब्बास, प्रेमचंद मौर्या, जाकिर अली, गौरव भारती, राकेश सैनी, अशोक राणा, सुनील कुमार राणा, देशराज चौहान, संजीव कुमार राणा, पवन चौहान, विनीत कुमार, ओमपाल गुर्जर, सोहेल अब्बास, महताब आलम, परवेज कुरैशी, पूर्व महासचिव मदन कुमार राणा, संजय भड़ाना आदिमौजूद रहे।





सदस्य नामित होने पर अधिवक्ता का स्वागत करते हुए। -जागरण मोर्चा

# उप जिलाधिकारी ने किया ईदगाह का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** ईद पर्व पर होने वाली नवाज को लेकर ईदगाह का उप जिला अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उप जिला अधिकारी द्वारा पालिका एवं पुलिस विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

नगर स्थित ईदगाह पर मंगलवार को उप जिला अधिकारी हिमांशु उपाध्याय एवं अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह द्वारा पहुंचकर साफ सफाई एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। ईद की नमाज को लेकर पालिका द्वारा ईदगाह पर सफाई व्यवस्था कराई जा रही है। जिसका उप जिला अधिकारी द्वारा बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा नगर पालिका को सफाई, चूना एवं छिड़काव की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसी के साथ उन्होंने कोतवाली पुलिस को भी पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात कर शांति व्यवस्था कायम रखना के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम द्वारा ईदगाह एवं उसके आसपास के बागों का भी निरीक्षण किया गया। उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय द्वारा बताए गए की ईदगाह का निरीक्षण कर पालिका एवं पुलिस प्रशासन को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दे दिए गए हैं, ईदगाह पर नमाज अदा करने वाले किसी भी नवाजी को कोई भी परेशानी नहीं होगी।



ईदगाह का निरीक्षण करते एसडीएम एवं अधिशासी अधिकारी। -जागरण मोर्चा

# बाइक एवं स्कूटी की भिड़ंत में तीन लोग घायल, दो की हालत गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** स्कूटी एवं बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए, घायलों को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।जहां हालात गंभीर देखते हुए दो घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

जिला बदायूं के थाना फेजगंज बेइटा निवासी शाहिद एवं मोइनुद्दीन वेल्डिंग मिस्त्री हैं वह कार्य करने के लिए स्कूटी से सोमवार की देर रात्रि गाजियाबाद जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक थाना सैद नगली के कस्बा उझारी में पहुंची तो सामने से आ रही बाइक से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में शाहिद एवं मोइनुद्दीन सहित तीन लोग घायल हो गए, घायलों को उपचार के लिए निजी चिकित्सक यहां भर्ती कराया गया। जहां पर शाहीद एवं मोइनुद्दीन की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। थाना अध्यक्ष विकास शेरावत द्वारा बताया गया कि सड़क हादसे में तीन लोग घायल हुए थे दो की हालत गंभीर है। परिजनों को सूचना कर दी गई है तहरीर प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी।





घायल।

# गैस किल्लत उपभोक्ता नाराज, गोदाम पर हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र में रसोई गैस की आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ताओं के सब्र का बांध टूट गया। मंगलवार को गजरौला मार्ग स्थित गैस एजेंसी के गोदाम पर सैकड़ों उपभोक्ताओं ने खाली सिलेंडर लेकर घंटों लाइन में लग रहे। लोग सुबह 4 बजे से ही कतारों में लग गए थे, जिससे सड़क तक लंबी लाइनें लग गईं।

उपभोक्ताओंने बताया कि पवित्र रमजान माह चल रहा है, ऐसे में रसोई गैस न मिलने से सहरी और इफ्तारी का खाना बनाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई घरों में पिछले दो दिनों से चूल्हे तक नहीं जले हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि वे पिछले पांच दिनों से चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि जब नगर की अन्य एजेंसियों पर वितरण सामान्य है, तो इसी एजेंसी पर ही किल्लत क्यों बनी हुई है? घंटों इंतजार के बाद भी किसी जिम्मेदार अधिकारी के न पहुंचने पर आक्रोशित । इस संबंध में एजेंसी संचालिका शकुंतला देवी ने बताया कि पीछे से सप्लाई कम प्राप्त हो रही है। जितनी खेप मिल रही है, उसका नियमानुसार वितरण किया जा रहा है। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है।





घरेलू गैस के लिए लगी उपभोक्ताओं की लाइन। -जागरण मोर्चा

# बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला :** दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची डॉयल 112 पुलिस ने दोनों शवों और घायलों को सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने एक घायल की हालत गंभीर देखते हुए उसे हॉयर सेंटर रेफर कर दिया।

थाना क्षेत्र अमरोहा के गांव पंजू सराय निवासी अभिषेक पुत्र सुन्दर की बहन की शादी दो माह बाद होनी है। शादी में उपहार के लिए दिए जाने वाले सामान की जानकारी करने के लिए अभिषेक अपने तहेरे भाई विपिन पुत्र प्रेम सिंह व जनपद सम्भल के बड़ा लाडनसराय निवासी फुफेरे भाई अमित पुत्र सुन्दर के साथ बाइक से मंगलवार को गजरौला आए थे। अपरान्ह बाद तीनों बाइक से वापस अपने गांव जा रहे थे। बाइक को अमित चला रहा था। जब इनकी बाइक खादगूजर गांव के पास पहुंची तो विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। दोनों बाइकों की गति तेज होने के कारण अमित (23) और दूसरी बाइक पर सवार अक्षय (25) पुत्र महेश चंद्र निवासी गांव बरखेड़ा थाना नौगावां सादात की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं विपिन और अभिषेक घायल हो गए। सूचना मिलने पर डॉयल 112 पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने दोनों युवकों के शवों और दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। यहां से गंभीर रूप से घायल विपिन को हॉयर सेंटर रेफर किया गया। वहीं घटना की जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि दो बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत हुई है, जिनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मंडलायुक्त ने चौपाल में परखी व्यवस्था, टीकाकरण और शिक्षा पर विशेष निर्देश

## कोयला चौपाल में मंडलायुक्त का जनसंवाद, योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने विकास खंड चमरौआ क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोयला में ग्राम चौपाल में पहुंचकर चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन एवं विभिन्न पेंशन योजनाओं के संबंध में ग्राम वासियों से सीधा संवाद किया।

मंडलायुक्त ने ग्रामवासियों से बच्चों की शिक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त की।अभिभावकों को बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ मिट्टी के बर्तन एवं खिलौनों के माध्यम से रचनात्मक ज्ञान भी दिया जाए।बच्चों का समय से टीकाकरण कराया जाए, जिससे उन्हें शारीरिक विकृतियों से बचाया जा सके। साथ ही बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर दी जा रही शिक्षा की भी जानकारी ली।ग्राम में टीबी के मामलों की जानकारी लेने पर पाया गया कि 6 मरीज टीबी से ग्रसित हैं। इस पर उन्होंने कहा कि टीबी से घबराने की आवश्यकता नहीं है, इसकी दवा सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है तथा खान-पान का विशेष ध्यान रखा जाए।समीक्षा के दौरान जननी सुरक्षा योजना के 81 आवेदन लंबित पाए।जिस पर मंडलायुक्त ने ग्राम सचिव को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम में पंचायत सहायक के रिक्त पद को शीघ्र भरने के निर्देश भी दिए गए।उन्होंने कोटेदार द्वारा समय से राशन वितरण एवं गांव में साफ-सफाई की स्थिति के बारे में जानकारी ली। विद्युत विभाग द्वारा अधिक बिल आने की शिकायतों पर अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।मनरेगा के अंतर्गत 651 आईडी में से 20 आईडी लिंक न होने पर शीघ्र लिंक कराने के निर्देश दिये।फैमिली आईडी से लोगों को शीघ्र जोड़े जाने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वे में शामिल लाभार्थियों के नाम भी पढ़कर सुनाए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, अपर आयुक्त अरुण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



बच्चो से बातचीत करते मंडलायुक्त। -जागरण मोर्चा

# किसानों का गन्ना भुगतान तुरंत दिलाये सरकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन (शंकर) ने अधिशासी अभियंता के कार्यालय के समक्ष धरना देते हुए किसानों व आमजन की समस्याओं को उठाया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निदान की मांग की।

मंगलवार को आयोजित धरने को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ-दिवाकर सिंह ने कहा कि धनौरा के रामलीला मैदान के दक्षिणी छोर पर लगभग 40 वर्षों से रोजगार कर रहे गरीब रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को बाउंड्री वॉल निर्माण के नाम पर हटाने का प्रयास किया जा रहा है। यह कार्रवाई बिना सर्वे व बिना वैकल्पिक व्यवस्था के की जा रही है, जो कि नियमानुसार गलत है। जब तक विधिवत सर्वे और पुनर्वास की व्यवस्था न हो, तब तक विक्रेताओं को न हटाया जाए। संगठन ने गंगा धाम तिगरी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने की मांग की। गन्ना किसानों का करोड़ों का बकाया दिलाने की मांग भी सामने रखी।

डिडौली क्षेत्र में 132 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना की जाए तथा ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने की मांग की। एक्सईन नीरज कुमार ने किसानों को उनकी समस्याओं के प्रति जल्द निस्तारण कराने की आश्वासन दिया।

इस मौके पर नेमपाल सिंह, विक्रम पवार, हरि सैनी, हरप्रीत, हैप्पी, बलबीर सिंह, मुकेश गर्ग, शेर सिंह राणा, सत्यवीर सिंह, अनिल भटनागर, रवि चौधरी, अनुज चौधरी, गोपाल सिंह, इंद्रपाल सिंह, प्रियंका भटनागर, बबीता रानी, रामेश्वर सैनी आदि मौजूदरहे।

# 13 साल बाद निभाया वादा सैद नगली पहुंचे रामगोपाल यादव, भाजपा पर साधा निशाना

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुर। सैद नगली में राजनीति और रिश्तों का एक अनोखा संगम देखने को मिला। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव अपने एक कार्यकर्ता से किए 13 साल पुराने वादे को पूरा करने उनके घर पहुंचे।निजी रिश्तों के चलते पहुंचे जब नितिन अपनी पत्नी की डिलीवरी के दौरान रामगोपाल यादव ने मेरठ में मदद की थी। तब से नितिन उन्हें अपने घर पर आने के लिए आमंत्रित कर रहा था। 13 साल बाद इस निमंत्रण को स्वीकार कर जब वे पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर के साथ पहुंचे, तो क्षेत्र में सियासी सरगर्मियां तेज हो गईं।दौरान रामगोपाल यादव ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस की कालाबाजारी में केवल सत्ता पक्ष के लोग शामिल हैं। गाजियाबाद के यूट्यूबर सलीम मामले और एनकाउंटर की नीति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहाः "निर्दोषों की हत्या की जा रही है। एनकाउंटर करने वाले याद रखें कि समय आने पर धारा 302 के तहत कार्रवाई होगी, चाहे 20 साल क्यों न बीत जाएं।" 2027 का लक्ष्य फिल्म 'घूसखोर पंडित' और भाजपा विधायक राजीव तरारा पर हुए हमले के बहाने उन्होंने तंज कसा कि जो जमीन देखकर नहीं चलते, उन्हें जमीन ही सबक सिखाती है। उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 के चुनाव में उत्तर प्रदेश की राजनीतिक तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। उसके बाद राष्ट्रीय महासचिव राम गोपाल यादव पूर्व प्रधान स्वर्गीय नसीर पर्वेज के घर भी पहुंचे और बच्चों को उन्होंने सांत्वना दी तथा कहा कि मैं हर क्षण तुम्हारे लिए तैयार हूं कोई भी परेशानी हो मुझे बताइएगा इस मौके पर काठ विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर जावेद रजा उर्फ बॉबी ,फैसल अल्वी अरविंद कसाना नितिन वर्मा महानंद वर्मा मोहम्मद एबिल मोहम्मद कैफ अंशुल वर्मा पूर्व प्रधान दीपक अमन गुप्ता अनवर अंसारीआदि लोग मौजूद थे



बच्चो से बातचीत करते मंडलायुक्त। -जागरण मोर्चा

## 2027 के चुनावों में बनाएगी सपा की सरकार : भूपेंद्र सिंह

**जागरण मोर्चा कार्यालय, गजरौला :** समाजवादी पार्टी पीडीए चौपाल में जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। मंगलवार को ग्राम दरियापुर बुजुर्ग में आयोजित चौपाल में पहुंचने पर ग्रामीणों ने दोनों नेताओं का ढ़ोल नगाड़ों से स्वागत किया। इस दौरान टैक्टर ट्रालियों एवं अन्य वाहनों का लंबा काफिला भी रहा। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि जब से केन्द्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है तब से जनता को कभी नोटबंदी तो कभी सिलेंडर की लाइन लगानी पड़ती है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र यादव, श्याम सिंह, जिताम्बर यादव, सुभाष ठेकेदार, नेमपाल प्रधान, विजयपाल सिंह, समरपाल सिंह, विपिन सिरोही आदि मौजूद रहे।

# शराब सेल्समैन की पिटाई कर नगदी लूटने की घटना के मुख्य आरोपी की तलाश में दी गई दबिश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** शराब ठेके के सेल्समैन की पिटाई के दौरान बीस हजार रुपए की नगदी लूट के मामले में फरार सरगना की तलाश में हसनपुर पुलिस ने कई स्थानों पर दबिश डाली है। हालांकि, आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका है।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव करनखाल में नगर के मोहल्ला होली वाला निवासी सौरभ गुप्ता की ठेका देशी शराब की दुकान है। इस पर मोहल्ला होली वाला निवासी भरत कुमार पुत्र भूकनदास सेल्समैन का कार्य करता है। बताया जा रहा है कि भरत बीती 10 मार्च की रात ठेका बंद कर बाइक से अपने घर लौट रहा था।

नगर से करीब एक किलोमीटर पहले कोल्हू वाली पुलिया के पास अज्ञात बदमाशों ने उसे रोक लिया और बुरी तरह पिटाई कर 20 हजार रुपयों से भरा थैला लूट लिया था। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मौका मुआयना किया था। घटना में गंभीर घायल सेल्समेन का मेरठ के अस्पताल में उपचार चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि रविवार को भरत कुमार को होश आया तो उसने घटना की पूरी जानकारी दी। बताया जा रहा है कि उसने एक लुटेरे की पहचान भी पुलिस को बताई। जिसके आधार पर पुलिस ने नगर के मोहल्ला कायस्थान चामुंडा रोड निवासी अलफैज पुत्र असलम, राहिल उर्फ बाबू पुत्र राशिद व इसी मोहल्ले के एक नाबालिग समेत पूठ मार्ग काला शहीद निवासी शाहवाज पुत्र हारून को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों से लूटा गया थैला व 16 हजार रुपया बरामद हुआ है। राहिल उर्फ भूरा निवासी काला शहीद फरार है।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि भूरा की तलाश में दबिश डाली जा रही है, जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पंचायत चुनाव में देरी पर हाईकोर्ट सख्त

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पंचायत चुनाव की तैयारियों में देरी पर सख्त रुख



अपनाया है। अदालत ने राज्य निर्वाचन आयोग से पूछा है कि क्या वह तय संवैधानिक समयसीमा के भीतर चुनाव प्रक्रिया पूरी कर पाएगा। साथ ही 26 मई 2026 से पहले चुनाव कार्यक्रम का विस्तृत शेड्यूल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश में पंचायत चुनाव की तैयारियों में हो रही देरी पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग से पूछा है

## योगी सरकार का व्यावहारिक बदलाव

# जनता का पैसा कहां से आया और कहां खर्च हुआ, अब सब कुछ होगा स्पष्ट

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने नई वित्तीय नीति के तहत टैक्स को सीधे विकास कार्यों से जोड़ने का मॉडल अपनाया है। अलग-अलग क्षेत्रों से मिलने वाला राजस्व उसी क्षेत्र के विकास में खर्च हो रहा है। इससे पारदर्शिता बढ़ी है और सड़क, सिंचाई, खेती, पर्यटन तथा गोसंरक्षण जैसे क्षेत्रों में विकास को गति मिल रही है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक वित्त के क्षेत्र में एक स्पष्ट और व्यावहारिक बदलाव किया है। अब टैक्स को केवल राजस्व इकट्ठा करने का माध्यम नहीं माना जा रहा, बल्कि उसे सीधे किसी खास उद्देश्य से जोड़कर खर्च



किया जा रहा है। सरल शब्दों में समझें तो कौन सा पैसा कहां से आया और कहां खर्च हुआ, यह अब स्पष्ट दिख रहा है।

यह मॉडल इसलिए खास है क्योंकि आम नागरिक अब आसानी से समझ सकता है कि उसका दिया हुआ टैक्स किस काम में लग रहा है। इस पूरी नीति का सीधा मतलब है कि टैक्स अब सिर्फ पैसा नहीं, बल्कि विकास का साधन बन चुका है। उत्तर प्रदेश ने दिखाया है कि अगर योजना स्पष्ट हो, तो हर रुपये का सही उपयोग करके समाज, अर्थव्यवस्था और संस्कृति तीनों को एक साथ मजबूत किया जा सकता है। राज्य सरकार ने आबकारी से जुड़े राजस्व पर 0.5% का गो कल्याण सेस लगाया है। यह टैक्स शराब की बिक्री से जुड़ा है। आम उपभोक्ता पर इसका बहुत कम असर पड़ता है, लेकिन पूरे राज्य से यह मिलकर सैकड़ों करोड़ रुपये जुटाता है। इस पैसे को सीधे आवारा गोवंश की देखभाल में खर्च किया जाता है।

# प्रदेश में अभी नहीं आएगी गर्मी

## 19 मार्च से फिर करवट लेने जा रहा है मौसम, आंधी के साथ होगी बारिश

**कार्यालय जागरण मोर्चा**




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने को तैयार है। मौसम विभाग के अनुसार 19 से 22 मार्च के बीच सक्रिय हो रहे नए पश्चिमी विक्षोभ का असर पूरे प्रदेश में दिखाई देगा। बृहस्पतिवार से पश्चिमी जिलों में गरज-चमक, तेज हवाओं और बारिश का सिलसिला शुरू होगा, जो 20 मार्च तक पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में फैल जाएगा। मौसम विभाग ने 19 मार्च के लिए सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर और मेरठ समेत पश्चिमी यूपी के 18 जिलों में 50 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। वहीं 23 जिलों में गरज-चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी भी दी गई है। तापमान की बात करें तो मंगलवार को बांदा प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वाराणसी में 37.6 और प्रयागराज में 37.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा, जबकि बांदा में ही 22 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रात रिकॉर्ड हुई। बुधवार को तापमान में हल्की बढ़ोतरी के बाद, 19 मार्च से मौसम बदलने के साथ अधिकतम तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, इस पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेशभर में बारिश और तेज हवाओं का दौर देखने को मिलेगा।

# मायावती का कांग्रेस पर तीखा हमला

## कहा- कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग अब हास्यास्पद

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि सपा और कांग्रेस आदि दलित विरोधी पार्टियां यूपी में विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही वोटों के स्वार्थ में बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती मना रही हैं। यह इन दलों की सोची-समझी रणनीति है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार में रहने के दौरान कांशीराम को भारत रत्न नहीं दिया। अब दूसरी पार्टी की सरकार से इसकी मांग कर रही है।

यह हास्यास्पद है। उन्होंने मंगलवार को जारी बयान में आरोप लगाया कि ये पार्टियां शुरू से ही बसपा को खत्म करने में लगी हैं जबकि बसपा की नींव कांशीराम ने खुद रखी थी। उन्होंने कहा कि इस नींव उनके जीते जी कोई हिला नहीं सकता है। कहा, इन पार्टियों के महापुरुषों में कोई जान नहीं रही है, जो अब ये हमारे महापुरुषों को भुनाने में लगे हैं।

इन्होंने कांशीराम के जीते जी हमेशा उपेक्षा की थी। कांशीराम के सम्मान में बसपा सरकार के कामों को भी सपा सरकार ने बदल दिया था। यह इन पार्टियों का कांशीराम के प्रति चाल व चरित्र है। इसलिए यदि सपा-कांग्रेस आदि के दलित चमचे चुप रहें तो उनके लिए बेहतर होगा। ऐसे लोगों से दूरी बनाने के लिए ही कांशीराम ने चमचा युग के नाम से अंग्रेजी में एक किताब भी लिखी है।



## दिल्ली से लखनऊ आ रहे विमान में जज से क्रू मेंबरों ने की अभद्रता, बोले- फंगस लगा खाना खिलाया

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में सोमवार देर रात दिल्ली से आई एयर इंडिया की फ्लाइट में उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक न्यायाधीश को परोसे गए भोजन में फंगस (सड़ा हुआ) पाया गया। इस पर आपत्ति जताने पर एयरलाइन कर्मियों के दुर्व्यवहार से मामला और बढ़ गया।

पीड़ित पक्ष ने सरोजनी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार सोमवार को दिल्ली से रात 9:40 बजे लखनऊ पहुंचने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट (एआई-1720) से दिल्ली से लखनऊ आ रहे थे। उनकी सीट संख्या 1अ थी। यात्रा के दौरान उन्हें जो भोजन परोसा गया, उसमें फंगस लगा हुआ था, जिसे देखकर उन्होंने आपत्ति जताई।

आरोप है कि शिकायत करने पर केबिन क्रू सदस्य मनप्रीत और प्रीति ने समस्या का समाधान करने के बजाय उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। इतना ही नहीं, एयर इंडिया के कस्टमर सर्विस कर्मचारी सुफियान पर भी दुर्व्यवहार का आरोप लगाया गया है।

शिकायतकर्ता के मुताबिक, संबंधित कर्मचारी ने उक्त दूषित भोजन को फ्लाइट से बाहर ले जाने से भी रोक दिया। इस पर न्यायाधीश के साथ मौजूद सुमित गुप्ता ने इस मामले में सरोजनी नगर थाने में एयरलाइन कर्मियों के खिलाफ तहरीर दी।

# स्वास्थ्य विभाग का 18 मार्च से फाइलेरिया जांच अभियान शुरू, 12 टीमें करेंगी रात्रि सर्वेक्षण

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ /लखीमपुर खीरी।** फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारी कर ली है। 18 मार्च से जिले के तीन ब्लॉकों और शहरी क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा, जिसमें प्रशिक्षित टीमें रात में घर-घर जाकर रक्त जांच करेंगी।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक बिजुआ, निघासन, मितौली एवं अर्बन क्षेत्र में ॡफाइलेरिया जांच-2ॡ कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इसके लिए कुल 12 टीमें गठित की गई हैं। प्रत्येक ब्लॉक से 6 सदस्यीय 3 टीमें बनाई गई हैं, एक टीम में एक चिकित्सक, चार पैरामेडिकल स्टाफ एवं एक फ्रंटलाइन वर्कर (आशा/आंगनबाड़ी) शामिल



है।कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सोमवार को सीएमओ कार्यालय सभागार में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें जिला मलेरिया अधिकारी हरि शंकर एवं डॉ. राहुल द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमितेश द्विवेदी, सहायक मलेरिया अधिकारी दावा लामा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।सीएमओ ने बताया कि यह जांच अभियान 18 मार्च से शुरू होकर चयनित 30 क्लस्टर/साइट पर संचालित किया जाएगा। खास बात यह है कि फाइलेरिया की पुष्टि के लिए रात्रि 10 बजे के बाद एनबीएस (नाइट ब्लड सर्वे) किया जाएगा, क्योंकि इस समय रोग के परजीवी रक्त में सक्रिय रहते हैं।फाइलेरिया एक संक्रामक रोग है, जो संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है। यह रोग शरीर के लसीका तंत्र (लिम्फेटिक सिस्टम) को प्रभावित करता है, जिससे हाथ, पैर या जननांगों में असामान्य सूजन (हाथीपांव) हो सकती है। गंदगी, जलभराव और मच्छरों की अधिकता इसके प्रमुख कारण हैं।

## महानगर क्षेत्र में 18 मार्च को जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** जलकल विभाग जोन-3 द्वारा महानगर क्षेत्र में स्थित ओवरहेड टैंक (ओएचटी) के स्लूस वाल्व की मरम्मत का कार्य दिनांक 18 मार्च 2026, बुधवार को किया जाएगा। इस आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते महानगर के सेक्टर-बी पाण्डेयटोला, रहीम नगर घोसियाना, सेक्टर-ए महानगर सहित आसपास के क्षेत्रों में सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

जलकल विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे संभावित असुविधा से बचने के लिए 18 मार्च की प्रातःकालीन अवधि में ही अपने घरों में पर्याप्त जल का संचयन कर लें, ताकि दिनभर पानी की कमी न हो।

# महानगर क्षेत्र में 18 मार्च को जलापूर्ति रहेगी प्रभावित, जलकल विभाग की अपील

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** जलकल विभाग जोन-3 द्वारा महानगर क्षेत्र में स्थित ओवरहेड टैंक (ओएचटी) के स्लूस वाल्व की मरम्मत का कार्य दिनांक 18 मार्च 2026, बुधवार को किया जाएगा। इस आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते महानगर के सेक्टर-बी पाण्डेयटोला, रहीम नगर घोसियाना, सेक्टर-ए महानगर सहित आसपास के क्षेत्रों में सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

जलकल विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे संभावित असुविधा से बचने के लिए 18 मार्च की प्रातःकालीन अवधि में ही अपने घरों में पर्याप्त जल का संचयन कर लें, ताकि दिनभर पानी की कमी न हो। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि मरम्मत कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे जलापूर्ति जल्द से जल्द सामान्य हो सके। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जरूरतमंद क्षेत्रों में पानी के टैंकर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए नागरिक क्षेत्रीय अवर अभियन्ता के मोबाइल नंबर 8173004084 तथा स्टोर इंचार्ज के मोबाइल नंबर 8173004083 पर संपर्क कर सकते हैं।



# मड़ियांव में मोबाइल की दुकान से हुई चोरी की घटना का हुआ खुलासा

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** अपराध शाखा लखनऊ एवं थाना मड़ियांव पुलिस टीम को मिली सफलता। संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दुकानों का शटर और ताला तोड़कर मोबाइल चोरी करने वाले 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हुण्डई वरना कार तथा दो अदद मोटर साइकिल भी बरामद किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से बरामद 41 मोबाइल फोन की कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई गई।



पिछले महीने की 22 तारीख को आवेदक अभिषेक चौधरी पुत्र वीर सिंह निवासी मकान नं0 647/इ/ॠ 073 जानकीपुरम गार्डन लखनऊ द्वारा थाना मड़ियांव में लिखित शिकायत दी गई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया था कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा प्रार्थी की दुकान का शटर तोड़कर, दुकान के अन्दर रखे लगभग 30 नए मोबाइल, 10 पुराने मोबाइल, 4 टैबलेट व लगभग 10,000/- रुपए नगद चोरी कर लिए गए हैं। प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना मड़ियांव पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मु0अ0सं0 82/26 धारा 305ए/331(4) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया था।

जिसपर मुखबिर खास की सूचना पर संबंधित मामले में संयुक्त टीम द्वारा यादव चौराहे के निकट लोखड़िया मोड़ के पास सर्विस रोड से अमन पुत्र सिराजुद्दीन उर्फ नफीस निवासी मोहल्ला काजीपुरा साजिद किराना स्टोर के बगल में कोतवाली बहराइच जनपद बहराइच उम्र 23 वर्ष, मो0 जीशान पुत्र स्व0 मो0 इरफान निवासी न्यू हैदरगंज सिल्वर सिटी कालोनी थाना ठाकुरगंज लखनऊ मूलपता थाना नानपारा जनपद बहराइच उम्र 26 वर्ष, अजमत अली उर्फ मंटू पुत्र इसरार अली निवासी बरारा हुसैन बाड़ी सोना भट्ठा निकट साद मस्जिद थाना ठाकुरगंज लखनऊ उम्र 25 वर्ष तथा समीर उर्फ डाबर पुत्र तज्जमुल निवासी मीना बैकरी चौराहा एफसीआई गल्ला गोदाम तालकटोरा थाना तालकटोरा लखनऊ उम्र 19 वर्ष को पकड़ लिया गया।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 400/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
75798495555, 9627739857, 9411916020, 9997745413








जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।

CMYK

# तरावीह में कुरआन मुकम्मल, 27वीं शब पर मुल्क के लिए हुई दुआएं

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** रमजान के मुकद्दस महीने चैकी हद्दफ वाली मस्जिद में तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन पाक मुकम्मल कराया गया। इस मुबारक मौके पर मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाजियों ने शिरकत कर इबादत में हिस्सा लिया और अल्लाह का शुक्र अदा किया।

कुरआन मुकम्मल होने के बाद पूरे माहौल में रूहानियत और अकीदत का खास नजारा देखने को मिला। इस मौके पर मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली, तरक्की और इंसानियत की भलाई के लिए खास दुआ की गई। कुरआन मुकम्मल होने के बाद मस्जिद में महफिल-ए-नात का आयोजन किया गया, जिसमें हाफिज अतीक, सैयद अफजाल, हाफिज बिलाल, हाफिज तारिक और हाफिज आरिश ने नात व मनकबत पेश कर महफिल को रौनक बख्शी। उनकी दिलकश आवाज में पेश की गई नातों को सुनकर मौजूद लोग अकीदत के साथ झूम उठे और पूरा माहौल इबादत और मोहब्बत से भर गया। कार्यक्रम के दौरान सलाम पढ़ा गया और फातिहा के बाद दुआ कराई गई। उलेमाओं ने अपने बयान में रमजान की 27वीं शब की खास फजीलत और उसकी अहमियत पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि यह रात बेहद मुबारक होती है और इसमें की गई इबादत का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस मुकद्दस महीने के आखिरी दिनों में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें, जरूरतमंदों की मदद करें और अपने गुनाहों की माफी मांगें। मस्जिद के ईमाम हाफिज हसन ने तरावीह में कुरआन मुकम्मल कराया। उन्होंने बताया कि रमजान का महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना है, जिसमें हर मुसलमान को इबादत के जरिए अल्लाह के करीब आने की कोशिश करनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में मस्जिद कमेटी की ओर से लंगर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और आपसी भाईचारे व मोहब्बत के साथ लंगर तकसीम किया गया। इस दौरान लोगों में एकता और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। इस मौके पर मस्जिद कमेटी के सदर राहत खां उर्फ कुन्नू के अलावा नसीम खां, सोनी खां, मोहम्मद राजिक, रजा खां, शाकिर अली, मो कादरी, शादाब खां, सोनू खां, दानिश खां, फहद खां सहित बड़ी संख्या में नमाजी मौजूद रहे।

# बड़ी मस्जिद में तरावीह के दौरान कुरआन मुकम्मल, खुशी का माहौल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**तिलहर (शाहजहांपुर)।** मोहल्ला कच्चा कटरा स्थित बड़ी मस्जिद में रमजान उल मुबारक के पवित्र महीने में तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन पाक मुकम्मल होने पर लोगों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। तरावीह की नमाज में इमाम हाफिज गुलाम अहमद रजा ने पूरे रमजान माह में तिलावत करते हुए कुरआन शरीफ मुकम्मल किया। इस मौके पर उन्होंने तकरीर करते हुए कहा कि इस्लाम में तरावीह के दौरान पूरे कुरआन की तिलावत करना बहुत अफजल इबादत है, जिसे आमतौर पर रमजान में पूरा किया जाता है। उन्होंने लोगों से अल्लाह और उसके रसूल के बताए रास्ते पर चलने की अपील करते हुए कहा कि यही दुनिया और आखिरत में कामयाबी का सही मार्ग है। उन्होंने कहा कि कुरआन पाक इंसानियत के लिए मुकम्मल मार्गदर्शन है और इसकी शिक्षा पर अमल करने से समाज में भाईचारा, इंसाफ और अमन कायम होता है। इस अवसर पर सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां, मोहम्मद हुसैन उर्फ अच्छन मियां, शादाब खान, काशिफ, शरीक हुसैन, शरीफ कुरैशी, रईस कुरैशी, जमील खान, इशरत खान, सैफ अली खान, अंजुम खान, शमशाद खान, मुमताज खान, हाफिज जाहिद हुसैन, हाफिज नौशाद, मौलाना असलम, हाजी फरीद अहमद, मोहम्मद अजीम खान, मोहम्मद सलीम, अकरम खान, इरशाद खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने इमाम साहब को मुबारकबाद दी और उन्हें तोहफा व नजराना पेश किया।

# विधवा को मिला पीएम आवास के निर्माण में रिश्तेदार बन रहे बाधा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत घर मिलने के बावजूद एक विधवा महिला अपने ही रिश्तेदारों की वजह से मकान नहीं बना पा रही है। महिला ने प्रधानमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। अल्हागंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला ब्रह्मानान की रहने वाली सपना के पति अनूप कुमार का वर्ष 2020 में बीमारी से निधन हो गया था। सपना एक निजी शिक्षिका हैं और अपने एक बेटे व एक बेटी के साथ किसी तरह जीवनयापन कर रही हैं। फिलहाल वह अपने जेठ के घर में रहने को मजबूर हैं। सपना ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आवेदन किया था, जिसमें उनका नाम लाभार्थी सूची में शामिल हो गया। 1 जनवरी को अटल बिहारी प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें आवास का प्रमाण पत्र भी मिला। इसके बाद उनके खाते में पहली किस्त के रूप में एक लाख रुपये भी आ गए। महिला का कहना है कि उनके पुश्तैनी जमीन में उनका भी हिस्सा है, जहां आवास योजना के तहत घर बनाया जाना है। लेकिन आरोप है कि जब भी वह निर्माण कार्य शुरू करवाती हैं, उनके रिश्तेदार दबंगई दिखाकर काम रुकवा देते हैं। हाल ही में मजदूरों को भी भगा दिया गया और निर्माण के लिए लाई गई ईंटें फेंक दी गईं, कुछ ईंटें गायब भी हो गईं।

पीड़िता ने प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा कि उनके पास रहने के लिए अपना घर नहीं है और रिश्तेदार उन्हें मकान बनाने नहीं दे रहे हैं। उन्होंने अपने बच्चों के साथ सुरक्षित जीवन के लिए न्याय की मांग की है। इस मामले में थाना प्रभारी का कहना है कि जमीन से जुड़ा मामला राजस्व विभाग का है। पुलिस और लेखपाल को जांच के निर्देश दे दिए गए हैं।

# यूजीसी के समर्थन में कैंडिल मार्च, दलित छात्रों ने उठाई भेदभाव खत्म करने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** यूजीसी के समर्थन में प्रबुद्ध चेतना समिति के तत्वावधान में बीती शाम कैंडिल मार्च निकाला गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संयोजक जगदीश चंद्रा और अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र मोहन ह्यज्ञानह्न ने किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के दलित छात्र खिरनी बाग स्थित रामलीला मैदान में एकत्र हुए। छात्रों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर जीआईसी चैराहा स्थित शहीद स्तंभ तक मार्च निकाला और वहां पहुंचकर मोमबत्तियां जलाकर विरोध जताया। इस मौके पर सुरेश पाल सिंह एडवोकेट ने कहा कि एससी-एसटी वर्ग के छात्र लिखित परीक्षाओं में अच्छे अंक लाने के बावजूद इंटरव्यू में जानबूझकर फेल कर दिए जाते हैं। वहीं शिक्षक नेता सियाराम दिनकर ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में जातीय भेदभाव के कारण दलित छात्रों को परेशान किया जाता है, जिसका उदाहरण रोहित वेमुला का मामला है। उन्होंने कहा कि यूजीसी कानून में इस तरह की समस्याओं को खत्म करने की क्षमता है। संयोजक जगदीश चंद्रा ने छात्रों से पढ़ाई पर ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करना समिति की जिम्मेदारी है। कैंडिल मार्च में विजय पाल, मोहित कुमार, अतुल कुमार, विपिन गौतम, निर्देश कुमार, सुरजीत सिंह, मंगल सिंह, संजीव कुमार और नीरज कुमार समेत कई छात्र मौजूद रहे।

# प्रधानाचार्य बर्खास्त, गबन के आरोप शिक्षकों ने लगाया बंधक बनाने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** रोजा क्षेत्र स्थित सुदामा प्रसाद बाल विद्यास्थली मंदिर में प्रबंधन कमेटी और प्रधानाचार्य के बीच चल रहा विवाद मंगलवार को और गहरा गया। कमेटी ने प्रधानाचार्य उज्ज्वला मिश्रा को 25 लाख रुपये के कथित गबन के आरोप में बर्खास्त कर उनके कार्यालय में ताला लगा दिया। इस कार्रवाई के बाद स्कूल में हंगामा खड़ा हो गया और शिक्षकों ने कमेटी पर उन्हें बंधक बनाने व मानसिक प्रताड़ना देने का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराया। बताया जा रहा है कि विद्यालय सोसाइटी द्वारा संचालित है और लंबे समय से प्रबंधन व प्रधानाचार्य के बीच विवाद चल रहा था। प्रबंधक संजय गुप्ता का आरोप है कि प्रधानाचार्य उन्हें स्कूल में प्रवेश नहीं करने देती थीं और कई अनियमितताएं की गई हैं, साथ ही पिछले दस महीनों से बायोमेट्रिक उपस्थिति भी दर्ज नहीं कराई गई। वहीं, वाइस प्रिंसिपल ज्योत्स्ना द्विवेदी ने कमेटी की कार्रवाई को गलत बताते हुए कहा कि अचानक गेट पर ताला लगाकर शैक्षिक कार्य बाधित किया गया और प्रबंधक ने अपनी पत्नी को प्रधानाचार्य बना दिया, जिससे शिक्षकों और छात्रों को परेशानी हो रही है। मामला अब प्रशासन और कोर्ट तक पहुंच गया है। शिक्षक कलेक्ट्रेट पहुंचकर शिकायत कर चुके हैं, जबकि अधिकारियों ने दोनों पक्षों को बैठाकर समाधान निकालने का आश्वासन दिया है। इस पूरे विवाद का असर स्कूल की पढ़ाई, एडमिशन प्रक्रिया और शिक्षकों के वेतन पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

# सिंधौली ब्लॉक शिक्षक संघ का निर्वाचन सम्पन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई सिंधौली का निर्वाचन ब्लॉक संसाधन केंद्र के सभागार में सम्पन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया जनपद द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक सुभाष मिश्रा (जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष) की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई।

निर्वाचन में सभी पदों पर एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त हुआ। नामांकन पत्रों की जांच के बाद सभी आवेदन वैध पाए गए, जिसके चलते सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इसमें विनोद कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष, विजयपाल राठौर को ब्लॉक मंत्री, राम औतार को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर राजेश बाबू सक्सेना, राजकुमार, अशहाव अली, रामेशचंद्र, अनुराधा गौतम व शशी प्रभा को जिम्मेदारी मिली। संयुक्त मंत्री के रूप में अलका वर्मा, हरिश्चंद्र आनंद, रमीत कौर, करुणाशंकर, अशोक कुमार व मो. आसिफ तथा मीडिया प्रभारी के रूप में विकास कुमार को चुना गया। कार्यक्रम में मंडल मंत्री चंद्रकांत भारती ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए एकजुट रहने का आह्वान किया और कहा कि संगठन में ही शक्ति होती है। वहीं जिला अध्यक्ष मगरे लाल ने कहा कि किसी भी शिक्षक को समस्या होने पर संगठन उसका त्वरित समाधान कराने के लिए तत्पर रहेगा। जिला महामंत्री विश्राम सिंह ने सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अंत में नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार ने सभी उपस्थित शिक्षकों और पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक एवं संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शहीद एक्सप्रेस में बच्चे की तबीयत बिगड़ी, 10 मिनट रोककर किया इलाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जयनगर से अमृतसर जा रही 14673 शहीद एक्सप्रेस में एक 10 वर्षीय बच्चे की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बच्चा अपने परिजनों के साथ यात्रा कर रहा था और लखनऊ से ट्रेन निकलने के बाद उसकी हालत खराब हो गई। परिजनों ने तुरंत टीटी को सूचना दी, जिसके बाद मामले की जानकारी कंट्रोल रूम को दी गई। निर्देश मिलने पर ट्रेन को शाहजहांपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर रोका गया। यहां रेलवे के डॉक्टरों की टीम ने बच्चे का प्राथमिक उपचार किया। करीब 10 मिनट तक ट्रेन प्लेटफॉर्म पर खड़ी रही। उपचार के बाद बच्चे की हालत में सुधार होने पर ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। स्टेशन अधीक्षक श्री तोमर ने बताया कि कंट्रोल के आदेश पर ट्रेन रोककर यात्री का इलाज कराया गया, इसके बाद ट्रेन को आगे भेजा गया।

# मनरेगा मजदूरी भुगतान को लेकर कांग्रेस का विकास भवन घेराव

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने मनरेगा मजदूरों की लंबित मजदूरी के मुद्दे को लेकर विकास भवन का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी को सौंपकर जल्द भुगतान की मांग उठाई। इससे पहले सभी कार्यकर्ता टाउन हॉल स्थित राजीव भवन में एकत्र हुए, जहां बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में मनरेगा मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिल रही है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मजदूरों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है, जबकि कांग्रेस पार्टी उनके अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। ज्ञापन में कहा गया कि शाहजहांपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में मनरेगा मजदूरों की मजदूरी महीनों से लंबित है। समय पर भुगतान न होने से मजदूरों और उनके परिवारों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जरूरतें भी प्रभावित हो रही हैं। कांग्रेस कार्यकताओं ने मांग की कि सभी लंबित मजदूरी का शीघ्र भुगतान कराया जाए और भविष्य में समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए। प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, पूर्व प्रदेश सचिव अनूप वर्मा, तनवीर सफदर, पवन सिंह, सुरेश चंद्र शुक्ला, कृष्ण विनोद मिश्रा, अरुणोद मिश्रा, पूनम पांडेय, बिंदेश्वरी राज, दिनेश कुमार, बीएन सिंह यादव, पार्षद तालिब खान, सीमा गौतम, रानी पांडे, जसवीर कौर गिल, फुरकान अहमद कुरैशी, गौरव त्रिपाठी, रामजी अवस्थी, सईद अंसारी, संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, लक्ष्मीकांत मिश्रा, इरफान खान, अदीब अहमद, डॉ. फहाद, ओमेंद्र यादव, सोनपाल यादव, बाल गोविंद यादव, रंजीत सिंह, शिवदर्शन, रफी उल हसन, प्रत्यूष मिश्रा, शाश्वत मिश्रा, हरनाम कटियार, इकबाल अंसारी, नीरज अवस्थी, प्रो. जाने आलम, अनिल श्रीवास्तव, अजय पाठक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जगन्नाथ सिंह स्टेडियम से रोजा अंडरपास तक लगेगी स्ट्रीट लाइट

**शाहजहांपुर।** शहर में सड़क सुरक्षा और सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम द्वारा एक अहम कदम उठाया जा रहा है। लोदीपुर से सुभाष चंद्र बोस चैराहा होते हुए जगन्नाथ सिंह स्टेडियम तक जहां पहले से ही रात्रि में स्ट्रीट लाइट जलती हैं, वहीं अब इस व्यवस्था को आगे बढ़ाते हुए जगन्नाथ सिंह स्टेडियम से रोजा जंक्शन के अंदर बाईपास (अंडरपास) तक भी स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। बताया जा रहा है कि यह रोड अब नगर निगम के अंतर्गत आ गई है, जिसके चलते यहां डिवाइडर के बीचों-बीच पोल लगाने का कार्य शुरू किया गया है। इसके लिए डिवाइडर को काटकर पोल लगाए जाएंगे, जिन पर स्ट्रीट लाइट, तिरंगा झंडियां और सजावटी झालर भी लगाई जाएंगी। स्थानीय लोगों के अनुसार, अब तक जगन्नाथ सिंह स्टेडियम तक ही रोशनी रहती थी, लेकिन उसके आगे अंधेरा होने के कारण रात में वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार दुर्घटनाओं का भी खतरा बना रहता था। नई स्ट्रीट लाइट लगने के बाद अब इस पूरे मार्ग पर रात्रि में भी पर्याप्त रोशनी रहेगी, जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और सुरक्षा भी बढ़ेगी। ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने इस पहल का स्वागत किया है।



# ट्रक से आई मौरंग में दबा मिला युवक का शव, इलाके में मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मिजार्पुर(शाहजहांपुर)।** कलान क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब उत्तराखंड से मौरंग लेकर आए एक ट्रक से युवक का शव बरामद हुआ। शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार, थाना कलान क्षेत्र के गांव आंधी देही में गढ़िया छवि मार्ग पर स्थित मौरंग, गिट्टी और सीमेंट की दुकान पर रोजाना की तरह बाहर से ट्रक आता है।

सोमवार रात उत्तराखंड के शांतिपुरी क्रेशर (नैनीताल) से ट्रक संख्या यूपी 25 सीटी 2887 मौरंग भरकर चला था। ट्रक चालक इम्तियाज (निवासी पीलीभीत) और हेल्पर अलीम (निवासी बरेली) मंगलवार सुबह करीब 6 बजे दुकान पर पहुंचे। बताया जाता है कि जैसे ही मजदूर ने ट्रक का डाला खोलकर मौरंग नीचे गिरानी शुरू की, तभी उसमें से एक युवक का पैर दिखाई दिया। यह देखते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही चालक ट्रक लेकर थाने पहुंचा और थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मौरंग में दबे शव को बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। पुलिस ने शव की शिनाख्त न होने पर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक ट्रक में कैसे पहुंचा।

# हज यात्रियों को अलग से देनी होगी कैटरिंग फीस, स्मार्ट वॉच अनिवार्य

**शाहजहांपुर।** हज को लेकर प्रदेश राज्य हज समिति ने यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि इस बार हज यात्रा में कई बदलाव किए गए हैं, जिनकी जानकारी होना यात्रियों के लिए जरूरी है। जारी निदेर्शों के अनुसार, इस बार हज यात्रियों की निर्धारित फीस में कैटरिंग (खाने) का खर्च शामिल नहीं होगा। यात्रियों को यह राशि अलग से जमा करनी होगी। साथ ही, पहले की तरह बिल्डिंग में खुद किचन चलाने की सुविधा भी समाप्त कर दी गई है। इस वर्ष यात्रियों के लिए कॉमन कैटरिंग व्यवस्था लागू करने पर विचार किया जा रहा है। हज यात्रा पर जाने वाले प्रत्येक यात्री को उड़ान स्थल पर दस्तावेज वितरण के समय एक स्मार्ट वॉच दी जाएगी। इस वॉच में यात्रा से जुड़ी सभी जरूरी जानकारी उपलब्ध होगी। यह भारत में काम नहीं करेगी, लेकिन सऊदी अरब पहुंचने पर स्वतः सक्रिय हो जाएगी। इसके अलावा, सभी यात्रियों को एक जरूरी मोबाइल ऐप डाउनलोड कर उसे चालू रखना अनिवार्य होगा, ताकि समय-समय पर अपडेट मिलते रहें। समिति ने यह भी स्पष्ट किया है कि हर यात्री का मोबाइल नंबर सक्रिय होना चाहिए। जिन लोगों ने आवेदन में अपने रिश्तेदार या एजेंट का नंबर दिया है, उन्हें तुरंत अपना व्यक्तिगत नंबर अपडेट कराना होगा, वरना सूचना न मिलने पर होने वाली परेशानी के लिए वे खुद जिम्मेदार होंगे। यात्रियों को अपना पासपोर्ट, वीजा और अन्य जरूरी दस्तावेज सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उड़ान से दो दिन पहले निर्धारित स्थल पर बुकिंग कन्फर्म कराना होगा, जबकि उड़ान से 24 घंटे पहले स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है, ताकि आवश्यक कागजात प्राप्त किए जा सकें। हज समिति ने कहा है कि ये सभी दिशा-निर्देश यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जारी किए गए हैं। अधिक जानकारी के लिए यात्री अपने नजदीकी हज सुविधा केंद्र या जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# अस्तित्व ने ऊकेरी जाति, जनजाति संघर्षों व विकास की गाथा

## जेएमबी किड्स इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** गैस चौराहा स्थित जेएमबी किड्स इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार रहे। वार्षिक उत्सव का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि विधायक महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम भारत के विभिन्न राज्यों के जाति, जनजाति संघर्ष व विकास पर आधारित थीम पर मनाया गया। विद्यालय की फाउंडर प्रिंसिपल व निदेशक डॉ. गुंजन तिवारी ने अपने उद्बोधन से सभी का स्वागत किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जीवन पर आधारित कथा को सभी ने सराहा।कार्यक्रम में आसाम का झूमर नृत्य, डेजर्ट ट्राइब्स, उड़ीसा के खानाबदोश जाति के संघर्ष , विरसा मुंडा के बलिदान आदि का मंचन किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिस्पधाओं में सफल होने के लिए पुरस्कार दिए गए।



वार्षिकोत्सव में संबोधित देते राज्य मंत्री, कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र

जेएमबी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर अंचल गुप्ता ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विद्यालय के स्टाफ तथा बच्चों को बधाई दी तथा जेएमबी ग्रुप के नए उपक्रमों के बारे में अवगत कराया। विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ उदिता अग्रवाल ने वार्षिक रिपोर्ट के रूप में विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों को प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का संचालन प्राची गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में जगदीश बाबू गुप्ता, डॉ. संजय गुप्ता, दीपेश अग्रवाल, नितिन गुप्ता, अरविंद गुप्ता,डॉ.एस.पी.एस संधू,राजवीर सिंह , लक्ष्मीकांत शर्मा, एडवोकेट विवेक अवस्थी, विवेक शर्मा, रतन नाथ मिश्र,आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विराट वर्मा, निशांत गंगवार, पारुषि अग्रवाल, आराध्या शर्मा, लाव्या गंगवार, विहान राजपूत, श्रेयांशी कटियार सहित अधिकांश बच्चों ने प्रतिभाग किया।

# क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-16 क्रिकेट ट्रायल सम्पन्न


ट्रायल में बैटिंग करता खिलाड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** मंगलवार को एलएचएसएफ क्रिकेट ग्राउंड में क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से जिले के अंडर-16 लड़कों का क्रिकेट ट्रायल आयोजित किया गया। इस ट्रायल में केवल वही खिलाड़ी शामिल हुए जिन्होंने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के पोर्टल पर पूर्व पंजीकरण कराया था। खिलाड़ियों की योग्यता के अनुसार बल्लेबाजी और गेंदबाजी का परीक्षण कराया गया। चयनित खिलाड़ियों को आगामी मंडल स्तरीय क्रिकेट ट्रायल के लिए बरेली भेजा जाएगा। ट्रायल का संचालन क्रिकेट एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी राजेश शर्मा एवं मोहित अग्रवाल, साथ ही एलएचएसएफ के क्रिकेट कोच मनोज कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीलीभीत वैटर्न क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव जगदीश सक्सेना, मेंबर राजेश कुमार गंगवार एवं आयुष कुमार भी उपस्थित रहे। यह आयोजन जिले में क्रिकेट प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें उच्च स्तर पर अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नवोदय स्कूल के लिए छात्रा रौनक का हुआ चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित नवोदय प्रवेश परीक्षा में कंपोजिट स्कूल बरहा की छात्रा रौनक का हुआ चयन। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में जिले के 80 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। चयनित छात्र-छात्राओं को कक्षा 6 से 12 तक निःशुल्क आवासीय उत्कृष्ट शिक्षा मिलेगी। ललौरी खेड़ा ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल बरहा की कक्षा 5 की छात्रा रौनक ने अपने मार्गदर्शक एवं कक्षा अध्यापिका गीता कुमारी के निर्देशन में यह सफलता अर्जित की। इससे पहले भी इसी विद्यालय की छात्रा कक्षा 6 एवं 11 में चयन होचुका है। विद्यालय की इंचार्ज अध्यापक ममता गंगवार एवं अन्य शिक्षक संतोष खरे, मीना, विजेता, मनविंदर, सृष्टि, किरन, रूबी, निधि निगम, सबीहा, गुंजन, दिनेश, रमेश, पवन, शैलेन्द्र, निधि अग्रवाल, करुणा, लक्ष्मी एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं अभिभावकों ने प्रसन्नता


छात्रा रौनक

जताई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने चयनित छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना कर सभी शिक्षकों और बच्चों को बधाई दी है।

# जंगल को आग से बचाने के लिए आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** फायर सीजन की शुरूआत को ध्यान में रखते हुए जंगलों को आग से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से विश्व प्रकृति निधि के सहयोग से टाइगर रिजर्व में वनाग्नि प्रबंधन पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 15 से 17 मार्च तक टाइगर रिजर्व मुख्यालय में आयोजित की गई। 15 मार्च को प्रधान वन संरक्षक सुनील चौधरी ने इसका उद्घाटन किया। कार्यशाला में माला, महोफ, बरही, हरिपुर और दियोरिया रेंज के लगभग 100 कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में फील्ड डायरेक्टर एवं मुख्य वन संरक्षक पी.पी. सिंह ने कहा कि अग्नि प्रबंधन कार्यों को गंभीरता से करना आवश्यक है। उन्होंने जंगल को आग से बचाने के लिए ह्लकूल बर्निंगह्व और ह्लकंट्रोल बर्निंगह्व तकनीकों की जानकारी देते हुए इनके महत्व पर प्रकाश



कार्यशाला में प्रशिक्षण देते अधिकारी

डाला।प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने कहा कि जंगल की आग केवल घास और पत्तियों को ही नहीं जलाती, बल्कि जैव विविधता को भी भारी नुकसान पहुंचाती है। इससे रेंगने वाले जीवों और घास के मैदानों में रहने वाले पक्षियों पर विशेष रूप से दुष्प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि समय रहते आग पर नियंत्रण कर जैव विविधता को सुरक्षित रखा जा सकता है। प्रभागीय निदेशक भारत कुमार डी.के. ने कहा कि आग के विकराल रूप लेने से पहले ही उसे नियंत्रित करना जरूरी है, जिसके लिए समय प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने प्रतिभागियों को अग्नि के प्रकार, अग्निशमन तकनीक, मॉप-अप प्रक्रिया, धुएं से आग की पहचान, अग्नि त्रिकोण तथा अग्नि पट्टियों के महत्व पर प्रशिक्षण दिया। फायर पुलिस अधिकारी आबिद अली खान ने समय प्रबंधन, मानव सुरक्षा और अग्नि नियंत्रण के व्यावहारिक पहलुओं पर जानकारी दी।

# 23 साल पुराने मामले में दो लोग दोषमुक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** पीलीभीत की न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रियंका मौर्या की अदालत ने फैसला सुनाते हुए वर्ष 2001 से चले आ रहे एक पुराने आपराधिक मामले में अभियुक्तों को सम्मानजनक रूप से दोषमुक्त कर दिया है। इस मामले में अभियुक्तों की ओर से अधिवक्ता शुभम पाण्डेय ने प्रभावी पैरवी की। यह मामला थाना कोतवाली पीलीभीत में वर्ष 2001 में दर्ज एफआईआर (मु०अ०सं०-552ए/2001) से संबंधित था, जो वाद संख्या 398/2003 के रूप में न्यायालय में विचाराधीन था। अभियुक्त रवि गुप्ता और रामप्रकाश पर आईपीसी की धारा 147, 148, 323, 504 और 506 के तहत गंभीर आरोप लगाए गए थे। सुनवाई के दौरान एडवोकेट शुभम पाण्डेय ने अदालत के समक्ष ठोस कानूनी तर्क और साक्ष्य प्रस्तुत किए। उन्होंने सफलतापूर्वक साबित किया कि अभियोजन पक्ष अभियुक्तों के खिलाफ कोई भी मौखिक या दस्तावेजी साक्ष्य पेश करने में पूरी तरह विफल रहा है। अभियोजन पक्ष आरोपों को ₹संदेह से परे₹ साबित करने में विफल रहा व उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रतिपादित 'रमेश हरिजन बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (2012)' की विधि व्यवस्था के आधार पर अभियुक्तों को संदेह का लाभ मिलना चाहिए।

फैसले के बाद एडवोकेट शुभम पाण्डेय ने इसे न्याय की जीत बताते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य हमेशा सत्य और न्याय को अदालत के सामने लाना रहा है।


अधिवक्ता शुभम पांडे

23 साल के लंबे इंतजार के बाद आज हमारे मुवक्किलों को सम्मानजनक न्याय मिला है। न्यायालय ने माना है कि पुलिस द्वारा लगाए गए आरोप निराधार थें।

# बंद मकान में मिला सिलेंडरों का जखीरा, कालाबाजारी की आशंका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिले में अवैध गैस रिफिलिंग और कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार रात सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में एक बंद मकान से 24 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए। इस खुलासे के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। जिला पूर्ति विभाग को लंबे समय से सुल्तानपुर गांव में अवैध सिलेंडर भंडारण की सूचना मिल रही थी।

इसी आधार पर सोमवार रात जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) विकास कुमार के नेतृत्व में टीम ने अंकित मिश्रा के बंद मकान पर छापा मारा। टीम को घर के एक कमरे में भारी मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडर छिपाकर रखे मिले। छापेमारी के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने बरामद सिलेंडरों से संबंधित कोई वैध दस्तावेज या भंडारण की अनुमति नहीं दिखा पाए। प्रशासन ने सभी 24 सिलेंडर जब्त कर लिए हैं।


बंद मकान में पाए गए 24 सिलेंडर

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये सिलेंडर कालाबाजारी और छोटे सिलेंडरों में अवैध गैस रिफिलिंग के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले थे।जिला पूर्ति अधिकारी विकास कुमार ने बताया, ह्लसुल्तानपुर गांव में एक घर से बड़ी मात्रा में सिलेंडर बरामद किए गए हैं। प्रथम दृष्टया यह अवैध भंडारण और कालाबाजारी का मामला प्रतीत होता है। सिलेंडर जब्त कर लिए गए हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस और पूर्ति विभाग अब इस अवैध धंधे के मुख्य सूत्रधारों और सिलेंडरों की आपूर्ति के स्रोत का पता लगाने में जुटे हैं। इस कार्रवाई के बाद गांव में अन्य अवैध वेंडरों में भी भय का माहौल है।ह्वयह कार्रवाई जिले में आमजन को सस्ती और वैध एलपीजी उपलब्ध कराने की दिशा में प्रशासन की सख्ती को दशार्ती है। आगे की जांच जारी है।

# किसान पंचायत में किसानों की समस्या पर हुई चर्चा, ज्ञापन सौंपा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक किसान पंचायत कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसका संचालन जिला प्रभारी दिनेश कुमार ने किया। पंचायत को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद में आगमी सरकारी गेहूं खरीद केन्द्रों की संख्या 200 की जाये ताकि सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ गेंहूँ किसानों को सुविधा पूर्वक प्राप्त हो सके। साथ ही जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि अधिकांश आढ़ती, व्यापरियों व सीड्स प्लांटों पर पिछले वर्ष का भारी स्टाक पड़ा हुआ है। यह पुराना गेंहू का स्टाक सरकारी गेहूं खरीद में प्रवर्तित होने की सम्भावना है। कहा कि टाईगर रिजर्व जंगल में प्रतिबंधित रात्री आवागमन को सूचारुरूप से किसान हित में जारी रखा जाये। टाईगर रिजर्व जंगलो में जाल फेसिंग अविलंब करायी जाये जंगल के किनारे के किसानों की फसलों वन्यजीव भारी पैमाने पर नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिला प्रभारी दिनेश कुमार ने कहा कि रेल विभाग द्वारा


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते किसान यूनियन के कार्यकर्ता

बनाये गए समस्त अंडरपासों में कई-कई फुट पानी हमेशा भरा रहता है।जिससे किसानों के कृषि यंत्र खराब हो रहे हैं व आम पब्लिक के वाहनों को भी भारी नुकसान हो रहा है।रेलवे विभाग तत्काल समस्त अंडरपासों के जलभराव की समस्या को खत्म कराये अन्यथा भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक रेल विभाग के खिलाफ आदोलन करेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन व रेलवे विभाग की होगी।जिलाधिकरी पीलीभीत को सम्बोधित सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को कलेक्ट्रेट परिसर में सौंपा। पंचायत में जिला उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार यादव, मरौरी ब्लाक अध्यक्ष बलराम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष चन्दरसेन ,सर्वेश कुमार, बालकराम, तरसेम सिंह, निर्मल सिंह, पूरनलाल ज्वाला प्रसाद ,लछमन प्रसाद, शमीम अली नन्कू यादव, विशेषवर सिंह, किशन स्वरूप, सोना देवी हसीना बेगम आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# दीक्षांत समारोह में वन दरोगा सम्मानित


दीक्षांत समारोह के सम्मानित वन दरोगा*

**पीलीभीत।** मंगलवार को वन एवं वन्यजीव प्रभाग के वन दरोगा सिद्धार्थ मिश्रा को कानपुर स्थित वानिकी प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित दीक्षांत समारोह में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये प्रतिप्ठित 'रामेश्वर सहाय गोल्ड मेडलर₹ से सम्मानित किये जाने

पर पीपी0 सिंह, वन संरक्षक/ फील्ड डायरेक्टर, टाइगर रिजर्व वृत्त, द्वारा वन संरक्षक, कार्यालय में पुरस्कृत किया गया। सिद्धार्थ मिश्रा द्वारा गोल्ड मेडल प्राप्त करने के साथ-साथ लखनऊ में आयोजित गणतन्त्र दिवस परेड में भी शानदार प्रदर्शन किया गया तथा प्रशिक्षण के दौरान अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधि एवं खेलकूद में भी सराहनीय प्रदर्शन किया गया, जिसके लिए वन विभाग के अधिकारी द्वारा उनके किये गये उत्कृष्ट कार्य

की सराहना करते हुये कहा गया कि श्री वन दरोगा की सफलता ने जनपद के पूरे वन प्रभाग का नाम रोशन किया है।

# वार्षिक परीक्षा में छात्रों की शत प्रतिशत उपस्थिति पर हुई चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** संकुल स्तरीय शिक्षक मासिक संगोष्ठी संकुल रघुनाथपुर, भगवंतापुर, पिपरियादुलई और माधोटांडा के विद्यालयों में आयोजित हुई। संगोष्ठी में वार्षिक परीक्षा में छात्रों की शतप्रतिशत उपस्थिति कराने व नए शिक्षासत्र में स्कूल चलो अभियान एवं नामांकन वृद्धि की रणनीति बनाकर अभिभावकों से सम्पर्क कर स्कूलों में छात्रों के अधिक से अधिक नामांकन कराने पर विशेष बल दिया गया। संकुल रघुनाथपुर के प्राथमिक विद्यालय मुझाकलां में नोडल संकुल शिक्षक ऋषि सक्सेना की अध्यक्षता में संकुल स्तरीय शिक्षक सामूहिक संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी में विद्यालय के शिक्षकों ने आए हुए सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। शिक्षक संगोष्ठी में परिषदीय स्कूलों में चल



गोष्ठी में चर्चा करते अध्यापक

रही वार्षिक परीक्षा में छात्रों की शतप्रतिशत उपस्थिति कराते हुए परीक्षा कराने पर विशेष सतर्कता बरतने व नए शिक्षासत्र में स्कूल चलो अभियान एवं नामांकन वृद्धि की रणनीति बनाकर अभिभावकों से सम्पर्क कर विद्यालयों में छात्रों के अधिक से अधिक नामांकन कराने पर विशेष बल दिया गया।

इसके अलावा नए शिक्षासत्र में विद्यालयों में रिमीडियल शिक्षण व शिक्षण योजना, मेगा पीटीएम अभिभावक सहभागिता योजना बनाने, बच्चों के रिपोर्ट कार्ड वितरण उत्सव की तैयारी करने, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, स्टेम किट्स अनुभव साझा करने, विभागीय प्राथमिकता पर बल देने, समेकन व धन्यवाद आदि का प्रस्तुतीकरण किया गया। संगोष्ठी में शिक्षकों ने अपने स्व निर्मित टीएलएम का प्रदर्शन कर बच्चों को पढ़ाने के तौर तरीके बताए। जिसमें उनके कार्यों की सभी ने सराहना की। संगोष्ठी में नोडल संकुल शिक्षक ऋषि सक्सेना, ब्रजेश शुक्ला, राधाकृष्ण कुशवाहा, शहवाज खां, राहुल जायसवाल, शेखर दीक्षित, वजाहत मियां, मो. नूर, विकास आर्य, रोहित मिश्रा, सुमनलता, श्रद्धा वर्मा, विजय कुमार सोनी, महिपाल सिंह, अतुल विश्वकर्मा, पुनीत वर्मा, राकेश यादव, मो. मियां, मो. रिजवान आदि मौजूद रहे।

# शुभ संकेत:इस बार पालकी होगी मां दुर्गा की सवारी

**बिलसंडा।** हिंदू धर्म में नवरात्र के समय को बहुत ही विशेष माना जाता है।इन नौ दिनों में साधक माता रानी के नौ स्वरूपों की आराधना करते हैं,और व्रत रखते हैं। मान्यताओं के अनुसार नवरात्र के समय में पूरे विधि-विधान के साथ देवी की पूजा करने से साधक को शुभ फलों की प्राप्ति होती है।इस बार चैत्र नवरात्र की शुरूआत 19 मार्च से हो रही है।इसके लिए नगर के देविस्थान मंदिर,संतोषी माता मंदिर सहित आदि शक्ति मां भवानी के आस पास के सभी मंदिरों में भी



रंगाई पुताई के अलावा उनकी बंदनवार एवं सुंदर झालरों से सजावट को अंतिम रूप दिया जा रहा है।मां दुर्गा का वाहन इस बार पालकी होगा।मान्यताओं के अनुसार,जब मां दुर्गा पालकी पर सवार होकर आती हैं,तो इसे शुभ संकेत माना जाता है।चैत्र नवरात्रि के नौ दिनों में मां जगदंबे के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है।नगर व क्षेत्रभर में इस पर्व को बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाता है।नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है और इसके साथ ही घट-स्थापना भी की जाती है।इस दौरान अखंड ज्योति जलाने का भी विशेष महत्व बताया गया है।

## बिलसंडा में 30 मार्च को होगा महामाई का जगराता

**बिलसंडा।** धर्म कर्म में हमेशा अग्रणी रहने वाले कस्बा बिलसंडा में इस बार भी दुर्गा महोत्सव कार्यक्रम नगर के देवी स्थान मंदिर पर बृहस्पतिवार से प्रारंभ हो जाएगा,जो आगामी 31 मार्च को विशाल कन्या भोज एवं भंडारे के साथ संपन्न होगा।जिसको लेकर नवरात्र से पहले मां दुर्गा आरती मंडल के पदाधिकारियों ने मंदिर परिसर में एक बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई।यहां प्रति दिन सुबह-शाम घण्टा घड़ियाल बजाकर माता की आरती सबका मन मोहेगी।